


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 13 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 204, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


संसेक्स 72,664.47 ▲ +260.30
डॉलर 83.553 ▼ +0.101

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 72,880
चांदी (1 किलो) 84,970

## एक नजर

### चौथे चरण का मतदान आज 96 सीटों का होगा फैसला

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा के चुनावों के लिए भी मतदान कराए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में वोटिंग सामग्री और मतदान कराने वाली टीमों को हवाई मार्ग से भेजा गया है। मतदान सोमवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। तेलंगाना में 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विधानसभा सीटों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय शाम 7 बजे तक बढ़ाया गया है।

चुनाव आयोग के अनुसार, 10 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17.7 करोड़ मतदाता हैं। ये 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डालकर 1717 उम्मीदवारों के के भाग्य का निर्णय कर सकेंगे। इनमें 8.97 करोड़ पुरुष और 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान कराया जा रहा है। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की 8-8, बिहार की 5, ओडिशा और झारखंड की 4-4 और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर 1 सीट पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के 5 बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, 2 क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी।

## आज के मैच

गुजरात टाइटंस VS कोलकाता नाइट राइडर्स

**समय : 13 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : गुजरात**




### 7 बजे सुबह से शाम 5 बजे तक होगा मतदान, 64 लाख से अधिक मतदाता

# चार सीटों पर 45 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज, कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

**पलामू** में 22 लाख 43 हजार 034 मतदाता 2427 बूथ, 72 बूथ सिर्फ महिला चुनावकर्मी संभालेंगी, महिला वोटर- 10 लाख 80 हजार 134, पुरुष वोटर 11 लाख 62 हजार 899 व थर्ड जेंडर-01।

**खूंटी** में 13 लाख 09 हजार 677 मतदाता, 1705 बूथ, 210 बूथ सिर्फ महिला चुनावकर्मी संभालेंगी, महिला मतदाता 6 लाख 66 हजार 584, पुरुष वोटर- 6 लाख 43 हजार 087 व थर्ड जेंडर 0।

**लोहरदगा** में 15 लाख 23 हजार 299 मतदाता, 1748 बूथ, 115 बूथ सिर्फ महिला चुनावकर्मी संभालेंगी, महिला वोटर -7 लाख 62 हजार 283 पुरुष-7 लाख 55 हजार 010 व थर्ड जेंडर 04।

**सिंहभूम** में 14 लाख 47 हजार 562 मतदाता, 1715 बूथ, 122 बूथ सिर्फ महिला चुनावकर्मी संभालेंगी, महिला वोटर-5 लाख 35 हजार 923, पुरुष वोटर 7 लाख 11 हजार 606 व थर्ड जेंडर 33।

**पलामू संसदीय सीट के लिए जिला कंट्रोल रूम का नंबर : 06562-359767 और 06562-222295 है।**

- **519 पोलिंग बूथ महिलाओं के जिम्मे, 14 में दिव्यांग कराएंगे वोटिंग**
- **7,595 कुल बूथ बनाए गए हैं, 639 शहरी क्षेत्र में व 6956 क्षेत्र में हैं**
- **519 बूथ महिला, 14 दिव्यांग व 7 बूथ की जिम्मेदारी युवा चुनावकर्मियों पर**
- **30,380 कर्मी मतदान कार्य में लगाये गये हैं, 126 बूथें पर हुई हेलीड्रापिंग**

उपेंद्र गुप्ता

**रांची।** देश के चौथे और राज्य के पहले चरण के तहत सोमवार को लोहरदगा, पलामू, सिंहभूम और खूंटी सीटों पर मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इसके पहले सुबह 5:30 बजे पोल का मॉक ड्रिल होगा। सुबह 9:30 बजे से निर्धारित ऐप पर वोट प्रतिशत आने लगेंगे। चारों संसदीय क्षेत्रों में कुल 7,595 बूथ हैं। 639 शहरी क्षेत्र में जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 6956 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी बूथ आदर्श बूथ होंगे इनमें 23 बूथ यूनिक हैं। इन बूथों को संबंधित जिले ने वहां की खासियत के अनुसार डेवलप किया है। चुनाव आयोग के अनुसार 519 पोलिंग बूथ की जिम्मेदारी महिला निर्वाचन कर्मियों को दी गई है। इसके साथ 14 ऐसे मतदान केंद्र बनाए हैं, जहां दिव्यांग निर्वाचनकर्मी शेष पृष्ठ 11 पर

## बूढ़ा पहाड़ के आठ बूथों के लिए हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी रवाना



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र में आठ ऐसे बूथ हैं जहां मतदानकर्मियों को हेलिकॉप्टर से गंतव्य तक पहुंचाया गया। बूढ़ा पहाड़ इलाके के आठ मतदान केंद्र के लिए पोलिंग पार्टी को वायु सेना के विशेष हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। सभी मतदान दल गढ़वा जिले में लैंड करेंगे और 13 मई की सुबह 7 बजे से मतदान कराएंगे। सभी मतदानकर्मियों को मेदिनीनगर के शेष पृष्ठ 11 पर

## दिव्यांग मतदानकर्मियों में दिखा उत्साह हरिहरगंज के कटैया बूथ पर करायेंगे मतदान



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव कराने के लिए दिव्यांग मतदानकर्मियों को भी लगाया गया है। सभी पूरे उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। पलामू जिले के हरिहरगंज के कटैया बूथ के लिए रवाना हुए सभी चारों कर्मी दिव्यांग थे। दो कर्मी लाठी के सहारे थे। लेकिन जोश बरकरार था। मतदानकर्मियों में एनएच के खलासी सुरेन्द्र सिंह, पारा शिक्षक गणेश सिंह, रिंकू कुमार एवं अरूण कुमार थे। सुरेन्द्र अबतक कई चुनाव करा चुके हैं। रिटायरमेंट में उनकी एक वर्ष बाकी है। पीठ दर्द से परेशान थे। सुनाई भी कम दे रहा था। लाठी के सहारे मतदान कराने शेष पृष्ठ 11 पर

## पोलिंग पार्टी व सुरक्षा बलों की मॉनिटरिंग जीपीएस से

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि पोलिंग पार्टी और सुरक्षा बलों की रवानगी की जीपीएस और ऐप के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। कई मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग के माध्यम से चुनाव कर्मियों को भेजा गया है। इनमें सबसे अधिक सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 126 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग की गयी है जबकि लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 27 और पलामू के आठ मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को पहुंचाया गया है। वह रविवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रही थीं। नेहा ने बताया कि कुल 30,380 मतदानकर्मी मतदान कार्य में लगाये गये हैं। चौथे चरण के चुनाव में कुल 45 उम्मीदवार हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

### 45 प्रत्याशी और 64 लाख से अधिक मतदाता

इन सभी चार सीटों पर कुल 45 प्रत्याशियों चुनाव मैदान में हैं,जिनके भाग्य का फैसला सोमवार को मतदाता करेंगे। चारों सीट पर कुल 64 लाख 58 हजार 036 मतदाता हैं। जिसमें 32 लाख 38 हजार 955 पुरुष और 32 लाख 19 हजार 037 महिला मतदाता व 42 थर्ड जेंडर हैं। राज्य के जिन चार सीटों पर वोटिंग होगी। सभी मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र होंगे। सभी बूथों पर सुरक्षा के शेष पृष्ठ 11 पर

# मतदान कर बदलें देश की तस्वीर

### राष्ट्रीय नवीन मेल की अपील

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र के महापर्व में आम जन की सहभागिता आवश्यक है। पलामू भय, भूख और पिछड़ेपन के लिए जाना जाता रहा है। लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में यह मिथक टूट रहे हैं। इसके मूल में यहा सारतत्व छिपा है कि आज का पलामू बदल रहा है। यहां के लोग शिक्षित व जागरूक नागरिक की भूमिका में राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने में सफल हो रहे हैं। ऐसे में यह चुनाव पलामू के लिए काफी महत्वपूर्ण है। जिले के लोग भी इस बातों को भली भांति जानते हैं कि क्षेत्र का विकास ठीक से होगा, तभी यहां के लोगों का जीवन स्तर ऊपर आयेगा। विकास का मानक तभी बदलेगा जब हमारा जन प्रतिनिधि हमारी आवाज को तवज्जो देगा। ऐसे में आम नागरिकों का यह कर्त्तव्य है कि हमें सोच समझकर अपने स्व विवेक से लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपने क्षेत्र का नेता का चुनाव करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी निर्भीक होकर मतदान करें। पांच साल में यह मौका आता है। ऐसे में इस अवसर का सही सदुपयोग करना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी बनती है। इससे मतदान का प्रतिशत भी बढ़ेगा और यहां के लोग अपने मन पंसद जनप्रतिनिधि को भी चुन सकेंगे।

## पहले चरण के लोस चुनाव में पोस्ट ग्रेजुएट से साक्षर तक हैं उम्मीदवार

### लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 45 उम्मीदवार मैदान में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 45 उम्मीदवार मैदान में हैं। इन उम्मीदवारों में से सिर्फ तीन उम्मीदवार पोस्ट ग्रेजुएट हैं। इनमें अपर्णा देव भगत, आशा कुमारी रूंडा और सुखदेव भगत शामिल हैं। वहीं एक उम्मीदवार महेंद्र बैठा सिर्फ साक्षर हैं।

जबकि 16 उम्मीदवार ग्रेजुएट हैं। इनमें अर्जुन मुंडा, अर्पणा हंस, बबिता कच्छप, बसंत लोंगा, बिहारी भगत, ब्रजेश तुरी, चमरा लिंडा, गीता कोड़ा, महादेव चंद्र कुंकल, ममता भुईयां, मारयुनिस तिग्गा, पनमानी सिंह, परदेशी लाल मुंडा, रंजीत भगत, वीडी राम और वृंदा राम शामिल हैं।

छह उम्मीदवार सिर्फ आठवीं पास हैं। इनमें वीर सिंह देवगम, कामेश्वर बैठा, पास्टर संजय कुमार तिर्की, राम वचन राम, सानिया उरांव और स्टीफन किंडो का नाम शामिल हैं।

सात उम्मीदवार सिर्फ दसवीं पास हैं। इनमें गिरिजानंदन उरांव, जोबा मांझी, मणि मुंडा, पवन तिग्गा, रामचंद्र भगत, सानन राम और संग्राम मार्डी के नाम शामिल हैं। वहीं 12वीं पास उम्मीदवारों में अर्जुन टोप्पो, विश्वा विजय मार्डी, चित्रसेन सिंकू शामिल हैं।

## चुनाव आयोग के स्तर से होगी सभी मतदान केंद्रों की मॉनिटरिंग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के चौथे चरण में आयोजित सिंहभूम, खूंटी, पलामू एवं लोहरदगा के सभी मतदान केंद्रों पर अंदर एवं बाहर की ओर दो 4डी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। इन सभी कैमरों की वेबकास्टिंग जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्तर, मुख्यालय स्तर एवं भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर की जा रही है। रवि कुमार ने बताया कि झारखण्ड में होने वाले 13 मई के मतदान में लगभग 15 हजार 4डी कैमरे से वेबकास्टिंग कराई जा रही है। इन सभी कैमरों को मतदान केंद्रों पर लगाकर इनके फीड चेक कर लिए गए हैं। इन कैमरों से मतदान के अंदर एवं बाहर हो रही गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। किसी प्रकार की शिकायत पर इसका फीड चेक करने के लिए व्यवस्थित भी किया जा रहा है।

### आदिवासी आरक्षित सीटों पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

सोमवार को होने वाले चार लोकसभा सीटों में से एसटी रिजर्व तीन सीटों पर महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों से अधिक है। सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है इनपर महिलाओं मतदाताओं की संख्या अधिक है। केवल पलामू अनुसूचित जाति लोकसभा में महिलाओं की संख्या पुरूषों से कम है।

## झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन, 14 मई को बुलाया



**रांची।** ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री और झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को समन किया है। उन्हें 14 मई को रांची में एयरपोर्ट रोड स्थित जोनल कार्यालय में हाजिर होने को कहा गया है। ईडी ने उन्हें उनके पीएस संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के आवासों से करोड़ों की कैश बरामदगी के मामले में नोटिस जारी किया है। 6 और 7 मई को रांची में एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी में ईडी ने 37.37 करोड़ रुपये बरामद किए थे। इसमें से जहांगीर शेष पृष्ठ 11 पर

## सिंहभूम सहित कई जिलों में आज आंधी-बारिश व वज्रपात के आसार

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार को आसमान में बादल छोय रहे। बदलते मौसम की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद जिले में देखने को मिलेगा। 14 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की उम्मीद है। इसका असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह जिले में देखने को मिलेगा। 14 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इसका असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह जिले में देखने को मिलेगा। राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें धीरे-धीरे तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# विस्फोट में तीन बच्चों सहित चार की मौत, चार गंभीर

### मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा गांव में कबाड़ी काटने के दौरान हुई घटना

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला में मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में कबाड़ी काटने के दौरान विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भयानक था कि इस विस्फोट में तीन बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि घटना में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायल बच्चों को इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं, इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई है। पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कबाड़ी में विस्फोट की घटना हुई है, जानकारी लेने के लिए पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। सूत्रों के अनुसार मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में छोटू खान नामक व्यक्ति कबाड़ी का कारोबार करता है। रविवार को कबाड़ी समेटकर अपनी दुकान में एक स्क्रैप को काट रहा था, इसी क्रम में विस्फोट की घटना हुई है। फॉरेंसिक टीम की जांच से पता चल पाएगा कि विस्फोट की वजह क्या है। इस धमाके में छोटू खान समेत तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि मौके पर चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक सभी बच्चे छोटू खान के ही परिवार के सदस्य बताये जाते हैं। घायल बच्चों को स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया बाद में एंबुलेंस से इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पीटल भेजा गया है। घटना स्थल मनातू थाना से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर है। इस संबंध में थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि घायलों का इलाज एमएमसीएच में पुलिस की देख-रेख में किया जा रहा है। जबकि गंभीर रूप से घायल माजिद आलम को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मृतकों में सहादत आलम शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए कड़े कानून की हो अनिवार्यता



सुनील बादल

**भारत** में सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोग मारे जाते हैं जिसमें बड़ी संख्या वैसे निरपराध लोगों की होती है जिन्हें मार कर लोग भाग जाते हैं और उन्हें सहायता या मुआवजा तक नहीं मिलता पर क्या इसमें कमी लाने के लिए कुछ ज्यादा ही कड़ा कानून बनाया गया या कृषि कानून की तरह राजनीति हो रही है?

भारत में किसी भी सड़क दुर्घटना के लिए ड्राइवर को दोषी मानकर पीटने और घायल के इलाज के बजाय गाड़ियों में आग लगाने की घटनाएं आम हैं तो दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं से कितने घर उजड़ जाते हैं या अपंगता का दंश झेलते हैं जबकि दोषी बड़े लोग बच निकलते है। इधर केंद्र सरकार ने अंग्रेजी राज के कानून भारतीय दंड संहिता में बड़ा बदलाव करते हुए भारतीय न्याय संहिता की मंजूरी दी है जो कुछ ही दिनों में पूरे देश में लागू हो जाएगी। भारतीय संहिता को नाम के अनुरूप भारतीय संदर्भो और आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की बात कही गई है। इसमें 'हिट एंड रन' से जुड़े मामले में सजा और जुर्माने के नए प्रावधानों को लेकर देशभर में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। चुनाव आने वाले हैं और कृषि कानून की तरह इसे भी सुलगाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस हड़ताल से पेट्रोल पंप पर फ्यूल की कमी से लेकर सब्जियों और फलों के दाम तक बढ़ने की आशंका है। नए कानून में हिट एंड रन के केस में गलत ड्राइविंग या लापरवाही के चलते किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और ड्राइवर बिना पुलिस को सूचना दिए मौके से फरार हो जाता है, तो उसे 10 साल तक की सजा के अलावा 7 लाख रुपये तक का जुमार्ना भी लग सकता है।




हिट एंड रन का मतलब है तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और फिर भाग जाना। ऐसे में सबूतों और प्रत्यक्षदर्शियों के अभाव के कारण दोषियों को पकड़ना और सजा देना बहुत मुश्किल हो जाता है। जिस नियम को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है वह आईपीसी की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 104 में हिट एन्ड रन का जिक्र किया गया है। धारा 104(2) उल्लेख करती है, 'जो कोई भी लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है और घटना के तुरंत बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना दिए बिना भाग जाता है, उसे किसी भी अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा। जिसे दस साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुमार्ना भी देना होगा।' अभी हिट एंड रन के मामलों में सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि अपराध स्थल पर अपराधी के खिलाफ किसी भी प्रत्यक्ष सबूत का अभाव होता है। इस वजह से पुलिस अधिकारियों के लिए जांच को आगे बढ़ाना और अपराधी को ढूंढना बेहद मुश्किल हो जाता है। इनमें से ज्यादातर अपराधी भाग जाते हैं और शायद ही कभी पकड़े जाते हों।जिन गवाहों पर जांच निर्भर करती है वे भी मदद करने से कतराते हैं क्योंकि वो लंबी चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया में फंसना नहीं चाहते हैं। सड़क आईपरिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में सड़क दुर्घटनाओं में हिट-एंड-रन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। 2020 में कुल 52,448 हिट एन्ड रन के मामले सामने आए जिसमें 23,159 लोगों की जान चली गई। वहीं, 2021 में यह आंकड़ा बढ़ा और इस साल ऐसी 57,415 घटनाएं हुईं जिनमें 25,938 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। दुर्घटना मामलों के विशेषज्ञ एडवोकेट अरविंद लाल का कहना है कोई पकड़ा गया तो हिट एंड रन नहीं और दुर्घटना के कुल 32 कारण होते हैं जिसमें खराब सड़क,सिग्नल का न होना,नकली पुर्जों में खराबी,बिना टेस्ट के लाइसेन्स और सड़क पर जाने अनजाने करतब दिखने वाले या लापरवाही से चलने वाले शामिल हैं पर सिर्फ ड्राइवर को दोषी मानना और तीन महीने तक जमानत न देना काला कानून ही है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि दुर्घटना का कारण स्पष्ट किया जाए जिसका पालन जांचकर्ता पुलिस की अज्ञानता से नहीं हो पाता ।इनका मानना है कि इससे दरोगा राज बढ़ेगा और रिश्वत की रकम बढ़ जाएगी। पुलिस अभी तक आईपीसी की धाराओं से चार्जशीट फाइल करती रही है जबकि मोटर वाहन अधिनियम में प्रावधान हैं जिस तकनीकी कारण से कई बार आरोपी बरी हो जाते हैं। दुर्घटनाओं पर रोक के लिए सरकारी गाड़ियों सहित सभी के लाइसेन्स,इन्शोरेंस और परमिट की जांच होनी चाहिए जो नकली भी होते हैं। विरोध के कारण कानून के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। कानून लागू होने के बाद ही इसका स्वरूप परिभाषित किया जा सकेगा।

## मल्लिकार्जुन खरगे आज झारखंड में दो जनसभाओं को करेंगे संबोधित



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार सुबह 9:30 बजे झारखंड पहुंचेंगे। वे यहां दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पहली जनसभा हजारीबाग के बरही में 10 बजे कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में होगी जबकि दूसरी जनसभा चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में लातेहार के कुंदरी मैदान में 12 बजे होगी। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

## एक नजर

### गोवंशीय पशु के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**पांकी।** पांकी थाना पुलिस ने गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर रहे 02 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पांकी थाना प्रभारी उतम तिवारी ने बताया कि सूचना पर पशु तस्करों के विरुद्ध छापामारी दल का गठन कर ग्राम करार के रास्ते बालूमाथ ले जाये जा रहे 10 गौवंशीय पशुओं को जब्त कर तस्करी में शामिल पांकी थाना क्षेत्र के नुरू टोला खाड़ पर निवासी मुस्लिम मियां व साबीर मियां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पांकी थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के विरुद्ध पांकी पुलिस सक्रिय है। बीते एक माह के भीतर पांकी थाना की पुलिस ने अब तक सैंकड़ों गौवंशीय पशुओं को तस्करों से मुक्त कराने में सफलता हासिल की है।

### पांकी के हुरलौंग से नर कंकाल बरामद



**पांकी।** थाना पुलिस ने रविवार को हुरलौंग गांव के समीप पुरनी बैठाणी पहाड़ी से एक अज्ञात नर कंकाल बरामद किया है। पांकी थाना प्रभारी उतम तिवारी के अनुसार नर कंकाल को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया है। ताकि विधिवत सील कर अग्रिम कार्रवाई के लिए रिम्स रांची भेजा जा सके। अज्ञात नर कंकाल के विषय में जानकारी इकट्ठी की जा रही है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा उक्त बॉडी के संबंध में दावा नहीं किए जाने की स्थिति में शव का अंतिम संस्कार प्रशासन के माध्यम से 72 घंटे में कर दिया जायेगा।

### पानी के लिए तरस रहे हैं सगालीम के ग्रामीण, नहीं मिल रहा है जलापूर्ति योजना का लाभ

# ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी, ठेकेदार के प्रति लोगों में आक्रोश

संजीव कुमार प्रजापति

**सगालीम।** विभागीय पदाधिकारी के लापरवाही के कारण ग्रामीण जलापूर्ति योजना का लाभ इस भीषण गर्मी में भी नहीं ले पा रहे हैं लोग। जिसके कारण पानी के लिए ग्रामीणों में त्राहिमाम मचा हुआ है। बता दें की पांकी प्रखंड के सगालीम पंचायत के लोगों को नहीं मिल पा रहा है जल आपूर्ति का लाभ। लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। सगालीम पंचायत के बस स्टैंड सगालीम, हरिजन दलित टोला, बढ़ई टोला, ठाकुर टोला , परसिया पीरी मोड़ सहित कई जगहों पर पानी की समस्या विकराल रूप ले लिया है। प्यास बुझाने के लिए लोगों को काफी दूर नदी नाला में जाकर पानी लाना पड़ रहा है। सगालीम कलोली नदी के किनारे कुंआ से पानी लाने के लिए सुबह 4 बजे से ही लोगों का भीड़ इकट्ठा हो जाता है। कुंआ से पानी भरने के लिए लोग कतार में खड़ा होकर अपना नंबर का इंतजार करते हैं। नंबर आने के बाद लोग कुआं से पानी निकालते हैं और काफी दूरी तय कर घर पहुंचते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य सरकार का है, लेकिन ठेकेदार और विभागीय पदाधिकारी के लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत लोगों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सबसे बड़ी बात है कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में संविदा के द्वारा बोरिंग किया गया है मगर उसमें जलमीनार नहीं लगाया गया। जिसके कारण लोगों का पानी नहीं मिल पा रहा है। कई जगहों पर 1 साल से बोरिंग कर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने ठेकेदार और स्थानीय जनप्रतिनिधि को कई बार जलमीनार लगाने के लिए कहा, लेकिन संवेदक द्वारा ग्रामीणों की बातों को असुना कर दिया जा रहा है। कई जगहों पर बोरिंग में पानी नहीं है, इसके बावजूद बिना पानी की बोरिंग वाले जगह पर जलमीनार सेट कर खानापूर्ति करने की कोशिश की जा रही है। बता दे की सगालीम पंचायत के अधिकतर टोला ड्राइ जोन हैं। 1000 से 1500 फीट बोर करने के बावजूद पानी नहीं निकलता है। सगालीम बस स्टैंड का स्थिति ऐसा हो गया है कि किसी राहगीर का प्यास भी लग जाए तो उन्हें पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ सकता है। दुकान से पानी खरीद कर पीना पड़ता है। गौरतलब हो कि गर्मी आते ही पांकी प्रखंड के सभी छोटी बड़ी नदियां सूख गई है। नदी नाला सूखने के साथ ही पांकी प्रखंड में जल संकट शुरू हो गया है। पानी के लिए पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा पानी संकट से निजात दिलाने के लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। लोग काफी दूरी तय कर नदी का दूषित पानी पीने को विवश हैं। सगालीम के लोगों ने जिला प्रशासन से अविलंब पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है। ऐसा नहीं करने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दिया है।



### पंचायत में पानी की समस्या बरकरार : मुखिया

सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील प्रजापति ने बताया कि पूरे पंचायत क्षेत्र ड्राइ जॉन हैं। यहां पानी की समस्या गंभीर समस्या बना हुआ है। जिला प्रशासन से लगातार पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की जा रही है मगर जिला प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। यही कारण है कि आज भी पंचायत पानी की समस्या से जूझ रहा है। ग्रामीणों की मांग जायज है। जल जीवन मिशन के तहत कार्य कर रहे संवेदक द्वारा मनमानी की जा रही है। यहां के लोग काफी दूर जाकर नदी नाला से दूषित पानी लाकर प्यास बुझाते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए नदी किनारे जेसीबी के सहारे से एक कुआं खोदकर लोगों को पानी देने की कोशिश की गई है।

## बूथ पर पहुंचे मतदानकर्मी माहौल शांतिपूर्ण



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** पलामू लोकसभा चुनाव मतदान की तैयारी पूर्ण रूप से पूरी कर ली गई है। सोमवार 13 मई को मतदान सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मतदान कराई जाएगी। पाटन प्रखंड में विभिन्न जगहों पर सेक्टर पदाधिकारी आलोक कुमार पांडे के नेतृत्व में सुरक्षित वाहनों के द्वारा मतदान कर्मी को अपने क्लस्टर बूथ पर पंहुचा दी गई। शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े व्यवस्था बूथों पर की गई है। इस भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी सेविका को हर पंचायत के बूथों पर पानी, स्वास्थ्य के लिए सहिया की समुचित व्यवस्था कराने की निर्देश निर्वाचित पदाधिकारी द्वारा दी गई है।

## एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता


**पांकी।** पांकी प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स समेत छात्र-छात्रों द्वारा रविवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम की अध्यक्षता एवं कार्क्रम पदाधिकरी पुरुषोत्तम सिंह के नेतृत्व में गोद लिये गये गांव डंडार कला के कुम्हार टोला, मधवा डाबर लाली माटी एवं सेहरा टोला में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर डोर टू डोर मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नारे लगाते हुए पहले मतदान फिर जलपान, मतदान है जरूरी, सबसे बड़ा त्योहार लोकतंत्र का त्योहार के जोरदार नारे लगाए।



जारूकता कार्यक्रम में सर्वेश्वर प्रसाद, पंकज कुमार राजीव रंजन, रामविलास सिंह, सुरेंद्र सहित सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी के साथ एनएसएस के संदीप, प्रवीण, नीरज, आयुष, प्रीतम, सोनी भारती, चांदनी, सुमन, आंचल एवं एनसीसी के राजलक्ष्मी, सूरज शिवानी सहित सैकड़ो छात्र छात्रायें सम्मिलित हुए।

## आठ घंटा से बिजली नहीं रहने से उपभोक्ता परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** रविवार की सुबह से हुसैनाबाद शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति आठ घंटों से पूरी तरह से बंद है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि हुसैनाबाद शहर के दातानगर के समीप 33 हजार केवीए के रेलवे अंडर पास से गुजरी केबुल तार में सुबह से अचानक टेक्निकल फॉल्ट होने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट हो गई। बिजली नहीं रहने से गर्मी व उस से लोगों को काफी परेशानी हो गई है। बताया जाता हैं कि इसकी सूचना मिलते ही विभाग के महाप्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एक टेक्निकल टीम हुसैनाबाद भेजा है। टेक्निकल टीम और जपला विद्युत विभाग की टीम इसे ठीक करने में लगी हुई है। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा इसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। देर शाम तक बिजली आने की संभावना व्यक्त की है। बताया जाता है कि इसके पूर्व दिसंबर माह में भी 20 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। कनीय अभियंता ने बताया कि रविवार की शाम तक बिजली बहाल कर दी जाएगी।

## वाहन की कमी के कारण मतदानकर्मियों ने बवाल काटा



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** प्रखंड कार्यालय में रविवार को मतदान कर्मियों ने वहां वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण जमकर बवाल किया। रविवार की सुबह लोकसभा मतदान हेतु मतदान कर्मियों को मेदिनीनगर स्थित जीएलए कॉलेज जाना था। सुबह 4 बजे से प्रखंड कार्यालय मौके पर एक मतदान कर्मी ने बताया कि सुबह 4 बजे से मेदिनीनगर जाने के लिए वहां के इंतजार में सभी लोग बैठे हैं। आवश्यकता से कम वाहन उपलब्ध होने के कारण जाने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 350 मतदान कर्मियों को मेदिनीनगर जाने के लिए सिर्फ दो बसों की व्यवस्था की गई है। इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मतदान कर्मी ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि इस व्यवस्था से समय पर पहुंचना बहुत ही मुश्किल हो जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू ने बताया कि जिला से अतिरिक्त वहां की मांग की गई थी, जो देर से आने के कारण कठिनाई हुई है।

## लोकतंत्र के जीवित रखने में मतदान अति आवश्यक : डॉ. दिलीप



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान डिग्री महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर एनएनएसएस वॉलिंटियर के द्वारा रंगोली एवं पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में एनएनएसएस एवं महाविद्यालय के कर्मियों के द्वारा मतदाताओं का मताधिकार का उपयोग करने के लिए शपथ दिलाई गई। आसन लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की गई। मौके पर महाविद्यालय का प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम लोकतंत्र के जीवित रखने में मतदान अति आवश्यक है। पांकी प्रखंड में 20 मई को मतदान होना है। इस दिन सभी मतदाताओं को अपने सभी काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है। साथ ही मतदान के लिए दूसरों को भी प्रेरित कर बूथों तक ले जाना है।

### पांकी प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के मतदाताओं ने वोट बहिष्कार करने का लिया निर्णय

# बूथ संख्या 323 के मतदाताओं का कहना है कि रोड नहीं तो वोट नहीं



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत केकरगढ़ के बूथ संख्या 323 के तीन गांव के गड़िहारा, हड्डुम, जसपुर के सैकड़ों तदाताओं ने रविवार को सड़क पर उतरकर सभी ग्रामीणों एक स्वर में हाथों में तख्ती लेकर एक साथ होकर वोट बहिष्कार का फैसला लिया। जिसमें ग्रामीणों ने प्रशासनिक पदाधिकारी व यहां के जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि इस बार वोट नहीं देने का फैसला किया है। लोगों ने एक स्वर में कहा 'रोड नहीं तो वोट नहीं ' मौके पर मौजूद ग्रामीण देववंश यादव ने कहा कि आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी सांसद आदर्श पंचायत होने के बावजूद यहां के गांव के लोगों को अपनी मूलभूत सुविधा भी नसीब नहीं हुआ है। यहां तक की किसी भी क्षेत्र के विकास का आईना सड़क होता है। जो कि वर्षों पूर्व बने सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है। यहां के सांसद और विधायक चुनाव के समय आश्वासन देते हैं कि जीतने के साथ ही इस क्षेत्र का सबसे पहले सड़क बनाया जाएगा। लेकिन सड़क तो दूर की बात है दोबारा इस गांव में आते भी नहीं हैं। सरकार भी बहुत तरह की कार्यक्रम चलाकर गांव को विकास से जोड़ने का प्रयास करती है। इस गांव में सड़क न होने से विकास से कोसों दूर है। वहीं मौजूद ग्रामीण नारायण यादव ने कहा कि सड़क नहीं होने से यहां के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में अगर लोग बीमार पड़ जाते हैं तो उन्हें डोली के सहारे प्रखंड के अस्पताल तक ले जाया जाता है। गर्मी के दिन में लोग किसी तरह गड्ढे वाले रोड में चल लेते हैं लेकिन सड़क ना होने से हमारे गांव का विकास अवरोध हो गया है। इस लिए आज हम लोग तीन गांव के लोग बूथ संख्या 323 के मतदाताओं ने सामूहिक निर्णय लिया कि जब तक रोड नहीं बनेगा तब तक इस गांव के लोग वोट नहीं करेंगे।

मौके पर रजंती देवी, सावित्री देवी, बासमती देवी, शांति देवी, मुनिया देवी, बनदेव उरांव, बीरेंदर प्रसाद यादव, राजमोहन परहिया, शरीफ अंसारी, देवन्स यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, रविंदर यादव, शिवनाथ उरांव, संदीप कुमार यादव, जमुना यादव, सुरेंदर यादव, राजकुमार यादव, चलितर भुंया, देवकी यादव, सुरेंदर भुंया, महेंद्र भुंया, सुरेश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### वोट करने की अपील की जाएगी : बीडीओ

इस संबंध में पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा से पूछने पर उन्होंने कहा ग्रामीणों का वोट बहिष्कार करने का सूचना मुझे मिली है। मैं खुद ग्रामीणों से वार्तालाप कर समस्या से संबंधित समाधान हेतु वोट बहिष्कार ना करते हुए वोट करने की अपील की जाएगी। ताकि चुनी हुई सरकार से समस्या दूर हो सके।




## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

आपका एक वोट देश की दशा और दिशा निर्धारित करता है, इसलिए एक एक वोट की कीमत समझें। खुद भी मतदान करें एवं औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**शर्मिला वर्मा, समाजसेवी, मेदिनीनगर।**

## पर्यावरणविद ने किया पौधरोपण

**मेदिनीनगर।** पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के पंचायत मुनकेरी के मनहु गांव निवासी दिवंगत निशांत के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उनकी आत्मा के शांति के लिए उनके परिजनों के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आज मैं आपको अपने मतदान केन्द्र पर आकर मतदान करने के लिए आमंत्रित करता हूं: डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन ने पलामू में लोकसभा आम चुनाव की पूर्व संध्या रविवार को मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि इस चुनाव में आपकी सहभागिता अति आवश्यक है। अन्यथा लोकतंत्र जिस जातको के आधार पर मजबूत होता है, वह अधूरा रह जायेगा। आप निष्पक्ष , शांतिपूर्ण और निर्भीक होकर निर्वाचन की गरिमा को बरकरार रखेते हुए मतदान करेंगे। लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता और समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए मैं आपको आज 13 मई को अपने मतदान केन्द्र पर आकर मतदान करने के लिए आमंत्रित करता हूं।

## मतदान कर्मियों की टोली किया गया पारंपरिक स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बूथ जागरूकता समूह की महिलाओं ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंची मतदान कर्मियों की टोली का पारंपरिक स्वागत किया। यह दृश्य पाटन प्रखंड के किशनपुर के एक मतदान केंद्र पर देखा गया जहां बूथ जागरूकता समूह की महिलाओं ने मतदान कर्मियों के स्वागत में उन पर पारंपरिक चावल के दाने छींटे। यह एक परंपरा है शुभ मुहूर्त और शुभ आगमन का। ठीक इसी तरह से चैनपुर प्रखंड के बटसारा गांव के एक मतदान केंद्र पर मतदान जागरूकता समूह की महिलाओं ने वहां पहुंचे मतदान कर्मियों की टोली का पारंपरिक स्वागत किया। इस बात की जानकारी कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने दी । उन्होंने बताया कि मतदान जागरूकता समूह जिसे अंग्रेजी में बैग कहा जाता है । उनके द्वारा मतदान कर्मियों का स्वागत एक शुभ संकेत है। कल यानी सोमवार को होने वाले लोकसभा के मतदान में लोगों का उत्साह जोश काफी रहेगा । उन्होंने किशनपुर और बटसारा के मतदान जागरूकता समूह की महिलाओं को साधुवाद दिया कि इन लोगों ने अपने मतदान केंद्र पर मतदान कर्मियों की टोली का रीति रिवाज से स्वागत किया जो बहुत ही सराहनीय है।



## एक नजर

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी ममता देवी उम्र 30 शनिवार की रात घरेलू विवाद में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। जिसमें इसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसी बीच इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। वहीं मौत के बाद से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।वही इस घटना के बाद से शहर थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### गर्मी से मिली राहत

**मेदिनीनगर।** शनिवार को कोयल नदी में अचानक पानी आ जाने के कारण शहरवासियों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं रविवार की शाम आकाश में बादल छाने से लोगों को इस कड़ी धूप और गर्मी से राहत मिली है। लोगों का यह भी मानना है कि यह मौसम सोमवार यानी 13 मई तक रहेगा। तो मतदान प्रतिशत में वृद्धि होने की पूरी संभावना है, क्योंकि मौसम का साथ भी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जायेगा। गर्मी का बहाना करके कई लोग मतदान करने नहीं जाते हैं। उनके लिए यह मौसम उनका साथ देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### जिले के 1257 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को किया गया रवाना

# निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी ऑल द बेस्ट : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



### इन दस्तावेजों के आधार पर दे सकतें हैं वोट

मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट .पासबुक (फोटो सहित बैंक/10.डाकघर द्वारा जारी),फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र,एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन को लेकर आज मतदान होना है, जिसे लेकर सारी तैयारियां रविवार को ही पूर्ण कर ली गयी है। शनिवार को 213 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया। इसी क्रम में आज रविवार को जिले के 1257 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। इसी क्रम में डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत दुर्गम बूथों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी जहां गर्मी के मद्देनजर मतदान कर्मियों के बीच वोआरएस का वितरण किया।

### किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 मई को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है,उसकी पूर्ति होना सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें और लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी-समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने में देश हित में आज 13 मई को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

#### मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक

अहले सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का खुद जिला निर्वाचन पदाधिकारी रंजन मॉनिटरिंग करते नजर आये। उनके साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी समेत जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन उपस्थित रहीं। इस दौरान वे डिस्पैच हेतु बनाये गये विभिन्न काउंटर का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये। डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी के भी मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक है, यह आप सभी सुनिश्चित करें।मॉक पोल के संबंध में जारी निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ एक व्हाट्स ग्रुप बनायें ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो।उन्होंने सभी से कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी,ऑल द बेस्ट। इधर, गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से डिस्पैच होने के पश्चात पाटन के किशुनपुर व पड़वा के बटसारा पहुंचे मतदानकर्मियों का बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



### सड़क दुर्घटना में एक गंभीर

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के बैदा कला गांव निवासी धीरेंद्र मेहता उम्र 40 वर्ष शनिवार को शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा घायल धीरेंद्र मेहता को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसके बाद किसी व्यक्ति के द्वारा इस घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर घायल को बेहतर इलाज के लिए शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। बताते चलें कि धीरेंद्र मेहता को सड़क दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगी है। जिसकी वजह से दुर्घटना के बाद से ही वह बेहोश पड़े हुए हैं। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि इनके इलाज में लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं। परिजनों ने अपने रिश्तेदार व आम जनों से आग्रह किया है कि इनके इलाज में सहयोग करें, ताकि इनका जन बच सके। परिजनों ने बताया कि घायल धीरेंद्र मेहता बहुत ही गरीब व्यक्ति है। डीजे साउंड का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है।

## वोटिंग परसेंट बढ़ाने के लिए अभाविप और स्वर्णकार समिति का 'रन फॉर भारत'



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और स्वर्णकार समिति पलामू ने रविवार को मेदिनीनगर में मतदान जागरूकता को लेकर रन फॉर भारत का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद और स्वर्णकार संघ के लोगों ने भाग लिया। दोनों के कार्यकर्ता रविवार की सुबह पुलिस लाइन से दौड़ते हुए कोयल नदी रिवर व्यू पहुंचे और इस कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर उपस्थित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वोटिंग परसेंट को बढ़ाना है। एक-एक वोट की कीमत को लोगों को बताना है। ताकि एक-एक युवा अपने घर से निकल कर अपना बहुमूल्य मतदान करें और देश को आगे बढ़ाने का काम करें। मौके पर उपस्थित स्वर्णकार संघ के सदस्यों ने कहा कि इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और मतदान अवश्य करें, इससे स्वस्थ एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सके। उन्होंने कालेज के विद्यार्थियों को भी निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर स्वतंत्रतापूर्वक बिना प्रलोभन के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। लोगो ने कहा कि लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मत देने का अधिकार है। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

## हरे कृष्ण यूथ की निकलेगी सात जुलाई को रथयात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को लेकर हरे कृष्णा यूथ की बैठक डालटनगंज पुलिस लाइन मेजर मोड़ स्थित हरे कृष्ण निवास में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची इस्कॉन के संस्थापक गोविंद प्रभु ने की। बैठक में रथ यात्रा के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू करने और वृहद रूप से सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रथम उप महापौर मंगल सिंह मौजूद थे। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी दी गई की आगामी सात जुलाई को हरे कृष्ण निवास से रथ यात्रा निकाली जाएगी। हरे कृष्ण निवास से रथ यात्रा की शुरूआत होकर गीता भवन, छहमुहान होते हुए बेलवाटीका चौक तथा वहां से स्टेशन एवं कचहरी होते हुए रेडमा, बेरिया, न्यू ओवर ब्रिज से ढलते हुए डॉक्टर अरुण शुक्ला रोड, साहित्य समाज चौक होते हुए पुनः हरे कृष्ण निवास में समाप्त होगी। रथ यात्रा के समापन के पश्चात सभी भक्तों के लिए हरे कृष्ण निवास में महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष मंगल सिंह ने बताया कि 2023 की रथ यात्रा में 30000 लोग शामिल हुए थे। इस बार की रथयात्रा में 50000 से ऊपर लोग शामिल होंगे। सभी भक्तों के लिए उचित प्रबंध किया जा रहा है।

### मां के बिना किसी भी बच्चे की दुनिया अधूरी है

**मातृ दिवस पर विशेष**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में रविवार को मातृ दिवस मनाया गया। बच्चों ने अपनी मां को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया। मातृ दिवस का नजारा पूरे जिले में देखने को मिला। हर किसी ने अपने ही अंदाज में मां के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया। इसके चलते बाजारों में उपहार, ज्वेलर्स, क्लॉथ हाउस इत्यादि की दुकानों पर भीड़ रही। वहीं शहर थाना के क्वार्टर में रहने वाली निधि कुमारी रविवार की सुबह काली मंदिर पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा करने के बाद घर पहुंच कर उसने अपने मां से आशीर्वाद लिया और केक काटकर अपनी मां को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। बताते चले कि दुनियाभर में प्रत्येक वर्ष मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे सेलिब्रेट किया जाता है। दुनिया की तमाम मांओं को यह स्पेशल डे समर्पित होता है। मां हर किसी के लिए सबसे खास, प्रिय होती है। मां के बिना किसी भी बच्चे की दुनिया अधूरी है। एक बच्चे के लिए उसकी पहली दोस्त मां ही होती है। मां के बिना जिंदगी जैसे अधूरी हो। मां का महत्व जिंदगी में कितना है, इस पर ढेरों कविताएं, शेरो शायरी, गजलें, पुस्तकें लिखी गई हैं। एक मां अपने बच्चे की देखभाल मरते दम तक करती है। कभी भी अपने बच्चे को उदास देखना नहीं चाहती। उसे जिंदगी की सारी खुशियां देने की हर संभव कोशिश करती है।

### डालटनगंज स्टेशन पर अफरा-तफरी की स्थिति

## सुरक्षाकर्मियों को ले जा रही ट्रेन निर्धारित समय से ज्यादा देर तक रूकी रही

### दुकानों में खरीदारी करने में व्यस्त हो गए थे जवान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीती रात डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भागम भागम की स्थिति रही। इसकी वजह थी सुरक्षा कर्मियों को लेकर पहुंची दो लंबी ट्रेनें। पहली ट्रेन शाम के 7 बजे पहुंची इस ट्रेन में 18 कोच थे और सभी कोच में सुरक्षा कर्मी और अधिकारी थे। यह ट्रेन को हटिया रेलवे स्टेशन जाना था, लेकिन डाल्टनगंज स्टेशन पर सुरक्षाकर्मियों को रात्रि भोजन और पानी देना था। एक रेलवे के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रेलवे के आईआरसीटीसी के लोगों ने सभी कोच में सभी बर्थ पर सुरक्षा कर्मी यात्रियों को उनका रात्रि भोजन और पानी उपलब्ध करा दिया था। इसके बावजूद ट्रेन से जा रहे सुरक्षाकर्मी प्लेटफार्म से बाहर निकलकर दुकानों में जाकर उन्होंने खरीदारी करनी शुरू कर दी। यह ट्रेन डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर लगी थी। रेल प्रशासन ने ट्रैन खुलने की सूचना कई बार अपने लाउडस्पीकर पर दी। दो बार ट्रेन खुली भी, लेकिन ट्रैन के अंदर यात्रा कर रहे सुरक्षा कर्मी यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दिया। चेन पुलिंग इसलिए की गई कि पास की लगी दुकान से सुरक्षा कर्मी खरीदारी करके नहीं लौट पाए थे । नतीजा यह हुआ कि इस चुनाव स्पेशल ट्रेन को जिस मात्र 20 मिनट ही डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि भोजन और पानी के लिए रुकना था, वह 40 मिनट तक रुकी रही।

### कैमरे की नजर में जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर की झलकियां



मतदानकर्मियों को निर्देश देते पलामू उपायुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन







### ग्राम जोड़ के मतदाता मतदान करने के लिए उत्साहित

**मेदिनीनगर।** जोड़ पंचायत के ग्रामीण लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर उत्साहित हैं। ग्रामीण मतदाताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाला है इसके लिए हम लोग पूरी तरह से तैयार हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग अपने मतदान का प्रयोग सही तरीके से करेंगे, क्योंकि हमारा एक वोट हमारे 5 साल के भविष्य को सुनिश्चित करता है। इसलिए हम अपना वोट व्यर्थ नहीं जाने देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मतदान करने के दौरान हम लोग मतदाताकर्मियों और बूथ पर तैनात जवानों के आदेश का पालन करेंगे। ग्रामीण ने यह भी भी संकल्प लिया है कि आज सुबह पहले मतदान करेंगे। उसके बाद जलपान करेंगे। पंचायत समिति अजय तिवारी ने जानकारी दी कि हमारे पंचायत में कुल 2135 वोटर है जिसके लिए दो बूथ बनाये गये हैं। बूथ नंबर 225 और 226 हैं, जिसमें महिला वोटर 945 है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह मतदान अवश्य करें।

**सतर्कता** चुनाव को लेकर पीटीआर के हाथियों पर रहेगी विशेष नजर

# मतदाता मतदान केन्द्र जाने के लिए कोई सार्टकट रास्ता नहीं अपनायें: उपनिदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने अपनी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रहने वाले लोगो को सचेत किया है कि वे मतदान करने समूह में जाएं। क्योंकि करीब 250 हाथी इस इलाका में संभावित है। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल में भी केवल 125 से 150 हाथी की मौजूदगी है। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल में हाथियों की संख्या 70 से 80 के बीच में है। वनरक्षक, वनपाल, रेंजर्स और ट्रैकर को हाथियों की गतिविधियों पर गहरी नजर रखने का निर्देश दिया है। इस संबंध में **उपनिदेशक** कुमार आशीष ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व जो लातेहार जिले के अंदर आता है। वहां चतरा लोक सभा के लिए 20 मई को मतदान होना है। इस 20 मई के मतदान केपहले मतदान कर्मियों की टोली सुरक्षा कर्मी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगे। हाथियों की मौजूदगी से मतदान कर्मियो ,सुरक्षा कर्मियों और मतदाताओं को भारी असुविधा हो सकती है । उन्होंने बताया गर्मी में हाथियों का झुंड गारु के मुख्य सड़क पर दिन के दो और तीन बजे आकर यूं ही खड़ा हो जाता है।

### हाथियों का झुंड सड़क पर दिखता है: वनपाल



बारेसाड़ के प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी ने बताया कि शाम से पहले बारेसाड़ की सड़कों पर हफ्ते में दो या तीन बार हाथियों का झुंड आकर खड़ा हो जाता है। इस सिलसिले में लातेहार जिले के निर्वाचन पदाधिकारी ने 26 अप्रैल को एक अति महत्वपूर्ण बैठक की थी। आशीष ने बताया कि प्रबंधन ने अपने सभी कर्मियो को इस बात को निर्देशित किया है कि वह पैदल पेट्रोलिंग से लेकर वॉच टावर से भी हाथियों पर नजर रखें कि वह इस समय कहां है और किधर को जा सकते हैं। हाथी कहीं भी किसी भी समय निकल सकता हैं। आशीष ने मतदाताओं से अपील की है कि अपने मतदान केंद्र पर मतदान के लिए अवश्य जाएं खुशी के साथ जाए, लेकिन भूल कर भी वह कोई सॉर्ट रास्ता जंगल का न चुने । वह अन्य मतदाताओं के साथ मुख्य रास्ता जो मतदान केन्द्रों तक जाता हो उसका ही उपयोग करें।

### महिलाएं समूह में मतदान करने जाएं: आशीष

आशीष ने महिला मतदाताओं से अपील की है कि वे समूह के साथ मतदान केंद्र पर 20 मई को जरूर जाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करें और फिर उसी रास्ते से घर को लौटें। लातेहार जिले में दो विधानसभा सीट हैं । एक मनिका का विधानसभा और दूसरा है लातेहार विधानसभा मनिका विधानसभा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है और यहां मतदान केंद्रों की संख्या 321 है। जबकि लातेहार विधानसभा अनुसूचित जाति के लिए है और यहां मतदान केंद्रों की संख्या 358 है। इस तरह से लातेहार जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 679 है। इन 679 मतदान केंद्रों पर हाथी किसी भी तरह की कोई भी समस्या उत्पन्न न करें या कर पाए उसके लिए पलामू टाइगर रिजर्व में अपनी काम शुरू कर दिया है। इसके तहत केवल हाथियों पर ही नहीं, बल्कि अन्य जीव जंतु जैसे बाघ, लकड़बग्घा , भालू पर भी गहरी नजर रखी जा रही है।

## एक नजर

### रंका में किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास




**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के सैलया गांव निवासी संजय प्रसाद का पुत्र छोटू कुमार 12 वर्ष में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गठवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि छोटू कुमार मोटरसाइकिल लेकर घूमने के लिए जाना चाह रहा था लेकिन उसका बड़ा भाई उसे मना कर दिया इसी बात से आक्रोशित होकर उसने गमछी से अपने गला दबा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे रंका स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक नें उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### चिनियां क्षेत्र के मसरा गांव निवासी मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल



**चिनियां।** चिनिया थाना क्षेत्र के मसरा गांव निवासी स्वर्गीय गोपीचंद साव का पुत्र वीरेंद्र साव मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया घटना के संबंध में बताया गया कि वीरेंद्र साव को मसरा मोड़ के पास होटल है इस होटल का सामान लेने के लिए मोटरसाइकिल से बाजार गया हुआ था वापस लौट के दौरान मसरा गांव में ही उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे घायल अवस्था में उठाकर गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# चिनियां व रमकंडा के 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल





**नवीन मेल संवददाता**

**गढ़वा।** जिले के चिनियां एवं रमकंडा प्रखंड के 200 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। शनिवार को चिनियां प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वालों में चिनियां प्रखंड के तहते हेताड़कला के जगमोहन कोरवा, रामजतन कोरवा, शिवलाल कोरवा, शिवधारी कोरवा, दिलीप कोरवा, नरेश मिंज, सतनी देवी, चंपा देवी, देवन्ती देवी, बिगनी देवी, रामाधार कोरवा, विरेंद्र कोरवा, जमुनियां टांड, लावादाग से मोहन सिंह, श्रवण सिंह, राजनाथ सिंह, सुनील सिंह, सुखदेव सिंह, रमनी देवी, लक्ष्मनियां देवी, बोधनी देवी, कविता देवी, कमला देवी, पार्वती देवी, सीता देवी, मानमति देवी, घांसो देवी, रमकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत से भाजपा पंचायत अध्यक्ष रमण कुमार विश्वकर्मा, विनय प्रसाद, दिलीप बाखला, अमर सिंह, संतोष सिंह, राजेश उरांव, आशिष बाखला, अजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, दिनेश सिंह आदि का नाम शामिल है।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। अभी राज्य की स्मिता देश का संविधान एवं लोकतंत्र बचाने का वक्त है। सभी लोग पूरी तत्परता के साथ लगकर पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में मतदान के लिए डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को जागरूक करें। लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत देश वासियों की जीत होगी।

## भाजपा अध्यक्ष एवं कई कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

### मतदान से एक दिन पहले भाजपा को लगा बड़ा झटका



**चिनिया।** मतदान के एक दिन पूर्व ही भाजपा पार्टी को बड़ा झटका लगा है । आपको बताते चले की गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के आवास पर रविवार को भाजपा अध्यक्ष सहित आधे दर्जन से भी अधिक भाजपा कार्यकर्ता व नेता ने भाजपा पार्टी को छोड़ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। जिन्हें 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने अपनी पार्टी का माला पहनाकर पार्टी में जोरदार तरीके से स्वागत किया है । जिन भाजपा नेताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा है वह है मनोज प्रसाद बरवाडीह पंचायत अध्यक्ष भाजपा, अब्दुल मनान अंसारी उर्फ भोला भाजपा नेता चिनीयां, मनोज पासवान, गौरी शंकर गुप्ता, संदीप यादव, भाजपा कार्यकर्ता बरवाडीह सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है । इस बार चुनाव में जनता अपने वोट की चोट से तानाशाही भाजपा सरकार को जरूर उखाडकर फेकेगी, मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, बिलाल अंसारी हरिओम यादव सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## जमुना गांव की महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास



**नवीन मेल संवददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के जमुना गांव निवासी सूर्य देव राम की पत्नी निशा देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक नें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि निशा देवी की गौतमी का बेटे का शनिवार की रात्रि तिलक उत्सव था इसमें निशा के पति सूरज देव राम डीजे पर गांव के अन्य लोगों के साथ डांस कर रहा था इसी बात को लेकर निशा देवी तथा उसके पति के बीच आपस में विवाद हो गया इसके बाद निशा देवी ने आक्रोशित होकर कीटनाशक खा लिया घटना के जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे नगर ऊंटरी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### झामुमो के हासनदाग पंचायत अध्यक्ष सहित एक दर्जन लोग भाजपा में शामिल

## लूट की छूट के लिए पूरा विपक्ष मोदी को हराना चाहता है : सत्येंद्रनाथ



**नवीन मेल संवददाता**

**गढ़वा।** रविवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत झामुमो के हासनदाग पंचायत अध्यक्ष लालमुनि साव और संतोष पासवान के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक झामुमो कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को भाजपा के पूर्व विधायक सह गढ़वा विधानसभा के संयोजक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि लालमुनि साव क्षेत्र के जुझारू नेता है।

इनका पार्टी में आने से भाजपा पहले से अधिक मजबूती से उभरेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति और नियत स्पष्ट है। भाजपा का नीति और नियत देशहित में रहता है। जिसके कारण लोगों का झुकाव भाजपा की ओर रहा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा चार सौ पार के लक्ष्य के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। चार सौ पार के लक्ष्य को साकार करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा प्रत्याशी को तीसरी बार चुनकर दिल्ली भेजने को आतुर है।

## लोकतंत्र के महापर्व में भी कांडी बाजार मेन रोड की हालत बनी हुई है नारकीय

### आधे-अधूरे व त्रुटिपूर्ण नाली निर्माण से बाजार व मेन रोड में पसरी रहती है गंदगी



#### कांडी में बारिश का नहीं नाली का मलमूत्र मिला पानी है पसरा हुआ

**नवीन मेल संवददाता**

**कांडी।** एक बड़े ठेकेदार ने कांडी बाजार में नाली की जगह नरक बनाकर छोड़ दिया है। इस कारण बाजार मेन रोड से होकर हर आने जानेवालों को मल मूत्र मिले गंदे पानी के छींटों का सौगात मिल रहा है। इसे मुख्य सड़क व बाजार क्षेत्र में पसरे नाली के पानी को देखकर कोई सहज ही समझ सकता है। मालूम हो कि कांडी बाजार स्थित कपूर्री चौक से मझिगावां कवलदाग होते भवनाथपुर टाउनशिप तक सड़क का निर्माण कार्य 6-7 वर्षों से चल रहा है। इस योजना के तहत कांडी में सड़क की दोनों तरफ करीब 3 हजार फीट लंबी नाली का निर्माण किया जाना था। जिसकी जगह मात्र बाजार में,करीब 250 फीट लंबी बिना ढक्कन की नाली का निर्माण कराया गया। इस नाली का निर्माण भी त्रुटि पूर्ण है। बहाव की तरफ ही नाली ऊंची है। नतीजा है कि पानी बजाय आगे की ओर बहने के पीछे की ओर भरते जाता है। कचड़ा व गंदा पानी भरने के बाद सड़क पर व बाजार क्षेत्र में गंदगी का ओवरफ्लो होता है। तस्वीर में वही गंदा पानी सड़क पर पसरा हुआ दीख रहा है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद ने कहा इस विषय में ठेकेदार से कई बार कहा गया। प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

## मंत्री ने बाबा खोनहर नाथ मंदिर में सपरिवार की पूजा-अर्चना

### क्षेत्र की खुशहाली व लोस चुनाव शातिपूर्ण संपन्न होने की कामना की



**नवीन मेल संवददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकर के पेयजल एवं स्वछता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवर को बाबा खोनहर नाथ मंदिर में अपने पुरे परिवार के साथ पूजा अर्चना किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर बाबा भोले नाथ से क्षेत्र की खुशहाली, सुख समृद्धि एवं लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने खोनाहर नाथ बाबा को जलाभिषेक किया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर अलम, मुखिया संजय चंद्रवंशी, दिलीप गुप्ता, राजा सिंह, अविनाश दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**लोस चुनाव** — डिस्पैच सेंटर पर मतदान कर्मियों की सुविधा को अधिष्ठापित किए गए विभिन्न स्टॉल

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान कर्मियों को प्रस्थान करने से पूर्व दिए आवश्यक निर्देश

### डिस्पैच सेंटर पर संपूर्ण प्रक्रियाओं का सामान्य प्रेक्षक ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवददाता**

**गढ़वा।** 13 मई को गढ़वा जिला अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर 80- गढ़वा एवं 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ सभी मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। सभी डिस्पैच संबंधी प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय की उपस्थित एवं देख-रेख में निर्वाचन आयोग के एसओपी का अनुपालन करते हुए पोलिंग पार्टी डिस्पैच प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया।

पार्टी मिलान करते हुए सभी मतदान कर्मियों को मतदान के लिए ईवीएम वीवीपीएटी समेत अन्य सभी आवश्यक सामग्री मुहैया कराई गई एवं वाहन के माध्यम से सभी को निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए भेजा गया। मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु डिस्पैच सेंटर पर विभिन्न काउंटर अधिष्ठापित किए गए थें, जिनमें कार्मिक कोषांग फैसिलिटेशन सेंटर, हेल्पडेस्क, मेटेरियल कोषांग, ईवीएम कोषांग, चिकित्सा दल आदि। एसएसजेएस नामधारी कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर का एवं सभी मतदान कर्मियों को डिस्पैच करने आदि संबंधी कार्यों का सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन मुददत द्वारा भी जायजा लिया गया।

उल्लेखनीय है कि 13 मई को गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान संपन्न कराया जाना है, जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। गढ़वा- 80 एवं भवनाथपुर- 81 को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों को अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने से पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जॉइंट ब्रीफिंग किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से मतदान प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग के निहित निदेशों के अंतर्गत पूर्ण सतर्कता व सावधानी से सम्पन्न कराने की बात कही। साथ ही सभी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में ही ठहरने की बात कही। ज्ञातव्य है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए पूरे पलामू संसदीय क्षेत्र- 13 के लिए रिसीविंग सेंटर जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर, पलामू में बनाया गया है। मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम उक्त रिसीविंग सेंटर में जमा कराने को लेकर निदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने गंतव्य स्थल मतदान केंद्रों पर अपने-अपने पोलिंग पार्टी के साथ जाकर पूरी सतर्कता से कार्य करने की बात कही गई।

### करैत सांप ने युवक को डसा

**रमना।** शनिवार की रात्री करीब आठ बजे सिलिदाग पंचायत के वार्ड ग्यारह के वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार जहरीले सांप के काटने से पीड़ित हैं, मित्रो और परिजनों नें तत्काल उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा ले गये जहां चिकित्सक के निगरानी में ईलाज चल रहा हैं, जहां चिकित्सक नें 48 घंटा तक चिकित्त्सा निगरानी में रहने का सलाह दिया। प्रदीप कुमार रोज की तरह शाम में महादेव मोड़ स्थित महादेव किराना दुकान पर आये और वहां उपस्थित लोगो से बातचीत कर रहे थे, इसी क्रम में रात्री आठ बजे बिजली चली गयी तो दुकान के पास आये और फोन से बात कर रहे थे फोन कटा उसी वक्त करैत सांप उनके पैरों से सटा जिसने दहीने पैर के ऊँगली के पास काट दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना में फोन द्वारा चिकित्सक प्रवीण कुमार से बात किया गया की क्या सांप काटने का ईलाज है, तो उन्होंने बताया की मैं अभी पूछ कर बताता हूँ, इसके बाद उन्होंने एएनएम से बात कराया तो उन्होंने बताया की इस सेंटर में जाँच की सुविधा नहीं है, तो डोज कैसे दिया जायेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### चिकित्सीय कार्यों में महिला कर्मियों का योगदान सराहनीय : प्रभारी



**डंडाई ।** डंडाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित कर रविवार को नर्स डे मनाया गया। उक्त अवसर पर देश की पहली नर्स धनवंती स्ट्रीना की तस्वीर रख चिकित्सकों के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटा गया । अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार राम से केक काटने की शुरू हुई प्रक्रिया बारी बारी सभी चिकित्सकों के साथ-साथ अस्पताल के नर्स बहनों तक पहुंचा । मौके पर पहुंचे डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि विभागीय व्यक्तियों को याद कर उनका जन्मदिन मनाना काफी सराहनीय कार्य है । उन्होंने कहा कि अस्पताल में आज पहली बार देश की पहली नर्स धनवंती स्ट्रीना का जन्मदिन मनाया गया है । इस तरह के कार्यक्रम को हमेशा होते रहने से एक नई ऊर्जा मिलती है । प्रभारी ने कहा कि आदिकाल में वैध के माध्यम हर रोगी के बीमारियों का इलाज होता था । साथ ही गांव देहात की दाई महिलाओं से लोगों के द्वारा गर्भवती महिलाओं का प्रसव भी कराया जाता था । उसके बाद जैसे-जैसे देश विकसित होता गया वैसे-वैसे चिकित्सीय व्यवस्था में भी बदलाव होता चला गया ।उन्होंने कहा कि आज के दिन में जिस तरह एक से बढ़कर एक अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम बीमारियों का इलाज हो रहा है उसी तरह पढ़ी-लिखी नर्स बहनों के माध्यम अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का प्रसव भी होना शुरू हो गया है। इससे पहले प्रभारी ने घूम घुम कर जहां अस्पताल का निरीक्षण किया वहीं चिकित्सकों की उपस्थिति के बारे में भी अस्पताल के चिकित्सकों से उन्होंने पूछताछ किया । उनके पूछताछ में अस्पताल के आयुष चिकित्सक डॉक्टर कुमुद रंजन को डेढ़ महीने से अस्पताल नहीं आने की बातें सामने आई ।मामले की जानकारी मिलते ही इस पर नाराजगी व्यक्त कर बायोमेट्रिक उपस्थिति के अनुसार उक्त अवधि का वेतन भुगतान करने को लेकर उनके द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया गया । प्रभारी ने कहा कि बिना सूचना के लंबी अवधि तक अस्पताल से गायब रहना घोर लापरवाही है । जरूरत पड़ी तो उनके खिलाफ सीएस कार्यालय को भी पत्राचार करने का काम किया जाएगा । नर्स इंदु ने कहा कि देश की पहली नर्स धनवंती स्स्ट्रीना की क्रियाकलापों से हम जैसे नर्सो को काफी सिख मिली है । उनके क्रियाकलाप के बदौलत ही आज हम लोगों को एक नर्स के रूप में पहचान बना हुआ है । उन्हें की याद में आज हम लोगों ने अपने अस्पताल में पहली बार केक काटकर उनका जन्मदिन मनाने का काम किया है । मौके पर प्रधान लिपिक हिमायु कबीर,डंडाई सी एच ओ अभिजीत कुमार, सुपरवाइजर विजय कुमार ,नर्स सुरभी सरकार, इंदु देवी,देवंती देवी,विनोद राम,नंदगोपाल सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

### नगर पंचायत ने कैंडल मार्च निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक, शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश



**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए नगर पंचायत की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं,पूर्व वार्ड पार्षदो एवं व्यापारियों के साथ शनिवार की देर शाम को शहर में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान पहले मतदान फिर जलपान, वोट करें - देश गढ़े, सारे काम छोड़ दो - सबसे पहले वोट दो आदि नारा लगाया गया। कैंडल मार्च नगर पंचायत कार्यालय से निकलकर एनएच 75 से मुख्य मार्ग,बस स्टैंड, हेन्हों मोड होते हुए भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर तक निकाला गया। इस दौरान आमजनों को 13 मई दिन सोमवार को होने वाली चुनाव में वोटरों को अपना वोट समय पर पहुंचकर वोट डालने की अपील की गई। साथ ही लोकसभा आम चुनाव 2024 में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और 100 प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। लोकतंत्र में जितनी अधिक भागीदारी होगी,देश उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मतदान दर बढ़ने से स्वच्छ व योग्य चुनकर आते है।

### एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पहुंचे भरनो, किया निरीक्षण



**भरनो।** ग्रामीणों की मांग पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट ड्रायरेक्टर भरनो पहुंचे, निरीक्षण के बाद सर्विस सड़क की ऊंचाई कम करने का दिए आदेश । एन एच 23 सड़क चौड़ीकरण के तहत नवाटोली से ब्लॉक चौक तक सर्विस पथ की ऊंचाई कम करने को लेकर नावाटोली के ग्रामीण विगत 3 माह से आंदोलन कर रहे थे । इस निमित एनएचएआई के प्रोजेक्ट ड्रायरेक्टर राजीव रंजन बीते शाम कार्यस्थल पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए । साथ ही उक्त सड़क निर्माण का अवलोकन किया । उन्होंने ग्रामीणों को समस्या को देखते हुए आरकेडी के पदाधिकारियों को मुख्य सड़क से सर्विस पथ नीचे बनाने का आदेश दिया । ग्रामीणों ने फरवरी माह में नवटोली से ब्लॉक चौक तक मुख्य सड़क के दोनो साइड सर्विस पथ नीचे बनाने को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा था ।ताकि सड़क किनारे स्थित दर्जनों घर सर्विस पथ के लेबल में रह सके । क्योंकि उक्त स्थान पर मुख्य सड़क की ऊंचाई 15 फीट से ऊपर बनाई जा रही है ।और अगर सर्विस पथ भी ऊंचा होगा तो सड़क किनारे स्थित घरों के लोगो को सर्विस पथ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी लगाना पड़ेगा,और बरसात में घर के बाहर पानी भरा रहेगा । इसलिए सर्विस पथ को नीचे बनाने की मांग पर ग्रामीण अड़े थे । एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर के द्वारा सर्विस सड़क नीचे बनाने का आश्वासन दिए जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली । मौके पर आरकेडी के सीजीएम, जीएम सहित एस के रवि,सत्यनारायण केशरी, बसंत केशरी, सतीश गुप्ता, जितेंद्र चौबे, गुजुवा महली, कंचन केशरी, पीकू केशरी, विकास केशरी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

### वज्रपात की चपेट में आया पावर ग्रिड कर्मी, झुलसा

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित पावर ग्रिड में कार्यरत सिसई बस्ती निवासी 28 वर्षीय रंजीत साहू आसमानी बिजली की चपेट में आ गया। घटना के बाद वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके पूरे शरीर में आसमानी बिजली और करंट से जख्म हो गया। घटना शनिवार करीब 2:30 बजे की है। तत्काल सहयोगियों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दिन के करीब ढाई बजे जोरदार बारिश हो रही थी वहीं बिजली भी चमक रही थी।

## एक नजर

### शिव मंदिर की स्थापना धूमधाम के साथ संपन्न



महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत में शिव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर में कलश यात्रा निकला गया जिसमें माता बहन ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वही हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी दो जोड़े की शादी समाज द्वारा संपन्न करवाया गया भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किए पूजा के लिए सिरकोट से आए विद्या कांति ने अपने मंत्र उच्चारण से पूजा करवाए । वही पूजा में बैठे प्रदीप बड़ाइक ने तन मन से पूजा अर्जना करवाए इस में मुख्य रूप से हामी अध्यक्ष प्रदीप बड़ाइक , सचिव दिलीप जायसवाल, नरेंद्र सिंह , गुलाब, बीरबल लोहारा एवम अन्य लोग ने अच्छे भूमिका निभाया।

### आम आदमी पार्टी की हुई बैठक

**गिरिडीह।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरिडीह आगमन को लेकर आम आदमी पार्टी ने रविवार को गिरिडीह जिला कार्यालय में बैठक की. बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री समेत विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा इलेक्ट्रॉल बांड से चंदा वसूली की। भाजपा ने भारत के हर जिले में आलीशान कार्यालय खोल लिया। देश का गरीब और मध्यम वर्ग परेशान है। आप युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि तानाशाही खत्म करने के लिए केजरीवाल देश की जनता से अपील कर रहे हैं। बताया कि वो आगामी 16 मई को गांडेय आ रहे हैं। कल्पना मुर्मू सोरेन को गांडेय की जनता भारी मतों से जितायेगी जिला उपाध्यक्ष रोजन अंसारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालकर मोदी सरकार ने बहुत बड़ी गलती की। आप युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर यादव ने कहा कि कल्पना मुर्मू सोरेन को गांडेय की जनता भारी मतों से जितायेगी उन्होंने आम आदमी पार्टी के दाधिकारियों से कहा कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव के इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार कल्पना मुर्मू सोरेन, कोडरमा लोकसभा के उम्मीदवार बिनोद कुमार सिंह और गिरिडीह लोकसभा के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनाव प्रचार तेज करें। बैठक में आशीष भदानी, तैयब अंसारी, अधिवक्ता कुमार राकेश, अंसारी , मेहबूब अंसारी, कासिम अंसारी, अल्ताफ हुसैन, मो शम्स, समीद अंसारी, राहुल शर्मा, विनोद राय, मुर्शीद मिर्जा, सुलेमान अंसारी, मो जियाउद्दीन, प्रकाश टुडु , राजू मंडल , जयप्रकाश वर्मा , बदरुद्दीन अंसारी, परवेज आलम, मो कबीर सहित कई लोग मौजूद थे।

### विधायक निधि से आए चापाकल को निजी स्थान पर लगवाने का विरोध

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पश्चिमी पंचायत के खेरडा गांव में विधायक निधि से चापाकल का निर्माण सार्वजनिक स्थल पर करवाना था। लेकिन उमेश साव के द्वारा अपने बाउंड्री के अंदर निजी स्थान पर चापाकल का बोरिंग करवाया जा रहा था। जिसको लेकर ग्रामीण गोलबंद हो गये और जमकर विरोध किया। ग्रामीण रवींद्र कुमार ने कहा कि विधायक निधि से चापाकल का लगवाना था। जिस स्थान पर चापाकल लगवाना था, उस स्थान को छोड़कर निजी स्थान में करवाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं प्राप्त होगा। वहीं ग्रामीण ने कहा कि क्षेत्र में पानी की बहुत समस्या है और यह चापाकल निजी स्थान पर बाउंड्री के अंदर करवाया जा रहा है, अगर सार्वजनिक स्थान पर करवाया जाता तो सभी को लाभ मिलता।

## केएन त्रिपाठी ने चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# जीतकर करेंगे ऐतिहासिक विकास

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



चतरा संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी गांव-गांव में लगातार दौरा कर लोगों से जनसंपर्क करते नजर आ रहे हैं इस दौरान श्री त्रिपाठी ने इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं के साथ बालूमाथ प्रखंड के दर्जनों गांव आरा चमातू , मुरपा, भगिया, शेरेगड़ , फुलवसिया, झाबर, इचाक,मारंगलोइया आदि गांव में जाकर लोगों से जनसंपर्क किया । और लोगों से हाथ छाप में वोट करने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का लगातार इस क्षेत्र में 10 साल शासन रहा है फिर भी गांव में ना सड़क है और ना ही मूलभूत सुविधा लोग आज भी कच्ची सड़क और पानी बिजली स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है क्षेत्र में अपार मात्रा में खनिज संपदा होने के बावजूद भी लोग यहां से पलायन कर रहे हैं सीसीएल या कोल खनन कंपनी द्वारा भू रैयत विस्थापित के साथ जाति की जा रही है पर मौजूदा संसद द्वारा इन ग्रामीणों को कोई राहत नहीं पहुंचाई गई इससे साफ पता चलता है कि भाजपा सिर्फ अपने पूंजीपतियों साथी को लाभ पहुंचाते रहिए कहा अगर चित्र संसदीय क्षेत्र से मुझे प्रतिनिधित्व करने का जनता मौका दे तो मैं ऐतिहासिक विकास करूंगा। मौके लातेहार विधानसभा प्रत्याशी सुरेश राम आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव,श्यामसुंदर यादव ,मनोज यादव, अजमल हुसैन और ग्रामीण कार्यकर्ता ईश्वर साव, शिवकुमार प्रसाद, अनिरुद्ध प्रसाद, कुलदीप साव हीरामन प्रसाद, खुशियाल साव,समीर प्रसाद, संतोष कुमार साव, शिवनारायण यादव, बदरी साव, उपेंद्र साव, रमेश साव, अनिल साव लखन साव तुलेश्वर साव राजन यादव चंद्रिका साव,सहित दर्जनों लोगों मौजूद रहे।

### आजसू लोस क्षेत्र प्रभारी ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों में भाजपा के साथ आजसू कार्यकताओं द्वारा जोर शोर से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी को जिताने को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। रविवार को आजसू के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य सह लोकसभा प्रभारी बमबम भगत उर्फ सतेन्द्र जायसवाल ने विभिन्न गावों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से मिलकर भाजपा के पक्ष में अपना बहुमूल्य वोट करने की अपील की। कहा आप सरकार के लिए ही नही देश हित के लिए मतदान करें। इस दौरान सिंघरवा, हुसिया, महुवरी, करमा, महेशा, मंझगावा आदि गांव का दौरा किया।

### छह माह से उद्घाटन की बाट जोह रहा लेंबोईया पहाड़ी पर विधायक की मदद से बना शौचालय

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के लोंबाईया पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध मां भगवती मंदिर के पुजारियों व श्रद्धालुओं के सुविधा को लेकर विधायक मद से बना शैचालय 6 माह से उद्घाटन की बाट जोह रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमरिया के भाजपा विधायक किसुन कुमार दास के मद से शौचालय निर्माण लगभग दो लाख रुपये की लागत से की गई है। शौचालय निर्माण की जिम्मेवारी लिखित रुप से भाजपा कार्यकर्ता संजय दांगी व कामेश्वर दांगी को दी गई थी। योजना एनआरईपी के देखरेख में संचालित है। सूत्रों की माने तो 6 माह पूर्व ही संबंधितों द्वारा शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए विधायक व एनआरईपी को सूचना दे दी गई। इसके बाबजूद जिस उद्देश्य से शैचालय का निर्माण हुआ उसे पूरा करने को लेकर ना ही विधायक के पास उद्घाटन के लिए समय है और ना ही विभाग द्वारा ही इसे चालु करने के लिए पहल की गई है। ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी के स्वछ भारत अभियान को मुह चिढ़ा रहा है विधायक किसुन कुमार दास के मद से बना शौचालय।

### विहिप के मतदाता जागरूकता अभियान के लोस क्षेत्र संयोजक बने संजय चौबे एवं सह संयोजक भुनेश्वर साहू

**चतरा।** मतदाता जागरूकता अभियान 2024 को लेकर विश्व हिंदू परिषद चतरा लोकसभा संयोजक संजय चौबे तथा सह संयोजक भुनेश्वर साव को बनाया गया। साथ हीं चतरा लोकसभा अंतर्गत आने वाले पांचो विधानसभा के संयोजक तथा सहसंयोजकों की भी घोषणा की गई है। जिसमें चतरा विधानसभा क्षेत्र के संयोजक सुधीर कुमार तथा सह संयोजक अंकित पांडेय, इंद्रजीत कुमार को तथा सिमरिया विधानसभा के संयोजक तारकेश्वर गुप्ता तथा सह संयोजक ठाकुर राकेश रंजन को बनाया गया है। उक्त घोषणा विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र के द्वारा किया गया।

# भाजपा का बरवाटोली पंचायत में पथसभा कार्यक्रम संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता के निदेर्शानुसार रविवार को बरवाटोली पंचायत में पथ सभा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने की व मंच संचालन चंदवा प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष सह बरवाटोली पंचायत प्रभारी रामप्रसाद साहू,बरवाटोली मुखिया प्रतिनिधि संतोष उरांव,मंडल महामंत्री दीपक निषाद,जितेंद्र प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजू उरांव ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश का विकास तेजी से हुआ है।देश दुनिया में भारत की तस्वीर पहले से बेहतर हुई है। हम सबको मिलकर मोदी जी के हाथों को मजबूती प्रदान करने का कार्य करना है। कार्यकर्ता चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को यहां से भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लें। जिला मंत्री कुलामन साहू ने कहा कि 500 वर्ष के बाद हमारे प्रभु श्रीराम जी का मंदिर बनकर तैयार हुआ है और रामलला अयोध्या में विराजमान हुए ये पीएम मोदी के कारण ही संभव हो पाया है। भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता बूथ जीतो चुनाव जीतो का संकल्प लें। मोदी जी के द्वारा 10 साल में किये गए जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों बताए। पूर्व मंडल अध्यक्ष सह बरवाटोली पंचायत प्रभारी रामप्रसाद साहू ने कहा की मोदी सरकार के 10 साल का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहा है। मोदी जी के सरकार में जनकल्याणकारी योजनों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है। मौके पर छोटू कुमार,अनिल भारती, युगल किशोर प्रजापति, राजेश पूरी, रूपलाल यादव, परमेश्वर यादव, छोटन उरांव, अनिल यादव,भगवती देवी, कलावती देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### जनसभा स्थल का झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

## मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित कई बड़े नेता आज करेंगे कुन्दरी में चुनावी सभा को संबोधित : मुनेश्वर उरांव



**भाजपा की जुमलेबाज सरकार से जनता त्रस्त है और इस बार बदलाव के मूड में है : बैद्यनाथ राम**

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत सुदूरव्रती ग्राम कुंदरी में इंडिया गठबंधन का चुनावी जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसका रविवार को कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित लातेहार जिला के विधायक बैद्यनाथ राम एवं विधायक रामचंद्र सिंह सहित कई इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ कार्यकताओं ने निरीक्षण किया इस दौरान कांग्रेस लातेहार जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने बतलाया कि चतरा संसदीय क्षेत्र के लातेहार प्रखंड की कुंदरी ग्राम में 13 मई 2024 दिन सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी सह झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन सहित कई बड़े नेताओं का आगमन होगा जिसकी तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपरोक्त नेताओं को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर आएंगे। जिसकी तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा चतरा संसदीय क्षेत्र से जनता इस बार बदलाव के मूड में है भाजपा की जुल्मी बाजी से जनता नाखुश हैं। महंगाई और जतवाद की भाजपा सरकार को अब देखना नहीं चाहती हैं यह चुनावी सभा च त रा का दसा और दिशा तय करेगी। यह क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक जनसभा होगा। इस दौरान लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बैद्यनाथ राम मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, झामुमों जिला सचिव शमसुल होदा, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम,मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव,कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सचिव सलाम अंसारी,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित यादव, दीपक ओझा, युवा कांग्रेस नेता साजन कुमार, युवा नेता अंकित पांडेय,दीपक कुमार, हैदर अली, महेंद्र प्रसाद,राजेश उरांव, ज्योति प्रकाश दुबे,फूलचंद यादव,व मनोज पासवान आदि मौजूद रहे।

# जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**



प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला बघौता व भाटचतरा में जंगली हाथियों ने रात भर उत्पात मचाते हुए कई घरो के आंगन की चार दीवारी व घर का दरवाजा तोड़ते हुए गर्मी सब्जी व फसल को खाकर नस्ट कर दिया मकरा के बघौता निवासी सूरज लोहरा पिता स्व.एतवा लोहरा ने बातया की हम सभी परिवार खाना खाकर सोए हुए थे की अचनाक जंगली हाथियों ने आए और मेरा घर का दरवाजा तोड़ने लगे तभी हमलोग टूटने का आवाज सुनकर जगे और घर के अंदर ही रह गए जंगली हाथी ने घर का दरवाजा पूरी तरह सें तोड़कर बर्वाद कर दिया और बाहर की और निकल गया जिससे हम सभी परिवार के बिच बड़ी घटना होने सें टल गई दरवाजा टूटने सें हमें छः हजार रुपए की नुकसान हुआ है. फिर वहाँ सें जंगली हाथी मोहन कुमार रवि पिता बदु राम के घर का आंगन का चारदिवारी को तोड़ते हुए अजित कुमार पिता स्व. सरजू राम का घर का दरवाजा को पूरी तरह तोड़ फाड़कर क्षतिग्रहत कर दिया. जिससे सात हजार रुपए की क्षति हुई है.इधर बालचंद राम पिता स्व. कपिल राम के घर के आंगन का चारदिवारी व घर का खिड़की को तोड़ फोड़ किया इन्हे पांच हजार की नुकसान हुआ है. महेन्द्र राम पिता सोहर राम का घर के पास मे लगे गर्मी सब्जी व फसल को खाकर व पैर सें रौदकर बर्वाद कर दिया. इधर भाटचतरा निवासी गेन्दलाल साव के घर का दरवाजा तोड़कर घर में रखे अनाज लगभग दो क्विंटल चावल व दो क्विंटल मक्का खाकर नस्ट कर दिया जिससे लगभग 15 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है. वही बिन्देश्वर साव के चरदिवारी को तोड़ते हुए गरमा शब्जी को रौंदकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया.गावं के ग्रामीणों ने वन विभाग सें मुवबजा दिलाने के साथ जंगली हाथियों को क्षेत्र सें अविलम्ब हटाने व हाथियों से बचने के लिए टार्च वितरण करने की मांग की है।

### मतदान के प्रति उत्साहित दिखे लातेहार के मतदाता

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लातेहार के मतदान केंद्रों का किया स्थल निरीक्षण



**नवीन मेल संवादाता। लातेहार**

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अम्बाटीकर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लातेहार बाजार, राजकीय बुनियादी विद्यालय, धर्मपुर और मनिका के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नामुदाग, स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लिया। चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। इसे लेकर लातेहार जिले के मतदाताओं में काफी उत्साह है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नैतिक मतदान को लेकर 60 से अधिक आयुवर्ग की मतदाता शीला देवी से बात की। वह नैतिक मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित दिखीं। उन्होंने बताया कि 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में वह परिजनों के साथ अपनी पसंद से मतदान करेंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र के स्थल निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया एवं पूरे उत्साह से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। साथ ही बीएलओ से वहां की तैयारियों को जाना। उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्र जागरूकता समूह, अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़वाकर वेरिफाई कराया। लातेहार जिले के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों पर तैयारी की मामूली कमियों को दूर करने तथा एएसडी सूची की त्रुटियों में सुधार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण का भी आकलन किया।

#### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष मतदाताओं ने ली मतदान की शपथ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। के. रवि कुमार ने इस क्रम में वालेंटियर एवं रसोईया से बातचीत की। उनके दायित्वों को जाना और उन सभी का उत्साहवर्धन किया। लातेहार एवं मनिका के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया था। वहां बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इन सभी में मतदान को लेकर काफी उत्साह था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि राज्य से बाहर प्रवास कर रहे मजदूर वर्ग के लोग भी अपने मताधिकार के इस्तेमाल के लिए घर वापस आये हुए हैं। उन्होंने वैसे प्रवासी वोटरों को मतदान के लिए छुट्टी लेकर घर वापस आने के लिए आभार व्यक्त किया।

#### पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गांधी इंटर कॉलेज, लातेहर स्थित पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां सर्विस वोटर, आवश्यक सेवा से जुड़े वोटर द्वारा पोस्टल बैलेट से किये जा रहे मतदान से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही जिले में दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं की होम वोटिंग कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी-सह-नगर पंचायत पदाधिकारी राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### चुनाव को लेकर यात्री बस की कमी, रांची जाने के लिए नहीं मिल रही बस, लोग परेशान



**महुआडांड़।** महुआडांड़ बस स्टैंड से चुनाव को लेकर लम्बी दूरी की बस नहीं के बराबर चल रही है। महुआडांड़ से डाल्टनगंज रोड पर सिर्फ चार बस का परिचालन हो रहा है वही महुआडांड़ भाया नेतरहाट से रांची एक भी बस नहीं चल रही है।महुआडांड़ भाया गुमला से रांची रुट के लिए दिन में सिर्फ एक बस का परिचालन हो रहा है। यात्री बस सही से परिचालन नहीं होने से यात्रीयों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### बूथ बदलने को लेकर बैठक, बीडीओ और मुखिया के समझाने पर माने ग्रामीण



**महुआडांड़।** महुआडांड़ चम्पा पंचायत के ग्राम ताहिर, चम्पा, पत्थरटोली, महुआटोली, औरों, सरनाटोली, कंवरटोली के दर्जनों ग्रामीणों ने चम्पा पंचायत भवन में बैठक कर बुथ स्थल को बदलने की मांग रखी। बैठक में ग्रामीण ने पंचायत की मुखिया सुषमा कुजूर, उपमुखिया रीना लकड़ा,ग्राम प्रधान संजू लकड़ा व जगु मुण्डा बुलाकर अपनी समस्या को रखा साथ ही उन्होंने बताया कि हम सभी ग्रामीण को वोट देने के लिए 10 किलोमीटर दूर पुटरूंगी बुथ जाना पड़ता है।इस भीषण गर्मी में दो घंटे चलकर वोट देना संभव नहीं है।पिछले विधान सभा व पंचायत चुनाव से ही बुथ को चम्पा गांव के स्कूल कराने की मांग किए थे लेकिन फिर इस बार भी बुथ स्थल में बदलाव नहीं किया।जिससे नाराज ग्रामीणों वोट बहिष्कार करने का मन बना रहे थे बीडीओ अमरेन डांग व मुखिया सुषमा कुजूर के बहुत समझने के बाद ग्रामीण वोट देने जाने पर राजी हुए।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में 130 रन बनाकर विजेता बना फास्टर क्लब जबरा



**बारियातु।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम स्थिति कोठाटाड मे चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट का कार्यक्रम आयोजित कर फाइनल मैच का आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व विधयाक प्रकाश राम, विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, जोगेंद्र भोक्ता,सोनू प्रजापति, देवन्दन प्रसाद, बहादुर गंझु, मुखिया राजीव भगत शामिल हुए, फाइनल मैच फास्टर क्लब जबरा बनाम शिबला के द्वारा खेला गया. जिसमे जबरा फास्टर क्लब के द्वारा 130 रन बनाकर विजयी हुए. वही विजेता टीम को मुख्य अतिथि पूर्व विधयक प्रकाश राम व प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने खस्सी व सील्ड मेडल देकर सम्मानित व पुरस्कृत किया . मौके पर अध्यक्ष नरेश प्रजापति,रोहित ठाकुर, रंजीत प्रजापति, अवध प्रजापति, सूरज ठाकुर, राकेश प्रजापति, सहित काफी संख्या खिलाडी व दर्शक मौजूद थे।

### नीतीश यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर बने डीएफओ




**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के एदला निवासी छात्र नीतीश प्रतीक ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में धमाल मचाया है। नीतीश ने आईएफएस की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश में 41 वां स्थान प्राप्त कर डीएफओ के लिए चयनित हुए हैं। यह सफलता प्रतीक ने दूसरे प्रयासों प्राप्त किया है। सीसीएल में मैनेजर पद पर पदस्थापित नीतीश के पिता प्रमोद कुमार और माता रीता देवी फूले नहीं समा रहे हैं। वही गांव के ग्रामीण गौरवान्वित हैं। नीतीश इस सफलता के पूर्व कानपुर से आईआईटी करने के बाद एक मल्टीनेशनल कंपनी में बतौर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। इसके बावजूद कुछ बड़ा करने को लेकर निरंतर अध्यनरत रहा और अंततः उसने शानदार सफलता अर्जित की। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया, जिन्होंने उसे विपरीत परिस्थितियों में भी सही मार्गदर्शन दिया। उसने कहा कि आईएएस बनने तक उसका संघर्ष जारी रहेगा। उसने बताया कि स्पष्ट दिशा में सटीक प्रयास से कोई भी सफलता अर्जित की जा सकती है। नीतीश के इस सफलता से युवा छात्रों को प्रेरणा मिलेगी और उनमें संघर्ष का जज्बा बढ़ेगा।

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की सड़क हादसे में मौत

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत हीरींग गांव निवासी एवं डिग्री कॉलेज के प्राचार्य तथा वर्तमान सांसद प्रतिनिधि प्रो. जैनेंद्र कुमार सिंह के छोटे भाई सुधीर कुमार सिंह उर्फ छोटु सिंह की पत्नी सरिता देवी 50 वर्ष की सड़क दुर्घटना में रविवार को मौत हो गई। घटना उस समय घटी जब वह सुबह टहलने के लिए कॉलेज रोड के तरफ डुमरी 22 मुख्य मार्ग पर निकली थी। इसी दौरान हाईवा एवं ट्रक के चपेट में आ गई। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना से आक्रोषित लोगों ने सड़ जाम कर दिया। जिससे करीब दो घंटे तक उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन करीब दो घंटे तक बाधित रहा। घटनास्थल पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, दिलीप कुमार सिंह उर्फ कल्लू सिंह, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, मुखिया बृज किशोर सिंह आदि घटना स्थल पर पहुंचे तथा घटना की तीव्र निंदा करते हुए दुःख व्यक्त किया। लोगों ने ट्रक एवं हाईवा चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को सरकार के द्वारा उचित मुआवजा देने की मांग की।

## एक नजर

### वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत चैनपुर थाना स्थित कटकाही ग्राम मरियम टोली निवासी 55 वर्षीय कलिसतियुस तिर्की जो अपने साइकिल में सवार होकर कटकाही चौंक , अपने घरेलू सामान खरीदने गया था, इस क्रम में एक अज्ञात कार ने उसे पिछे से जोरदार टक्कर मारकर भागने में सफल रहा, जबकि उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, आनन-फानन में ग्रामीणों एवं 108 एंबुलेंस की मदद से उसे चैनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र लें जाया गया , जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे मृत घोषित कर दिया , बाद में उक्त घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना चैनपुर थाना पुलिस को दी , उक्त सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू करते हुए, उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला ,स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं , चैनपुर थाना पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी हैं ।

### लीची का बीज गले में अटका, बच्चे की हुई मौत



**गुमला।** खबरदार - सावधान छोटे बच्चों के हांथ में अपने से खाने के लिए लीची ना दें, सिमडेगा जिला अंतर्गत बानो थाना स्थित भुजगा ग्राम निवासी रंजीत सिंह का ढाई साल का पुत्र शनि सिंह अपने दादी मां के साथ बैठक कर लीची खा रहा था इसी क्रम में शनि सिंह के गले में लीची का गोटा ( बीज ) उसके गले में फंस गया और उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी , तब उसके परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिये शनि सिंह को रेफरल अस्पताल बसिया ले जाया गया , जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, परिजनों का रो रो कर , हो रहा हैं बुरा हाल , समस्त परिवार और परिजनों में मातम का है माहौल।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कराने के लिए सभी पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

## डीसी-एसपी ने सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान कराने का संदेश पोलिंग पार्टियों को दिया

### लोकसभा चुनाव में मतदान आज सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के शेष 310 मतदान केंद्रों के लिए रविवार को सभी पोलिंग पार्टियां मतदान संपन्न कराने हेतु समाहरणालय परिसर लोहरदगा से सुरक्षित रवाना हो गईं। इससे पूर्व शनिवार को 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 14 दुर्गम व सुदूरवर्ती क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों के लिए 14 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं थीं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान करने का संदेश पोलिंग पार्टियों को दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### मतदान केंद्रों पर मिलेंगी कई सुविधाएं

सभी मतदान केंद्रों में टेंट की व्यवस्था की गई है ताकि दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं व उनके साथ आये बच्चों को छाया प्रदान किया जा सके। दिव्यांग मतदाताओं के व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ हैं उनके लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है।



### पोस्टल बैलेट से कई लोगों ने किया मतदान

पोस्टल बैलेट के माध्यम से इस लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में लोहरदगा जिला में निर्वाचन कार्य में संलग्न 2845 और आवश्यक सेवाओं में 23 लोगों ने मतदान किया। होम वोटिंग में पोस्टल बैलेट के जरिए 45 दिव्यांग और 30 वरिष्ठ मतदाताओं (85 वर्ष की उम्र से अधिक) ने मतदान किया। पोलिंग पार्टी की सुरक्षा के लिए रहेगी पुख्ता इंतजाम 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 324 पोलिंग पार्टियां सभी 324 मतदान केंद्रों के लिए पहुंची हैं। निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष बनाये रखने के लिए 40 माईक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गई है। 68 सेक्टर दण्डाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 40 स्ट्रॉंग रूम बनाये गये हैं। सुपर जोनल दण्डाधिकारी के रूप में 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर, कार्यपालक दण्डाधिकारी प्रमोद कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास और 69-बिशुनपुर

### जिले में पांच यूनिक व 10 महिला बूथ

72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किस्को प्रखण्ड में 09, कुडू प्रखण्ड में 10, कैरो प्रखण्ड में 05, सदर प्रखण्ड में 18, नगर परिषद क्षेत्र में 15 और भण्डरा प्रखण्ड में 09 समेत कुल 66 मतदान केंद्रों को पर्दा नशीन बूथ बनाया गया है। सदर प्रखण्ड लोहरदगा में कुल 10 मतदान केंद्रों ऐसे होंगे जहां सिर्फ महिला मतदानकर्मियों द्वारा मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा। यूनिक बूथों में 72- विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरहुल थीम पर आधारित मतदान केंद्र राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय टाकू (पूर्वी भाग, बूथ संख्या-140), जनजातीय जीवनशैली पर आधारित मतदान केंद्र राजकीयकृत बुनियादी विद्यालय हिरही (पूर्वी भाग, बूथ संख्या-207) और राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय पझरी (बूथ संख्या-303) है। 69-बिशुनपुर (अंश) में जनजातीय जीवनशैली पर आधारित मतदान केंद्र में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय सेरेंगहातु (बूथ संख्या-82) और जनजातीय कला व संस्कृति का दशार्ता राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय भैसमुंदो (पूर्वी भाग, बूथ संख्या-81) है जो यूनिक बूथों में शामिल हैं।



### 428 मतदान केंद्रों पर 3,70,519 मतदाता करेंगे मतदान

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के लिए लोहरदगा जिला में कुल 428 मतदान केंद्र निर्धारित हैं जिसमें 324 मतदान केंद्र 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 104 मतदान केंद्र 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित हैं। लोहरदगा जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 370519 (तीन लाख सत्तर हजार पांच सौ उन्नीस) है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 186597 (एक लाख छियासी हजार पांच सौ संतान्वे) और पुरूष मतदाताओं की संख्या 183920 (एक लाख तिरासी हजार नौ सौ बीस) और थर्ड जेंडर मतदाता 02 हैं। कुल मतदाताओं में से 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 284107 (दो लाख चौरासी हजार एक सौ सात) मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 143366 (एक लाख तैंतालिस हजार तीन सौ छियासठ) और पुरूष मतदाताओं की संख्या 140741 (एक लाख चालीस हजार सात सौ इकतालीस) है। वहीं, 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 86412 (छियासी हजार चौ सौ बारह) है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 43231 (तैंतालीस हजार दो सौ इकतीस), पुरूष मतदाताओं की संख्या 43179 (तैंतालीस हजार एक सौ उनासी) और थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 02 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 3363 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1424 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1939 है। 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1418 है जिनमें 695 महिलाएं और 723 पुरूष हैं। वही 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 1246 है जिनमें 673 महिलाएं और 573 पुरूष हैं। 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की संख्या 516 है जिनमें 271 महिलाएं और 245 पुरूष हैं। 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 13621 है। इनमें 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 10422 मतदाता हैं जिसमें 5958 महिलाएं और 4464 पुरूष हैं। 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में 3199 मतदाता हैं जिनमें 1737 महिलाएं और 1462 पुरूष मतदाता हैं।

# जनमानस के बीच सिर चढ़कर बोल रहा राष्ट्रवाद का मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। जनता के बीच इस चुनाव में क्षेत्रीय मुद्दे गायब हैं और राष्ट्रवाद का मुद्दा सिर चढ़कर बोल रहा है। लोहरदगा लोकसभा सीट पर जनता के बीच विकास के मुद्दे पर चर्चा कम ही हो रही है।

नेता भी अभी तक इस मुद्दे पर कम ही बोल रहे हैं बल्कि सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच परस्पर जुबानी जंग जारी रही है। अभी भी जनता के बीच 'राष्ट्रवाद का मुद्दा' फिलहाल कमजोर होता नहीं दिखाई दे रहा है। दोपहर की तपती धूप से बचते हुए पेड़ों की छांव में कुछ लोग राजनीति को लेकर चर्चा कर रहे थे। शहर में चुनाव प्रचार करने आये विपक्षी नेताओं के बयानों की चर्चा करते हुए इनका कहना था कि कुछ भी हो मोदी के रहते ही देश सुरक्षित है। आम जनमानस का कहना था कि पहली बार ऐसा एहसास हो रहा है कि भारत हर तरह से मजबूत हो रहा है, क्योंकि देश को सशक्त प्रधानमंत्री मिला है। जब हम राष्ट्रवाद को पहली वरीयता में रखेंगे, तभी हम विकसित देशों की भांति वैश्विक स्तर पर मजबूत होंगे। इसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दस सालों में बहुत काम किया और भारत का मान बढ़ा है। इसी के चलते आज पाकिस्तान की बोलती नहीं निकल रही है। कारोबारियो का भी कहना है कि विकास का मुद्दा तो होना चाहिये पर अगर देश के सम्मान की बात आती है तो पहली प्राथमिकता 'राष्ट्रवाद' ही होगी और अबकी बार जनता के मन में भी यही बात बैठी हुई है।

शहर की चाय-पान की गुमटियों पर पिछले कई दिनों से सिर्फ चुनावी चर्चा हो रही है। चर्चा में शायद ही कुछ लोग मिलेंगे जो लोहरदगा सीट से भाजपा उम्मीदवारों के विषय में दो शब्द कहें। जो लोग भी भाजपा का गुणगान कर रहे हैं वह सिर्फ मोदी की नीतियों से प्रभावित हैं।

मोदी से प्रभावित लोग जब चाय की चुस्कियों के बीच चर्चा करते हैं तो राष्ट्रवाद को लेकर विपक्ष कमजोर पड़ जाता है। गौरतलब हो कि पूरे झारखंड में एकजुट हुए महागठबंधन के तहत लोहरदगा सीट के लिए पिछले दिनों चुनाव प्रचार करने आये दिग्गज नेताओं के पास इसका कोई तोड़ नहीं दिखाई दे रहा था। वही नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा में भारी संख्या में भीड़ देखी गई थी जबकि राहुल गांधी की सभा मे उतनी भीड़ नहीं थी जितनी पीएम मोदी की सभा में थी। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पीएम मोदी के समक्ष राहुल गांधी का कद काफी छोटा है।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन नाबालिग समेत चार हिरासत में

## एक आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल, तीन को बाल सुधार गृह भेजा गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा गांव में चार युवकों ने एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता अपने स्वजनों के साथ भंडरा थाना में चार नामजद लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने सभी नामजद चारो आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वही एक आरोपी को लोहरदगा जेल तथा तीन नाबालिक आरोपी को निरूद्ध करते हुए बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया है। बताया जाता है कि विगत आठ मई की शाम भंडरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में विवाह समारोह चल रहा था। जिसमें दो नाबालिग बहने विवाह समारोह में हिस्सा लेकर अपने घर लौट रही थी। तभी चार युवकों ने जबरदस्ती एक नाबालिग को अपने साथ आम बगीचा में ले जाकर बारी बारी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में भंडरा थाना पुलिस गांव के ही रामा उरांव के पुत्र धरमु उरांव (18 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही तीन अन्य नाबालिग आरोपियों को निरूद्ध किया गया है। सभी के विरुद्ध भंडरा थाना कांड संख्या 24/2024 धारा 376 डी ,आईपीसी व पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय में माताओं का किया गया सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला , घाटो बगीचा में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में संस्थान में आने वाली सभी माताओं को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर माता बहनों का समाज एवं परिवार के प्रति योगदान के विषय में चर्चा की गई । मौके पर संस्थान की संचालिका बीके शांति दीदी कहा की माता की महिमा अपरम अपार है । आज मंदिरों में देवियों की पूजा की जाती है। सरस्वती, दुर्गा ,काली, लक्ष्मी आज उनके गुणों के कारण ही हम उनकी पूजा आराधना करते हैं। और उनसे जीवन के लिए नई प्रेरणाएं लेते हैं। तो हम सभी माताओं बहनों का कर्तव्य बनता है कि आज सारा संसार दुखी, पीड़ित होकर पुकार रही है तो हमें उनके दुख को दूर करने का माध्यम बनने की प्रतिज्ञा करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में बीके ममता, बीके कुसुम,शिवानी ,ललिता, संजू माता बिलासी माता, सुशीला माता, भगवती माता के साथ-साथ केदार भाई, मंगल भाई, विकास भाई, विश्राम भाई आदि की गौरव उपस्थिति रही। पंकज कुमार ने कहा कि आज संपूर्ण राष्ट्र माता के योगदान को याद कर रहा है हम माता बहनों की सेवाओं को शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं किंतु उनके द्वारा किए गए निस्वार्थ सेवा दया क्षमा प्रेम करुणा की देवी माता की याद में आज हम यह मातृ दिवस मना रहे हैं और हम सभी संतानों का कर्तव्य बनता है कि हम अपनी माता के द्वारा किए गए योगदान को हमेशा अपनी स्मृति पटल में रखें ताकि हमें हमेशा एक नई ऊर्जा मिलती रहेगी।

# भालू ने एक युवक के सिर और चेहरे को नोचकर किया घायल, अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना स्थित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों जंगली भालूओं का आतंक काफी बढ़ता ही जा रहा हैं, इसी क्रम में ,उमड़ा पंचायत के नकटी टोली निवासी 19 वर्षीय पवन साहू , बीते देर रात को जैसे ही शौच के लिए अपने घर से बाहर निकला, वैसे ही एक ( बड़ा) जंगली भालू एकाएक उसपर हमला कर दिया और उसके सिर और चेहरे को गंभीर रूप से नोच डाला, बाद में उसे आनन-फानन में इलाज के लिये पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया हैं , जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल भेजने का सलाह दी गई हैं।

# 950 मतदान केंद्रों के लिए मतदान पदाधिकारियों और कर्मियों को किया गया रवाना

## महिला मतदान केंद्र के लिए मतदान कर्मियों को शॉल एवं पुष्प माला के साथ भेजा गया





**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** 12-लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कल दिनांक 13 मई को मतदान दिवस है, एवं आज सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों के लिए नियुक्ति पत्र, ईवीएम, वीवीपीएटी एवं निर्वाचन संबंधित आवश्यक सामग्रियों के साथ उन्हें मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान गुमला स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में बने डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर से कल दिनांक 11 मई को ढ- 2 के लिए कुल 44 मतदान केंद्र के लिए मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों को रवाना किया गया था वहीं आज 12 मई को ढ-1 के लिए कुल 950 मतदान केंद्रों के लिए मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों को नियुक्ति पत्र, ईवीएम, वीवीपीएटी एवं निर्वाचन संबंधित आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। इस दौरान आज ऐसे 13 मतदान केंद्र थे जहां मतदाता पदाधिकारियों/ कर्मियों को हेलेड्रोपिंग के मध्यम से भेजा गया। आज ढ-1 डिस्पैच के दिन डिस्पैच के दिन हजारों मतदान कर्मियों की भीड़ देखने को मिली, इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सभी के लिए प्राथमिक सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया था। ज्ञात हो कि इस बार गुमला जिला अंर्तगत बूथ संख्या 68-गुमला ( रळ) बूथ संख्या 51 एवं 69-विशुनपुर (रळ) बूथ संख्या 152 को यूनिक बूथ बनाया गया है। यह मतदान केंद्र सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित ढश्ळऋ ग्राम अंतर्गत है, एवं यहां के शत प्रतिशत मतदाता ढश्ळऋसमुदाय के हैं। उक्त दोनों ही मतदान केंद्रों का हमेशा से रिलोकेशन होता रहा है जिस कारणवश वहां के मतदाता अपने मतदान केंद्र में कभी मतदान नहीं कर पाते थे। यह पहली बार हुआ है कि बूथ संख्या 51 एवं बूथ संख्या 152 में मतदान का आयोजन बिना किसी रिलोकेशन के किया जा रहा है।दोनो ही मतदान केंद्रों को पारंपरिक रूप से सुसज्जित किया गया है । इसके अलावा गुमला जिला अंतर्गत 105 महिला मतदान केंद्र बनाएं गएं हैं एवं 75 ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां 2 महिला एवं 2 पुरुष मतदान कर्मियों को नियुक्त किया गया है। उक्त सभी महिला मतदान केंद्र के महिला मतदान कर्मियों को शॉल एवं पुस्प माला के साथ सम्मानित रूप से मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया है। इसके अलावा जिले में 1 पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र का भी गठन किया गया है। इस दौरान डिस्पैच सेंटर में विधि व्यवस्था को बनाएं रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से डिस्पैच के कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# पीएम के लोहरदगा आगमन से हवा का रुख बदला, मतदाता हुए मुखर

## चाय की दुकानों पर अंतिम दिन भी चली चुनावी चुस्कियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** 18वीं लोकसभा के चौथे चरण के तहत 13 मई को लोहरदगा लोकसभा सीट पर मतदान होना है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आज पांच विधानसभा क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी। इस चुनाव में खड़े दो प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा , कांग्रेस समेत अन्य निर्दलीयों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में बंद हो जाएगा। चुनाव के अंतिम दिन सभी प्रत्याशी व समर्थक जोर आजमाइश में लग गए है। सभी अपने अपने पक्ष में मतदान करने की मिन्नत मतदाताओं से करते नजर आए। राजनेता और उम्मीदवार रविवार को घर घर जाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे थे। गली, चौराहों और गांवों में चुनावी महफिलें अंतिम दिन भी सजी। लेकिन इन चुनावी महफिलों में ज्यादातर चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हुई। हालांकि महागठबंधन और कांग्रेस के समर्थक भी मोदी के समर्थकों को हर बात का जवाब देकर अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आए। इस बीच एक चाय के दुकान पर कुछ लोग आपस में चुनाव में किसको जिताना है या वोट देना है इसकी चर्चा कर रहे थे। लोगो का कहना था कि भइया, अबे तक तो कुछ संदेह भी लागत रहल लेकिन रांची के रोड शो और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिसई के चुनावी सभा के बाद लागत है कि लोहरदगा ही नहीं झारखंड की सभी 14 सीट पर मोदी जी ही जीतीहें। अब तक तो हर सीट पर जीतने में संदेह लग रहा था, लेकिन रांची रोड शो के बाद तो पूरा माहौल ही बदल गया। ये बातें कुछ लोगो ने चाय की दुकान पर चर्चा करते हुए कह रहे थे।

यहां पर युवा, अधेड़ और बुजुर्ग हर आयु वर्ग के लोग शामिल थे। जो अपनी-अपनी पसंद की पार्टी को बेहतर ठहराने में लगे थे। एक व्यक्ति ने कहा कि कांग्रेस ने अब बदलाव किया है और बेहतर चुनाव लड़ेगी। जिस पर दूसरे व्यक्ति ने कहा कि मोदी का विकल्प फिलहाल अभी नहीं है, आने वाले दिनों को हम नहीं बता सकते। फिर क्या था कांग्रेस का समर्थन करने वाले और उसके साथी कांग्रेस के घोषणा पत्र को आधार बना कांग्रेस को मजबूत बताने में जुट गये। जिसके बाद भाजपा के समर्थकों ने भारत की सैन्य शक्ति और विदेश नीति आदि मामलों को उठाते हुए कांग्रेस समर्थकों के हर सवाल का जवाब दिया।

पिछले एक सप्ताह से लगातार जो नरेन्द्र मोदी की टीवी चैनल व अखबारों में स्थान मिल रहा है और हर घर व गली में सिर्फ उन्हीं खबरों की चर्चा चल रही है, उससे तो ऐसा ही लग रहा है कि अब सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही सबके दिल-दिमाग में बैठ गये हैं। इसके आगे न तो उम्मीदवार रह गया है और न ही कोई जाति। वही कुछ राजनीतिक जानकारों का कहना है कि रांची में पिछले दिनों जो रोड-शो हुआ, वैसा किसी अन्य पार्टी के स्टार प्रचारकों द्वारा कही देखने को नहीं मिला। यह भाजपा की एक अच्छी रणनीति रही। उसमें प्रधानमंत्री कुछ न कहकर भी सब कुछ कह गये। इसका संदेश पूरे भारत में गया और हवा का रूख बदल गया है।

अभी तक जो लोग मोदी के वेब कम होने का दावा कर रहे थे। यह उनके मुख पर करारा तमाचा था। प्रधानमंत्री ने दिखा दिया कि अभी तक वेब कम नहीं हुआ है। यह वेब पिछली बार की तरह ही चल रहा है। यह भाजपा की सोची-समझी रणनीति रही, क्योंकि भाजपा जानती थी कि झारखंड की सीटों पर प्रधानमंत्री का वेब चलेगा, इसके बाद ही नैया पार लग सकती है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाद यह तय हो गया है कि झारखंड में भाजपा की सीटें कम होने वाली नहीं है। भाजपा का उद्देश्य भी इस शक्ति परीक्षण के माध्यम से कार्यकताओं में यह संदेश देना रहा कि महागठबंधन से भाजपा के सेहत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और पार्टी इसमें सफल रही।

## एक नजर

### धालभूमगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप चाकुलिया निवासी का मिला शव

**घाटशिला।** धालभूमगढ़ रेलवे स्टेशन पर गंभीर अवस्था में पड़ा एक युवक को जीआरपी पुलिस रविवार को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला लेकर पहुंची. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक ने जांचोंपरांत मृत घोषित कर दिया. जीआरपी पुलिस के द्वारा बताया गया कि किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर चोट लगने के कारण इसकी मौत हो गई है.इसके पास से बरामद मोबाइल से संपर्क करने पर पता चला कि मृतक युवक कृष्णा महतो चाकुलिया थाना क्षेत्र के दरखुली गांव का रहने वाला है. परिजनों को सूचना दी गई है. परिजन आने के बाद घटना के संबंध में कोई जानकारी मिलेगी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखा गया है।

### ट्रक ने बाइक को 10 मीटर तक घसीटा, महिला की मौत, बाइक चालक घायल

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र स्थित धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया. यहां पुटकी मस्जिद मोहल्ला गेट के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी. इसके बाद ट्रक बाइक को करीब 10 मीटर तक घसीटते ले गयी. इस हादसे में बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गयी. जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. महिला की पहचान स्वामी विवेकानंद नगर (पुटकी) निवासी रोगन्दा बनर्जी (55 वर्ष) के रूप में हुई है. वहीं घायल की पहचान हीरा महतो के रूप में हुई है. ग्रामीणों ने हीरा महतो को ट्रक के नीचे से निकाला और धनबाद के अस्पताल में भेज दिया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है. घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़ फरार हो गया.इधर घटना की सूचना पाकर पुटकी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. वहीं ट्रक व बाइक को जब्त कर थाना ले आयी।

### सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता, रेलवे के पानी का हो रहा इस्तेमाल

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के गोमो स्टेशन परिसर के सकुर्लेटिंग एरिया में करोड रुपए की लागत से निविदा पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है. जो जानकारी सामने आ रही है, उसके अनुसार निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में तस्करी कर लायी गयी मिट्टी युक्त बालू ,निम्न स्तर की बांग्ला ईट व सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, मसाला मिलाने व ढलाई कार्य में रेलवे के कीमती पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है. सौंदर्यीकरण कार्य पिछ्ले छह माह से चल रहा है।

शौचालय के पानी की सप्लाई पाईप लाइन में ठेकेदार अपने पाईप जोड़ कर पानी ले जा रहे हैं.इस पानी का इस्तेमाल मिक्सर मशीन में मसाला बनाने, ढलाई कार्य व फर्श पर पटवन के लिए किया जा रहा है. बता दें कि गोमो रेलवे स्टेशन में पानी की घोर किल्लत के बावजूद संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे हुए है. पिछले वर्ष चौरापट्टी तालाब सूख जाने के कारण तीन माह तक गोमो स्टेशन परिसर में पानी सप्लाई पूरी तरह ठप थी. रेल यात्रियों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड रहा था, रेल कर्मियों के परिवारों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी थी।

### जुगसलाई में कारोबारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना अंतर्गत बाटा चौक निवासी कारोबारी लोचन मंगोतिया (36) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. लड्डू का शव आवासीय कार्यालय में ही पंखे से लटका पाया गया. रविवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई. इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई. इधर, सूचना पाकर जुगसलाई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. लोचन मंगोतिया पटाखा कारोबारी थे. बाटा चौक पर ही उनका पटाखा का कारोबार था. जानकारी के अनुसार लोचन मंगोतिया सुबह 7 बजे उठे और निवास स्थान पर ही बने कार्यालय में चले गए।

## तिसरी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नुक्कड़ सभा में हुए शामिल

# बाबूलाल मरांडी ने की अन्नपूर्णा के पक्ष में मतदान करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

तिसरी प्रखंड के पालमो में भाजपा द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रथम मुख्यमंत्री सह वर्तमान विधायक बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का जमकर बखान करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार में ही गरीबों के लिए उज्ज्वला योजना, मुफ्त अनाज, आयुष्मान योजना जैसी महत्वकांक्षी कार्य किए गए। कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में ही देश विकासशील से विकसित की ओर आगे बढ़ रहा है। इसलिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने



अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि यहां से विरोधी टिमटिमाता तारा लेकर लड़ रहे हैं,ऐसे लोगों से सावधान रहें।

उन्होंने झारखंड राज्य गठन बीजेपी की ही देन बताई,कहा कि राज्य गठन के बाद झारखंड में विकास की गंगा बही, जगह - जगह सड़कों का जाल बिछा, शिक्षा भी अच्छी होने लगी,झारखंड में बीजेपी की सरकार में घर-घर बिजली पहुंची है। साथ ही राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक सप्ताह पहले कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव के नौकर के पास से 35 करोड़ रूपया ईडी ने बरामद किया तो सोचने वाली बात है कि मंत्री और सचिव के यहां कितना पैसा होगा? इस सरकार में बालू ,अभ्रक और कोयला से कांग्रेस और जेएमएम वाले पैसा वसूली का काम करते हैं। इस दौरान कटकोको और तिसरी हाट में भी नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जहां प्रचारक के रूप में कोडरमा से आए दीपक दिलदार ने मिमिक्री कर लोगों को लुभाते हुए भाजपा के पक्ष में मत देने की अपील की।

### कड़ी सुरक्षा के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए मतदानकर्मी

**आदित्यपुर।** सोमवार को सिंहभूम और खूंटी संसदीय सीट के लिए मतदान होना है. जिसको लेकर रविवार को सरायकेला एवं खरसावां विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले सभी बूथों के लिए ईवीएम मशीन के साथ पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया है. इस मौके पर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, एसपी मनीष टोप्पो, एसडीओ सुनील कुमार प्रजापति सहित तमाम पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी काशी साहू कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में मौजूद रहे.इस दौरान पोलिंग पार्टी के चेहरे पर खुशी देखी गई. उपायुक्त ने सभी का हौसला अफजाई किया. बता दें कि सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सरायकेला विधानसभा एवं खूंटी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खरसावां विधानसभा के कुछ बूथ आते हैं. जहां सोमवार को मतदान होना है. इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजामत किए गए हैं. कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीनों को पोलिंग पार्टी के साथ रवाना किया गया है।

# झारखंड को बचाने की लड़ाई में साथ दीजिए : मनोज कुमार

### जेबीकेएसएस प्रत्याशी मनोज कुमार ने गावां प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

गिरिडीह जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुमार ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के गावां प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवो का दौरा कर लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से आवाज बुलंद करने वाले मनोज इस चुनावी मैदान में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं. वो लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं. रविवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के गावां प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया. संबोधित कर जनसमर्थन की अपील किया. क्षेत्रवासियों के लिए मनोज का संघर्ष कोडरमा सहित पूरे झारखंड में अलग संदेश दिया है. युवा, महिलाएं और आम जनमानस में उत्साह चरम पर है. प्रत्याशी मनोज कुमार ने कहा है कि झारखंड की राजनीति में जो राजनीतिक परिपाटी चल रही है उसमें बदलाव जरुरी है।

किसान, मजदूर और गरीब का बेटा - बेटी में नेतृत्व की बागडोर देने का वक्त आ गया है. इस बार जेबीकेएसएस के जितने भी साथी चुनावी मैदान में है. सबका साथ दीजिए। आशीर्वाद देकर संसद भवन भेजिए। तभी आपके हक और अधिकारों की आवाज संसद भवन में गूंजेगी। स्थानीयता और झारखंडी मुद्दों की आवाज बुलंद होगी। मनोज ने कहा है कि झारखंड को बचाने की इस लड़ाई में सबका सहयोग जरूरी है। संघर्ष करते हुए हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। इस बार जनता को जागरुक होकर मतदान करना है। बदलाव की गाथा लिखना है।

# चरगो हेलीपैड का ट्रायल रहा सफल




**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

**बिरनी।** गिरिडीह के बिरनी में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी अंतिम रूप ले रही है। जिसमें रविवार को चरगो हैलीपैड का ट्रायल वायु सेना के हेलीकॉप्टर से किया गया। वायु सेना के हेलीकॉप्टर को देखने के लिए काफी भीड़ दिखी,जिसके बाद वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने तीनों हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर को उतारा । ट्रायल सफल रहा। बता दें कि आगामी 14 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेशम के अडवार मैदान जनसभा को संबोधित करेंगे।

हेलीपैड पेशम के अडवार मैदान में बनना तय हुआ था। लेकिन पेशम अडवार मैदान में हेलीपैड की जगह कम पड़ जाने के बाद पेशम अडवार मैदान को हेलीपैड जगह रदद् करके चरगो मैदान को चिन्हित किया गया। रविवार को वायु सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा हेलीपैड को ट्रायल किया गया।

# भरकट्ठा बाजार में आईएनडीआईए के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

**बिरनी।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन द्वारा भरकठ्ठा बाजार में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वासुदेव वर्मा और इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस कार्यालय उद्घाटन के दौरान मौके पर इंडिया गठबंधन के सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। चुनाव कार्यालय के बाद एक सभा का भी आयोजन किया गया। जिसके बाद इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता निरंजन राय ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि सविधान बचाना है, लोकतंत्र बचाना है तो फिर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह को वोट देकर जिताना है। उन्हें दिल्ली भेजने का काम करना है। मौके पर सीताराम सिंह, बासुदेव वर्मा, रामु बैठा, शेखर सुमन, मुस्लिम अन्सारी, मुस्तकीम अन्सारी प्रमोद राय, सीताराम पासवान, राजू अन्सारी आदि लोग मौजूद रहे ।

### पीएनबी के एटीएम से शटर का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के आसानतालिया स्थित रांची चाईबासा मुख्य मार्ग के किनारे पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम केंद्र में चोरों ने चोरी का प्रयास किया. बताया जाता है कि शनिवार देर रात लगभग लगभग साढ़े बारह बजे नकाबपोश दो चोर पंजाब नेशनल बैंक के समीप पहुंचे और बैंक के बगल में ही एटीएम केंद्र के बाहर लगा शटर का ताला काट दिया. इस बीच चोर जब शटर उठाकर एटीएम केंद्र में चोरी का प्रयास कर रहे थे.इसी दौरान इसकी सूचना बैंक के प्रबंधक को मिल गई।

# बरकट्ठा पंचफेड़ी के पास जेपी वर्मा के कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी प्रो. जयप्रकाश वर्मा ने चलाया जनसंपर्क अभियान। गिरिडीह : बरकट्ठा प्रखंड के पचफेड़ी चौक के पास जेपी वर्मा कार्यालय का उद्घाटन बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने किया । गौतम कुमार ने कहा पुरे लोकसभा में बदलाव का असर दिख रहा और जनता का उम्मीद जयप्रकाश वर्मा पर उम्मीद जगा है । इसलिए इस बार 8 न बाल्टी छाप पर मतदान कर भारी मतों से विजय बनाए। आज कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी माननीय प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने जनसंपर्क अभियान कोडरमा लोकसभा के प्रखण्ड धनवार ग्राम पंचायत गिरिडीह के बरवाडीह गांव में निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश वर्मा के पछ में वोट करने के लिए जन संपर्क किया।

जयप्रकाश वर्मा जिंदाबाद बाल्टी छाप जिंदाबाद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का नेता कैसा हो जयप्रकाश वर्मा जैसा हो। गिरिडीह बरवाडीह में कुशवाहा भाइयों का अपार समर्थन मिला। सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रूप से कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशी गांडेय निवर्तमान विधायक प्रोफेसर माननीय प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा और तीसरी प्रखंड के ग्राम जलगोड़ा के पंचायत मांसाडीह जयनगर प्रखंड के कमार्टांड़ गांव में बुजर्गो एवं चाचा एवं चाची से जयप्रकाश वर्मा के लिए वोट मांगने का अपील किया और समझाया गया की चुनाव चिन्ह क्रमांक संख्या 8 पर बाल्टी छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनावे और मकतपुर, नंदोडीह गाँव में ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क किया गया। ग्राम बदडीहा केंदुआ पंचायत के ग्राम केंदुआ में जनसंपर्क एवं अन्य जनप्रतिनिधि और माननीय लोग उपस्थित रहे इसमें मुझे भी शामिल होने का मौका मिला और सभी पंचायत और ग्रामीण युवाओं माता बहनों किसान मजदूर सभी लोग उपस्थित रहे।

# रेस्क्यू टीम की सक्रियता से रोका जा सका बाल विवाह

**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

मोफसिल थाना गिरिडीह के थाना प्रभारी को सूचना मिली कि मोफसील थाना अंतर्गत खैसमी गाँव में कुछ दबंगो द्वारा एक 14 वर्षीय बालिका से जबरन शादी रचाई जाने वाली है। थाना प्रभारी द्वारा इसकी सूचना नीति आयोग बचपन बचाओ आंदोलन के जिला समन्वयक श्री मति अंजलि बिन को दिया गया। अंजलि बिन ने बाल विवाह भारत अभियान, बनवासी विकास आश्रम से जुड़े बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेश कुमार शक्ति को सूचित किया। तुरंत एक रेस्क्यू टीम का गठन किया गया।

रेस्क्यू टीम ने गाँव जाकर बालिका को बाल विवाह होने से बचाया। रेस्क्यू टीम का नेतृत्व में अरक सुबोध दास , सुरेश कुमार शक्ति, लेडीज कांस्टेबल दूजा



कुमारी, पुलिस बल सुरेश राय शामिल थे।

रेस्क्यू टीम आने की भनक सुन लड़का पक्ष वाले जंगल की ?र भाग गए। इस प्रकार एक बालिका जो बाल विवाह का शिकार होने वाली थी उसे बचाया गया। मोफसील थाना द्वारा बालिका को मुके बधिर आवासीय विद्यालय में रखा गया है। कल बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया जायगा। इधर नाबालिक के पिता संजय कुमार राय ने पिरतांड थाना प्रभारी को एक पत्र लिखकर सूचित किया है कि मैं बिहार के चकाई थाना अंतर्गत सरोना राजा डुमर गाँव का रहने वाला हूँ। मेरे नाबालिक बेटी से अधेड उम्र का आदमी कृष्णदेव राय नामक व्यक्ति जो चिरकी प्रखंड का है जबरिया शादी करना चाहता था। अगर शादी के लिए राजी नहीं हुए तो गोली मार देने की धमकी देता था। नाबालिक के पिता संजय राय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से जुड़े बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेश कुमार शक्ति को अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि मैं रोजी रोटी के लिए बिहार से गिरिडीह आया था। यहाँ आस पास मेरे कुछ रिस्तेदार रहते थे।

रौलिंग मिल में मजदूरी कर अपने दो बच्चों को पालता हूँ। कृष्णदेव राय को मेरी नाबालिक बच्ची पसंद आ गई और वह जबरन शादी करना चाहता है, जबकि मेरी बेटी का उम्र 14 साल है और वह व्यक्ति 35 से 40 वर्ष का होगा। सुरेश शक्ति ने पीड़ित व्यक्ति को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

### एटीपी मशीन ऑपरेटर आईपीएल सट्टे में हारा ग्राहकों का 27 लाख

**धनबाद।** मुगमा कंचनडीह स्थित बिजली सब स्टेशन में आइडिया इंफिनिटी सॉल्यूशन संस्था के कर्मी द्वारा 27 लाख गबन करने का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले में मुगमा बिजली विभाग सब स्टेशन में एटीपी मशीन संचालक कुमारधुबी निवासी विशाल कुमार को शिकायत के बाद निरसा पुलिस ने हिरासत लिया है. बताया जा रहा है कि विशाल निरसा के मुगमा सब स्टेशन में प्राइवेट संस्था के द्वारा एटीपी मशीन संचालक का काम करता था. जहां बिजली उपभोक्ताओं का पैसा जमा लेता था. इस दौरान विशाल ने मार्च माह के ग्राहकों के जमा 27 लाख गबन कर दिया. मामला उजागर तब हुआ जब एसडीओ ने अप्रैल माह का बैंक अकाउंट देखा।

## न्यूज बॉक्स

### रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ने दो दिवसीय प्लास्टिक सर्जरी कैंप का किया आयोजन



**गिरिडीह।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह के द्वारा दो दिवसीय प्लास्टिक सर्जरी कैंप का आयोजन जीडी बगड़िया हॉस्पिटल में किया गया। जहां डॉ विकास माथुर ने मरीजों का स्क्रीनिंग किया और करीबन 10 लोगों का ऑपरेशन डॉक्टर विवेक गोस्वामी( पारस हॉस्पिटल रांची) के द्वारा किया गया। यह पूरे कैंप का आयोजन प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रशांत बागड़िया की देखरेख में संपन्न हुआ। वही प्रेसिडेंट मनीष तर्वे ने डॉ विवेक गोस्वामी को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि आगे भी इस तरह का कैम्प हम भविष्य में करते रहेंगे जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके। मौके पर सेक्रेटरी आशीष तर्वे विकास बसईवाला ,प्रशांत बगड़िया सिद्धार्थ जैन, अंशुल जैन अमित तुलसियान सरद रुंगटा, नरेन्द्र सिंह मंजीत सिंह भुपेन्द्र सिंह लखी गौरीसरिया अमित गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी की होगी ऐतिहासिक जीत : अरविंद सिंह

**आदित्यपुर।** सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा की ऐतिहासिक जीत होगी. यह कहना है ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह का. उन्होंने कहा कि आज राज्य में हर ओर बदलाव की लहर दिख रही है. वर्तमान झारखंड सरकार की नीति-सिद्धांतो पर उन्होंने जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से पार्टी



नेताओं-कार्यकताओं और आम लोगों में भाजपा के प्रति जोश-खरोश बना हुआ है उससे तय है कि आनेवाले विधान सभा चुनाव में भी भाजपा शत-प्रतिशत जीत का लक्ष्य करेगी.पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने इस संबंध में कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट को जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्य के समर्थन में जनता झारखंड के सिंहभूम संसदीय सीट समेत हर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को वोट देगी और उनकी जीत सुनिश्चित करेगी. इस दौरान उन्होंने सोमवार 13 मई को भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में लोगों से भारी से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की है।

### सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए मतदान आज



**चाईबासा।** सिंहभूम लोकसभा सीट के लिये सोमवार को मतदान डाली जायेगी. जिसको लेकर तैयारी पुरी कर ली गयी है. जिला प्रशासन की ओर से पुरी तैयारी करते हुये मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण कराकर हर बूथ में एवीएम मशीन के साथ भेज दिया गया है. प्रत्येक बूथ में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है. शांति पूर्ण तरीके से मतदान हो इसको लेकर हेल्प केंद्र भी बनाय गया है. जिले में कंट्रोल सेंटर के तहत पूरी जिले की निगरानी रखी गयी है. सिंहभूम लोकसभा के अंतर्गत सरायकेला व पश्चिम सिंहभूम जिला आता है. जिसके कारण दोनों जिलों के उपायुक्त व एसपी की मॉनिटरिंग होगी. सिंहभूम लोकसभा में दो दिग्गजों के बीच कांटी की टक्कर है. इसमें वर्तमान इंडिया राज्य सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जोबा माझी व पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के पत्नी गीता कोड़ा शामिल है. हालांकि पूरे 14 प्रत्याशी इस लोकसभा में अपनी किस्मत अजमा रहे है।

### असंगठित मजदूरों के सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस कृतसंकल्प : शैलेश पांडेय



**आदित्यपुर।** सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के लिए असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ( केकेसी) ने डोर टू डोर कैम्पेन किया. रविवार की सुबह लोकसभा प्रभारी अवधेश सिंह के साथ केकेसी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने आदित्यपुर के ठेकेदार मजदूरों, बिल्डिंग में काम करने वाले मजदूरों के बीच व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया. जगह जगह मजदूरों को संबोधित करते हुए शैलेश पांडेय ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के सम्मान और काम की रक्षा कांग्रेस पार्टी शुरू से करते आई है और आगे भी करती रहेगी.उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने श्रमिक न्याय के तहत मनरेगा में मजदूरी करने वाले मजदूरों को 400 रुपया प्रति दिन देने की बात कही है. युवा न्याय के तहत हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की. नारी न्याय के तहत हर गरीब परिवार की महिला को 1 लाख रूपए हर साल देने की गारंटी है, जबतक उसका परिवार गरीबी रेखा से ऊपर नहीं उठ जाता है. किसान न्याय के तहत इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों द्वारा बैंक से लिए गए कर्जा को तुरंत माफ कर दिया जाएगा और एमएसपी की कनूनी गारंटी स्वामीनाथन फामूर्ले वाली दी जायेगी।

### बोकारो में बीजेपी ने ढुल्लू, सीपीआई ने अनुपमा और मथुरा महतो ने अपने लिए मांगे वोट



**तलगड़ीया।** भाजपा बिजुलिया मंडल की ओर से रविवार को सभी शक्ति केन्द्रों में अभियान चलाया गया. इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे के नेतृत्व में बैलुंजा, बिजुलिया, चंदाहा, अलकुशा आदि शक्ति केंद्र में सक्रिय सदस्यों के साथ अभियान चलाया गया. मंडल अध्यक्ष ने शक्ति केंद्र और पन्ना प्रमुख से मिलकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का सुझाव दिया. कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है. राजीव चौबे ने कहा कि देश को लगातार विकास के रास्ते पर ले जाने का मिशन एवं विजन जो नरेंद्र मोदी के पास है, वैसा किसी दल के नेतृत्व में नहीं है. इसलिए हर हाल में देश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी. इसके लिए धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को ज्यादा से ज्यादा मतों से जीत दिलाकर केंद्र में मोदी सरकार को स्थापित करना जरूरी है।

# आयु सीमा की मिथक तोड़ती सशक्त महिलाएं

*कभी* भारत में कहा जाता था हा तेरी दुर्दशा कही न जाए आंचल में है दूध और आंखों में है पानी पर अब समय बदल गया है महानगरों की सशक्त महिलाएं जो कीर्तिमान गढ़ रही हैं उनके साथ छोटे शहरों से लेकर गांवों तक की महिलाओं ने उम्र तक को पछाड़ कर बड़े काम किए हैं। पेशे से वकील और पत्रकार, साठ साल की एलेक्जेंड्रा रोड्रिग्स ने अर्जेंटीना का मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स खिताब जीता है। कहा जा रहा है कि उन्होंने ऐसा करके इतिहास रच दिया है। उनके साथ चौंतीस प्रतियोगी और भी थे, जिनकी उम्र 18 वर्ष से 73 वर्ष तक थी। यानी उन्होंने अपने से बहुत छोटी और बड़ी उम्र की महिलाओं को पछाड़कर अपनी जगह बनाई। अब रोड्रिग्स मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। यह एक तरह से सौंदर्य प्रतियोगिताओं का पैराडाइम शिफ्ट है। अब तक मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 18 से 28 साल की उम्र की महिलाएं ही जा सकती थीं। लेकिन 2023 में मिस यूनिवर्स संस्था ने घोषणा की कि अब इस प्रतियोगिता में अठारह साल से लेकर किसी भी उम्र की महिलाएं भाग ले सकेंगी। जब रोड्रिग्स से पूछा गया कि आखिर वह अपनी जीत का कारण क्या मानती हैं, तो उन्होंने कहा कि शायद निर्णायकों को मेरा आत्मविश्वास पसंद आया और मैं अपनी पीढ़ी की महिलाओं का प्रतिनिधित्व कर रही थी। उन्होंने कहा कि वह मिस यूनिवर्स क्राउन पाने की जी-तोड़ कोशिश करेंगी। यह पूछने पर कि 60 की उम्र में भी वह इतनी युवा कैसे दिखती हैं, उन्होंने कहा कि उनकी स्वस्थ जीवन शैली इसके लिए जिम्मेदार है। दिलचस्प बात यह है कि सारा का सारा सौंदर्य उद्योग महिलाओं को यही सिखाता रहा है कि कैसे वे युवा और सुंदर दिखें? इसके लिए वे क्या-क्या करें? इसी के लिए वे अपने उत्पाद बाजार में उतारते हैं। इन सौंदर्य के मानकों को महिलाओं के आत्मविश्वास और उनकी सफलता से जोड़ दिया गया है। आज पूरी दुनिया की महिलाएं सौंदर्य उद्योग की गिरफ्त में हैं। वे चाहकर भी इससे नहीं निकल सकतीं, क्योंकि हर स्त्री आत्मविश्वासी दिखना चाहती है। और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए, इसे सौंदर्य उत्पाद कंपनियों की मार्केटिंग रणनीति के जरिये उन्हें पल-पल बताया जाता है। औरतों को हमेशा सुंदर ही दिखना चाहिए, चाहे वे घूंघट में हों या बिकिनी में, चाहे युवा हों या बूढ़ी। इस सोच में कोई बदलाव नहीं आया है, आज भी नहीं, जिसे औरतों का युग कहा जा रहा है। सौंदर्य उद्योग ने स्त्री विमर्श के सारे नारों को अपने-अपने उत्पादों को बेचने के लिए हड़प लिया है। फलां क्रीम लगाइए और सुंदर दिखिए तथा आत्मविश्वास बढ़ाइए। फलां कार चलाइए और अपने अंदर की ताकत को महसूस कीजिए कि कोई भी स्त्री कुछ भी कर सकती है। सौंदर्य प्रतियोगिता आयोजित करने वालों ने भी अपनी रणनीतियों में बदलाव किया है। अब मोटी स्त्रियों के लिए भी ऐसी प्रतियोगिताएं हो रही हैं। शादीशुदा औरतों और उम्र दराज औरतों के लिए भी अब ऐसे रास्ते खोल दिए गए हैं। इसका कारण यह है कि सौंदर्य उत्पादक कंपनियों को लगता है कि सिर्फ 18 से लेकर 28 साल तक की उम्र की औरतों का सेगमेंट बनाए रखना कम फायदे का सौदा है। फायदा तो तब होगा, जब किसी उत्पाद को हर उम्र की औरतें इस्तेमाल करें। इसलिए हर उम्र की औरतों को बताना जरूरी है कि तुम किसी से कम नहीं हो। तुम भी सुंदर और युवा दिख सकती हो। थोड़ी कोशिश तो करो- एज इज जस्ट ए नंबर (उम्र तो बस एक संख्या है)। बस जेब में पैसे होने चाहिए, तो देखो, क्या नहीं कर सकती हो! वास्तव में देखें, तो औ रतों को सिर्फ उनकी चमकती और मुलायम त्वचा में तब्दील कर दिया गया है। किसी को भी बुद्धिमती स्त्री नहीं चाहिए। सवाल पूछने वाली तो हरगिज नहीं! बस वही चाहिए, जो बता सके कि अमुक लोशन इस्तेमाल करते ही उसकी सारी झुर्रियां गायब हो गईं और वह अपनी बेटी जैसी दिखने लगी। कई साल पहले ब्रिटेन की एक महिला ने प्लास्टिक सर्जरी के जरिये अपनी शक्ल और त्वचा को बिल्कुल अपनी बेटी जैसा करवा लिया था। कुछ साल पहले दिल्ली के सौंदर्य विशेषज्ञों की रिपोर्ट में बताया गया था कि आम फेशियल और पेडीक्योर, मेनीक्योर की बात तो छोड़िए, पचहत्तर और अस्सी साल की महिलाएं भी अपने हाथों की झुर्रियां निकलवाने आती हैं। कायदे से तो स्त्री विमर्श के इस युग में श्रमशील स्त्रियों की बात होनी चाहिए थी कि वे पूरी जिंदगी किन-किन चुनौतियों से जूझती हैं।

इन दिनों

# चुनाव के दौरान रंगभेद की राजनीति


सुरेश हिंदुस्थानी



*लोकसभा* चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसका तात्पर्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोटबैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग-अलग दुकान खोल कर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझ कर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत खास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग-अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ताधर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फजीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजयों का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। उसके जिम्मेदार नेताओं को यह भी नहीं पता कि कौन से मुद्दे पर राजनीति की जानी चाहिए और किस पर नहीं। इसी कारण कांग्रेस का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अविश्वसनीयता के घेरे में समाता जा रहा है। यह स्थिति जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अनास्था की धारणा को जन्म देने वाला कहा जा सकता है, वहीं यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है। हम जानते हैं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार झूठे बयान दिए हैं, जिसमें वे माफी भी मांग चुके हैं। यह बात सही है कि झूठ के सहारे आम जनता को भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन जब सत्य सामने आता है, तब उसकी कलई खुल जाती है। सबसे बड़ी विसंगति तो तब बनती है, जब अपने नेता के बयान को कांग्रेस के अन्य नेता समर्थन करने वाले अंदाज में निरर्थक रूप से पुष्ट करने का असफल प्रयास करते हैं। ऐसे प्रयासों से भले ही यह भ्रम पाल ले कि उसने केन्द्र सरकार को घेर लिया, लेकिन वास्तविकता यही है कि इसके भंवर में वह स्वयं ही फंसी नजर आती है। कांग्रेस अपनी कमियों को छिपाने के लिए भले ही भाजपा पर आरोप लगाने की राजनीति करे, लेकिन सत्य यह है कि इसके लिए कांग्रेस की कुछ नीतियां और वर्तमान में नेतृत्व की खामियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। बयानों की राजनीति के बीच कांग्रेस एक बार फिर बैकफुट पर है। सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेसी नेता सफाई भी देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे बयान भारत को शक्तिशाली बनाने से रोकते हैं। इसलिए यह आज की आवश्यकता है कि भारत को शक्ति संपन्न बनाने की राजनीति की जाए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## काव्य कोना

### कल्पना और वास्तविकता

हरे-हरे पेड़ों की छाया में
चलों, आज हम एक सपना देखे;
मकड़ी के जाले की तरह
छूलेगा हवा के झोंकों संग
रंगहीन पर, खूबसूरत बनावट
भ्रमित करने वाला
रेशम सदृश्य धागों से ;
छोटी-छोटी तंतुओं से जुड़े
झरने की तरह बहता
कल्पना और वास्तविकता में अंतर
एक सपना
और मकड़ी का जाला
हरे-हरे पेड़ों की छाया में

**- नाग मणि**

## आपकी बात




### अपने-अपने रास्ते, अपने-अपने ठौर

आज लोक सभा का चुनाव पलामू में सम्पन्न हो जायेगा। इसके बाद शुरू हो जायेगी जीत और हार की अटकलें। इसको लेकर कई नजदीकी मित्र भी आपस में उलझ जाते हैं। हर कोई अपने-अपने दावे करते नजर आयेंगे। लोग अपने उम्मीदवार को विजयी बनाने के कई तरह के तर्क प्रस्तुत करते हैं। लेकिन, अंत में जाकर चार जून को इस बात पर विराम लग जायेगा। लोगों पर अपनी चुनाव की उलझनों को छोड़कर अपने घरों की उलझनों में फंस जायेंगे। उसके बाद न ही कोई उम्मीदवार की बात करेंगे न ही कोई राजनीतिक पार्टी का। घर में बिना चुनाव के ही लोग आपस में उलझे रहते हैं। लोकसभा का चुनाव घरों को शायद ही प्रभावित करता है। घर पर किसी लड़के के लिए कौन सी लड़की ठीक रहेगी, कौन कहां जा रहा है। किसी ने अपने घर को बेच दिया। इस तरह की चर्चा शुरू हो जायेगी। चुनाव से पहले देश से लेकर क्षेत्र की चिंता पर चुनावी चर्चा करने वाले लोग अब आटा-दाल के भाव पर बात करने लगेंगे। धीरे-धीरे लोग अपनी पुराने ढर्रे पर लौट आयेंगे। पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर एक-दूसरे के उम्मीदवार को कोसने वाले लोग अपने उम्मीदवार की हार पर खींझ उतारेंगे, बाजार में बिकने वाले सब्जी से लेकर सोना-चांदी पर और बेरोजगार लड़के फिर से सरकार को कोसेंगे। लेकिन पढ़ने वाले बच्चे अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर टॉपरों की सूची में आने के प्रयास में लग जायेंगे। हर पढ़ने वाला विद्यार्थी सरकारी नौकरी की उम्मीद करता है। जो संभव ही नहीं है। बढ़ती हुई आबादी किसी को समस्या नहीं लगती है। हर समस्या का हल सरकार की जिम्मेवारी पर छोड़ने का प्रयास किया जायेगा। खुद प्रयास नहीं करेंगे। कई जगहों पर नेता तो हैं, लेकिन समाज सुधारक नहीं हैं। समाज को सुधारने में नेताओं की भूमिका कहां तक है। यह विचार करने वाली बात है। समाज को आगे बढ़ाने में नेताओं की भूमिका होती है या फिर समाज सुधारकों की यह तर्क और शोध का विषय है। बंगाल की स्थिति यह है कि वहां कई समाज सुधारक पैदा हुए हैं और उन्होंने सुधार का कई काम भी किया है। यह स्थिति अन्य राज्यों में नहीं है। वे तथाकथित राज्य अपने यहां सिर्फ जातीय नेताओं को ही पनपाया है। उनकी स्थिति कितनी बेहतर है। यह देखा और महसूस किया जा सकता है। अभी की स्थिति में राजनीतिक दलों की महत्वाकांक्षा आम नागरिकों से मेल नहीं खाती है। इसका कारण ये हुआ कि आज कई क्षेत्रीय पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

**- ए प्रकाश, मेदिनीनगर।**

चुनावी नोक-झोक

# हाशिये पर जाती बहुजन समाज पार्टी


आर.के. सिन्हा

*बहुजन* समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। छह महीने पहले ही उन्होंने आकाश को धूमधाम से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि आकाश तब तक उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सकते, जब तक वे 'पूरी तरह परिपक्व नहीं हो जाते। आकाश आनंद बीते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरूआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे। अप्रैल में सीतापुर में एक चुनावी रैली के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। मायावती को लगता है कि ये भाषण पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों और नीतियों से

> **आकाश आनंद बीते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरूआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे।**

भटक गए थे। मायावती के इस तरह के अचानक फैसले पहले भी देखे गए हैं लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इसका पार्टी और उनके दलित आंदोलन पर क्या असर होगा। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने अपने परिवार को पार्टी से दूर रखा था और मायावती को उनके नेतृत्व कौशल के कारण ही अपना उत्तराधिकारी चुना था। इस रणनीति ने पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता दिलाई, जहाँ दलित समाज आबादी का लगभग 21 फीसदी हिस्सा हैं। हालांकि, मायावती बसपा को एक व्यापक बहुजन समाज की पार्टी के रूप में विकसित करने में विफल रहीं। पार्टी के कई संस्थापक नेता, जो ओबीसी, अल्पसंख्यक और दलित समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, मायावती के नेतृत्व शैली से असंतुष्ट होकर पार्टी छोड़ गए। आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं। मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुँचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर




जब वे युद्ध हार रहे थे तो देवताओं ने शिव से उन्हें बचाने का अनुरोध किया और जब शिव युद्ध के मैदान में प्रकट हुए तो मीनाक्षी का तीसरा स्तन गायब हो गया और उन्हें पता चल गया कि आखिरकार उन्हें अपना पति मिल गया है। मीनाक्षी ने शिव से उससे विवाह करने का अनुरोध किया और उन्होंने बहुत विनम्रता से सहमति दे दी। शिव ने उसे मदुरै लौटने और उसकी प्रतीक्षा करने के लिए कहा। वह आठ दिन बाद सुंदरेश्वर, सुंदर भगवान के शानदार रूप में पहुंचे और थिरुकल्याणम नामक एक शानदार समारोह में सुंदर मीनाक्षी से विवाह किया। दुल्हन को विदा करने के लिए भगवान विष्णु सुनहरे घोड़े पर सवार होकर प्रकट हुए। बाद में दिव्य जोड़े को सुब्रमण्य नामक एक पुत्र हुआ जिसे कार्तिकेय भी कहा जाता है। बाद में सुब्रमण्यम मदुरै में अपनी शादी का जश्न भी मनाएंगे। **दिव्य पुत्रः** मीनाक्षी और सुंदरेश्वर के दो पुत्र कार्तिकेय और गणेश भी यहां के लोकप्रिय देवता हैं। कार्तिकेय को स्कंद, मुरुगन और सुब्रमण्यम भी कहा जाता है। वह युद्ध के देवता और देवताओं की सेना के सेनापति हैं। अपने माता-पिता के विवाह उत्सव के दौरान वह अपने रथ में बारात का नेतृत्व करते हैं। गणेश को विनायक भी कहा जाता है और वे सौभाग्य के देवता के रूप में सभी महत्वपूर्ण मंदिरों में मौजूद हैं।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X-से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मोबाइल नंबर गलत इस्तेमाल या गलत मैसेज किये जाने पर नंबर और हैंडसेट दोनों ब्लॉक हो जायेंगे


किशन भावनानी

*वैश्विक* स्तरपर अति तेजी से के साथ प्रौद्योगिकी वह नवाचार का विकास हो रहा है। इसी तेजी के साथ विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स से ऑनलाइन गड़बड़ियां व विभिन्न मोबाइल एप्स का दुरुपयोग जैसी घटनाएं दूरसंचार क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही है। हालांकि हम जानते हैं कि प्रौधौगिकी विकास के इस दूरसंचार क्षेत्र के बल पर ही हम पूरी दुनियां की जानकारी एक मिनट के अंदर अपनी आंखों से देख कानों से सुन वह मस्तिष्क से सोच सकनें में समर्थ बन गए हैं, तो दूसरी तरफ उस एक मिनट में इसका विपरीत असर भी देखने को मिलता है। मसलन एक मिनट के अंदर लाखों करोड़ों रुपए अकाउंट से उड़ जाते हैं, एक गलत मैसेज से दंगों का पहाड़ खड़ा हो जाता है, एक भड़काऊ मैसेज से ही भयंकर धार्मिक उन्माद खड़ा हो सकता है और उंगली सीधी तौर पर सत्ताधारी सरकार पर उठ जाती है कि सरकार क्या कर रही थी? इसलिए हर सरकार, शासन प्रशासन को भी हमेशा चुस्त दुरुस्त वह मुस्तैद रहना पड़ता है, हमेशा दूर की सोचनी पड़ती है, दूर की रणनीति बनानी पड़ती है जिससे इसके दूरगामी परिणाम ऐसे निकलते हैं कि आने वाले दुष्परिणामों से बचा जा सके। इसी कड़ी में अभी कुछ दिन पहले ही सरकार ने एक चक्षु पोर्टल लॉन्च किया था जिस पर हम यदि किसी मोबाइल द्वारा अपने नंबर से कोई गलत सूचना कमेंट्स या धोखाधड़ी सहित कुछ गलत कार्यों या कृतियों को अंजाम दिया जा रहा है तो कोई भी व्यक्ति इस पोर्टल पर उस मोबाइल नंबर की शिकायत कर सकता है जिसकी जांच तुरंत प्राधिकृत अथॉरिटी करेगा वह शिकायत सही पाए जाने पर उस गलत मैसेज वाले मोबाइल धारक का न केवल नंबर ब्लॉक कर दिया जाएगा बल्कि मोबाइल सेट को भी ब्लॉक कर दिया जाएगा। इसलिए मेरा मानना है कि यह जानकारी हर आम व खास नागरिक के लिए अतिमहत्वपूर्ण है, और उसे यह जानना भी चाहिए, क्योंकि आज करीब करीब हर व्यक्ति या हर घर में मोबाइल सेट होने की बात को रेखांकित किया जा सकता है। इसलिए आज मैं इस विषय को लेकर आर्टिकल लिखने व रिसर्च कर इसकी जानकारी प्राप्त करने का निर्णय लिया। चूंकि इस कड़ी में चक्षु मोबाइल का कमाल है, क्योंकि इसके आधार पर ही गलत मैसेज व धोखाधड़ी की जानकारी इस प्लेटफार्म पर मिलेगी और सरकार उस सम्बन्धित कंपनी को उस नंबर या मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक करने का आदेश देगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी वह सत्यापन में विफल होनें से जुड़े मोबाइल नंबर और हैंडसेट ब्लॉक करने में दूरसंचार विभाग का एक्शन सराहनीय कार्य है।

## टेक वर्ल्ड

### एलन मस्क ने अप्रैल में भारत में बैन किए लाखों अकाउंट्स

सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स ने अपनी कंप्लायंस रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने भारत में पॉलिसी उल्लंघन को लेकर 184,241 अकाउंट्स बैन किए हैं। ये आंकड़ा 26 मार्च से 25 अप्रैल 2024 के बीच का है। इनमें ज्यादातर अकाउंट बाल यौन शोषण और नॉन कंसेंशुअल नग्नता को बढ़ावा देने वाले थे।एलन मस्क के मालिकाना हक वाला सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स ने अपनी कंप्लायंस रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने भारत में पॉलिसी उल्लंघन को लेकर 184,241 अकाउंट्स बैन किए हैं। ये आंकड़ा 26 मार्च से 25 अप्रैल 2024 के बीच का है। इनमें ज्यादातर अकाउंट बाल यौन शोषण और नॉन कंसेंशुअल नग्नता को बढ़ावा देने वाले थे। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,303 अकाउंट्स को भी हटा दिया। कुल मिलाकर एक्स ने इस अवधि में 185,544 अकाउंट्स पर बैन लगाया। एक्स ने नए आईटी नियम 2021 के कंप्लायंस में अपनी मंथली रिपोर्ट में कहा गया है कि, उसे अपने ग्रीवेंस रिड्रेसल मैकेनिज्म के माध्यम से एक ही सय सीमा में भारत के यूजर्स से 18,562 शिकायतें प्राप्त हुई। इसके अलावा कंपनी ने 118 शिकायतों पर कार्रवाई की जो अकाउंट सस्पेंशन के खिलाफ अपील कर रही थीं। साथ ही कंपनी ने कहा कि, स्थिति की बारिकियों की समीक्षा करने के बाद हमने इनमें से 4 अकाउंट्स के सस्पेंशन को पलट दिया। शेष रिपोर्ट किए गए अकाउंट सस्पेंडेट रहेंगे। हमें इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान अकाउंट्स के बारे में सामान्य सवालों से संबंधित 105 अनुरोध मिले हैं।

**आपका अकाउंट भी हो सकता है बैन**

भारत से अधिकांश शिकायतें प्रतिबंध उल्लंघन इसके बाद घृणित आचरण, संवेदनशील वयस्क सामग्री और दुर्व्यवहार या उत्पीड़न के बारे में थीं।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पहले दिन पहुंचे 20 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री बद्रीनाथ धाम

## धाम में छह महीने से जल रही अखंड ज्योति के हुए दर्शन

**एजेंसी। देहरादून**

वैदिक मंत्रोच्चारण और श्रीबद्री विशाल लाल की जयकारों के साथ रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही पहले दर्शन अखंड ज्योति के हुए। यह छह माह से जल रही है। इसके बाद बद्रीनाथ पर चढ़ा हुआ घी से बना कंबल हटाया गया। जो छह महीने पहले कपाट बंद होने के समय भगवान को ओढ़ाया जाता है। इस कंबल को प्रसाद रूप में बांटा जाएगा। मंदिर के कपाट पिछले साल 14 नवंबर को बंद हुए थे यानी 179 दिन बाद बद्रीनाथ के कपाट खोले गए। बद्रीनाथ धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम हुई। इससे पहले केदारनाथ धाम में भी कपाट खुलने पर पहली पूजा मोदी के नाम हुई थी। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी का देवभूमि



### बाबा बद्रीनाथ ने सुबह दो घंटे दिए बिना श्रृंगार वाले निर्वाण दर्शन

चारधाम तीर्थ पुरोहित पंचायत के महासचिव डॉ. ब्रजेश सती ने बताया कि सुबह छह से आठ बजे तक भगवान के बिना श्रृंगार के दर्शन किए गए, जिसे निर्वाण दर्शन कहते हैं। इसके बाद आठ बजे पहला जलाभिषेक हुआ और पहली पूजा प्रधानमंत्री के नाम से की गई। नौ बजे बालभोग लगाया गया। दोपहर 12 बजे पूर्ण भोजन का भोग लगाया गया।

### बद्रीनाथ मंदिर का धार्मिक महत्व और इतिहास

उत्तराखंड के चमोली जिले में है। ये मंदिर समुद्र स्तर से 3,133 मीटर की ऊंचाई पर बना है। हर साल करीब 10 लाख श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंचते हैं। मंदिर में भगवान विष्णु की बद्रीनारायण स्वरूप की एक मीटर की मूर्ति स्थापित है। इसे श्रीहरि की स्वयं प्रकट हुई आठ प्रतिमाओं में से एक माना जाता है। मान्यता है कि भगवान विष्णु ध्यान करने के लिए एक शांत और प्रदूषण मुक्त जगह की तलाश में यहां पहुंचे थे।

### फूलों की खुशबू से महक उठा बद्रीनाथ धाम

बद्रीनाथ धाम की फूलों से दिव्य सजावट की गई है, जो अलौकिक छटा बिखेर रही है। फूलों की खुशबू से लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। पहले दिन दर्शन के लिए लगभग 20 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे। 11 मई की रात से ही हल्की बारिश होने लगी थी। इससे पहले मौसम विभाग ने 11 से 13 मई तक बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था।

### तीन चाबियों से खुला कपाट का ताला

बद्रीनाथ धाम में मंदिर कपाट का ताला तीन चाभियों से खुला। इनमें एक टिहरी राजदरबार, दूसरी चाबी बद्री-केदार मंदिर समिति के पास और तीसरी चाबी बद्रीनाथ धाम के रावल और पुजारियों के पास होती है, जिन्हें हक-हकूकधारी कहा जाता है।



### परिवार संग केदारनाथ पहुंचीं अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर पहले ही दिन शिल्पा शेट्टी ने केदारनाथ के दर्शन किए। इस दौरान अभिनेत्री के साथ उनकी मां, बहन शमिता शेट्टी और उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। हेलिकॉप्टर से उन्होंने बाबा केदार के दर्शन किए।

# पीओके भारत का है, हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

**एजेंसी। प्रतापगढ़**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है, उसे हम लेकर रहेंगे। मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि इनके पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। राहुल गांधी, आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरते।

अमित शाह महेशगंज स्थित नायर देवी धाम में कौशांबी सी से भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कहा कि विपक्ष को सिर्फ वोटबैंक की चिंता है। शहजादे कहते हैं हम आएंगे तो 370 वापस लाएंगे। कांग्रेस ने 70 साल तक राम मंदिर को लटकाकर रखा। मोदी ने पांच साल में ही मंदिर का भूमिपूजन भी किया और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। सबको निमंत्रण भेजा गया लेकिन कोई प्राण प्रतिष्ठा



में नहीं गया।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के जीतने की कोई संभावना नहीं। उत्तर प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ करना है और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का काम मोदी ने किया। बाबा विश्वनाथ का दरबार भी मोदी ने फिर से बनाने का काम किया। मोदी ही उत्तर प्रदेश का विकास कर सकते हैं। एक-एक वोट मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के काम में आएगा। गृहमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी, तब गरीबों की जमीनों पर गुंडे कब्जा कर लेते थे।

### केजरीवाल ने दी 10 गारंटी बिजली, पानी, रोजगार पर फोकस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव जीतने पर 10 गारंटी पूरा करने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार देने की बात कही। साथ ही जीएसटी और अग्निवीर से मुक्ति दिलाने का भी वादा किया। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता की और 10 गारंटियों का जिक्र किया। पूरे देश में 24 घंटे सातों दिन बिजली जिसमें गरीबों को मुफ़्त बिजली दी जाएगी।

# मोदीमय पटना, पीएम का मेगा रोड शो




**पटना।** राजधानी पटना में रविवार की शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो शुरू हुआ तो लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। हर ओर मोदी-मोदी के नारे गूंज रहे थे। पीएम की उपस्थिति ने पूरे पटना को इलेक्ट्रिफाइड कर दिया था। हर गली, हर चौराहे पर सिर्फ मोदी ही गूंज रहे थे। भट्टाचार्या रोड से शुरू हुए पीएम मोदी के रोड शो में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के साथ बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी पीएम मोदी के रथ पर मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पटना में पहली बार रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के पक्ष में लोगों से वोट की अपील की। तय समय पर पीएम मोदी का काफिला भट्टाचार्या रोड पहुंचा, जहां से वे अपनी गाड़ी छोड़कर भाजपा के रथ पर सवार हुए। पटना में जिस रूट से पीएम का रोड शो गुजरने वाला था वहां लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। पटना के भट्टाचार्य मोड़ से शुरू होकर पीएम मोदी का रोड शो पीरमुहानी, उमा सिनेमा, कदमकुआं, ठाकुरबाड़ी, बाकरगंज होते हुए उद्योग भवन जाकर समाप्त हुई। इस दौरान सड़कों पर की गई बैरिकेडिंग के दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए बेकरार दिखे। कोई मोदी को देख कर 400 पार का नारा लगता तो कोई मोदी-मोदी के नारे लगा रहा था। महिलाओं भी बड़ी संख्या में रोड शो देखने उमड़ीं।

## छत्रपति संभाजीनगर में मिला 39 लाख, 4 लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** छत्रपति संभाजीनगर में चुनाव आयोग की टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से एक मोबाइल की दुकान में बीती रात छापा मार कर 39 लाख रुपये जब्त किये और नोट गिनने की मशीन के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह रकम हवाला के मार्फत लाए गए थे और शहर में बांटे जाने वाले थे। पुलिस टीम मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार छत्रपति संभाजीनगर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव खर्च निरीक्षक को पैठन गेट इलाका स्थित एक मोबाइल की दुकान में चुनाव में पैसे बांटने के लिए पैसे लाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी को चुनाव खर्च निरीक्षक ने पुलिस उपायुक्त नितिन बगाटे को दी।

### आज का राशिफल

**मेष** — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**वृषभ** — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मिथुन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**कर्क** — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

**सिंह** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला** — पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर** — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुम्भ** — स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मीन** — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

### इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत के एक पहाड़ी रिसॉर्ट शहर में एक बस दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस प्रवक्ता ने डीपीए को बताया कि 60 से अधिक लोगों को ले जा रही बस शनिवार शाम पश्चिम जावा के सुबांग में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## यूक्रेनी सेना के हमले में रूस में एक की मौत, कई घायल

**एजेंसी। मॉस्को**

रूस की दक्षिणी सीमा पर बेलगोरोड शहर में एक इमारत पर यूक्रेनी सेना के हमले में एक महिला की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने गोलाबारी के लिए यूक्रेनी सेना को जिम्मेदार ठहराया। हमले की जद में आई इमारत के मलबे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। इनमें से कुछ की



हालत गंभीर बताई जा रही है। इससे पहले यूक्रेन की सीमा पर मिसाइल अलर्ट जारी किया गया था। गौरतलब है कि रूस व यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से ही लड़ाई जारी है। अब तक हजारों लोगों की जानें जा चुकी हैं।

### अफगान सीमा के पास आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के सात सदस्यों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सीमा के पास दो अलग-अलग हमलों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कम से कम सात सदस्यों की मौत हो गई है। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि पहले हमले में वजीरिस्तान प्रांत के दत्ता खेल इलाके में शनिवार को बम डिस्पोजल दस्ते के वाहन को आईईडी से निशाना बनाया गया। विस्फोट के बाद आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में सुरक्षा बलों के पांच सदस्यों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये।

### चीन ने परीक्षण उपग्रह नंबर 23 का सफल प्रक्षेपण किया

**बीजिंग।** चीन ने रविवार सुबह 7 बजकर 43 मिनट पर छ्योछुएं उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च 4सी वाहक रॉकेट का उपयोग कर परीक्षण उपग्रह नंबर 23 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। उपग्रह सुचारू ढंग से पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर चुका है। प्रक्षेपण पूरी तरह सफल रहा।

# इंडोनेशिया में अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हुई



**एजेंसी। जकार्ता**

इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में शनिवार को आई लावा बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई, जबकि कम से कम पांच अन्य लापता हैं। यह जानकारी स्थानीय आपदा एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन की आपातकालीन इकाई के प्रमुख फजर सुकमा ने बताया कि शनिवार शाम को मरापी ज्वालामुखी के ढलान वाले क्षेत्र में बारिश हुई, जिससे तनाह दातार और अगम के रीजेंसी में ठंडी लावा की बाढ़ आ गई। सुकमा ने कहा, अब हताहतों की संख्या 34 है। यह आंकड़ा बढ़ सकता है। खोज और बचाव अभियान जारी है। कम से कम पांच लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन के वरिष्ठ प्रेस अधिकारी मुहरिंडो इदवान ने कहा कि इसके अलावा 16 घायल निवासियों का रीजेंसी के नजदीकी अस्पतालों में इलाज किया गया।

उन्होंने शिन्हुआ को बताया, जहां तक लापता लोगों की बात है, हमने क्षेत्रों में कम से कम दो सूचना केंद्र स्थापित किए हैं। जैसे-जैसे रिपोर्ट आती रहेगी, लापता लोगों की संख्या बदल सकती है। उन्होंने कहा, लावा की बाढ़ रात में आई जब लोग सो रहे थे। कई इमारतें जलमग्न हो गई हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### बांदीपोरा से एक ओवरग्राउंड वर्कर गिरफ्तार हथियार और गोला-बारूद बरामद

**बांदीपोरा।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के वन क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने रविवार को एक ओवरग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किये गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि बांदीपोरा के पथूट वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना के आधार पर सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने एक ओवरग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्टल और गोलियों की खेप भी जब्त की है।



### रियासी में आतंकी ठिकाना ध्वस्त हथियार और गोला-बारूद बरामद

**रियासी।** सुरक्षा बलों ने रविवार को रियासी जिले के एक वन क्षेत्र में एक आतंकी ठिकाना ध्वस्त कर दिया। यहां से सुरक्षाबलों को नौ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और तीन पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को माहौर इलाके के कोट बुधान जंगल में तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता लगाया। यहां सुरक्षाबलों को इलेक्ट्रिक डेटोनेटर से लैस नौ आईईडी और तीन मैगजीन और 20 राउंड के साथ तीन पिस्तौल के अलावा एक किलो विस्फोटक पाउडर, सात विस्फोटक सुरक्षा फ़्यूज, विभिन्न प्रकार की 21 बैटरियां, 50 मीटर बिजली के तार, 15 एके असॉल्ट राउंड बरामद हुए। सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद को अपने कब्जे में लेकर इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया है।



### डीपफेक के शिकार हुए अनूप सोनी

**मुंबई।** एक्टर अनूप सोनी ने रविवार को इंटरनेट पर वायरल हो रहे उनके एक डीपफेक वीडियो के संबंध में चेतावनी जारी की। उनके लोकप्रिय शो क्राइम पेट्रोल की क्लिप को गलत तरीके से दिखाया जा रहा है। वीडियो में एक्टर की एआई-क्लोन आवाज भी है, जिसमें वह लोगों को एक टेलीग्राम ग्रुप में शामिल होने की अपील करते दिख रहे हैं, जो मूल रूप से सट्टेबाजी को बढ़ावा देता है। यह वायरल वीडियो फर्जी है। वीडियो में अनूप की एआई-जनरेटेड आवाज को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ₹एक ऐसे बंदे के बारे में बताने जा रहा हूं, जिसका नाम सुनकर बुकी लोग कांपते हैं क्योंकि इसने बैक-टू-बैक 39 मैच पास दिए हैं। रोहित खट्टर क्रिकेट का सबसे बड़ा फिक्सर है, जो बड़े-बड़े मैच फिक्स करके जेल भी जा चुका है। आईपीएल 2024 में तो इसने अलग ही लेवल का रिकॉर्ड बना दिया है। मैच शुरू होने से एक दिन पहले ही बताएगा की कौन सी टीम मैच जीतेगी। लिंक पर क्लिक करके इसका टेलीग्राम चैनल ज्वाइन करिए। एक्टर अनूप सोनी ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा, यह पूरी तरह से फर्जी है। हम सभी को सतर्क रहना होगा कि चीजों को कैसे और किस हद तक हेरफेर किया जा सकता है। आवाज पूरी तरह से ऐसी लगती है, जैसे मैं ही कह रहा हूं। यहां तक कि वीडियो क्लिप भी 'क्राइम पेट्रोल' की है। कृपया सतर्क रहें।



### पंजाब पुलिस ने ड्रग रैकेट का किया भंडाफोड़ 84 लाख रुपये और कई लग्जरी वाहन जब्त

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 48 किलोग्राम हेरोइन के मामले में गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 हजार रुपये, कई लग्जरी वाहन तथा एक ट्रक जब्त किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी गिरोह में आपूर्तिकर्ता खरीददार और हवाला ऑपरेटरों की भूमिका में थे। पुलिस आयुक्त स्वपना शर्मा ने पुलिस टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, 48 किलोग्राम हेरोइन मामले में तारों को जोड़ते हुए तस्करी से कमाये गये 84 लाख रुपये, लग्जरी वाहनों और एक ट्रक की बरामदगी गिरोह के गिरफ्तार 13 सदस्यों से हुई है। वे ड्रग नेटवर्क में आपूर्तिकर्ता, खरीददार और हवाला ऑपरेटरों जैसी अलग-अलग भूमिकाओं में थे।



### नेपाल के कामारिता शेर्पा ने 29वीं बार एवरेस्ट की चढ़ाई कर बनाया विश्व कीर्तिमान

**काठमांडू।** नेपाल के पर्वतारोही कामारिता शेर्पा ने रविवार सुबह 29वीं बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ कर नया विश्व कीर्तिमान बनाया है। कामारिता ने अपने ही पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए रविवार सुबह 7 बज कर 55 मिनट पर एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ कर नेपाल का झंडा फहराया। सेवेन समिट ट्रेक की तरफ से बयान जारी कर कामारिता के एवरेस्ट शिखर पर पहुंचने की जानकारी दी गई। इससे पहले 28 बार एवरेस्ट समिट कर चुके कामारिता के नाम ही विश्व रिकार्ड था। पिछले वर्ष ही एवरेस्ट का सफल आरोहण करने के बाद इस वर्ष फिर से उन्होंने सफल आरोहण का कीर्तिमान अपने नाम किया है। 1970 में नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में जन्मे कामारिता बहुत ही कम उम्र से एवरेस्ट की चढ़ाई करते आ रहे हैं।



### विज्ञापन अभियानों का श्रेय लेने में मेटा है अति लालची : एलन मस्क

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को कहा कि मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाला मेटा अपने प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन चलाने वाले विज्ञापनदाताओं का श्रेय लेने में अति लालची है। मस्क के एक फॉलोवर ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कई बार उनके विज्ञापनदाताओं ने यह नोटिस किया है कि सभी कन्वर्जन का श्रेय मेटा को चला जाता है, जबकि एक्स में ऐसा कुछ नहीं होता है। जब एक्स पर विज्ञापन को बंद कर दिया जाता है तो मेटा पर किए गए कन्वर्जन सहित कुल कन्वर्जन तेजी से गिर जाता है। इसे समझने के लिए किसी विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है कि क्या चल रहा है। मस्क ने इस पर दिए जवाब में कहा कि हम श्रेय लेने में काफी खराब हैं और मेटा श्रेय लेने में अति लालची है। मस्क के एक अन्य फॉलोवर ने पोस्ट किया, मेटा को अपने मॉडल को लेकर दोबारा से अध्ययन करना चाहिए। विज्ञापनदाताओं को सच बताना चाहिए, जो कि पहले से ही परिणामों में गिरावट महसूस कर रहे हैं।



# चेन्नई ने राजस्थान को हराया, 5 विकेट से जीता मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 61वां मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 विकेट से जीत दर्ज करते हुए प्लेऑफ की राह को मुश्किल होने से बचा लिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की धीमी पारी (41 गेंदों पर 42 रन, एक चौका, 2 छक्के) और साथी खिलाड़ियों की बदौलत 18.2 ओवर में 5 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह (26 रन देकर तीन विकेट) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की अनुशासित गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स की टीम रविवार को यहां धीमी पिच पर पांच विकेट पर 141 रन का स्कोर ही बना सकी। राजस्थान रॉयल्स के लिए फॉर्म में चल रहे रियान पराग धीमे विकेट पर 35 गेंद में नाबाद 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। सीएसके ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया है। सीएसके ने सत्र का 11वां टॉस गंवाया। किसी भी टीम का एक चरण में यह सबसे ज्यादा टॉस गंवाने का रिकॉर्ड है। बल्लेबाजी करने उतरे राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाजों ने तुषार देशपांडे और महेश तीक्ष्णा के खिलाफ शुरूआती दो ओवरों में सतर्क शुरूआत की। पारी का पहला चौका तीसरे ओवर में लगा। राजस्थान के खिलाड़ियों ने पावरपले में एक छक्के सहित केवल छह बाउंड्री लगायी। यशस्वी जायसवाल (21 गेंद में 24 रन) ने यह छक्का लगाया। इससे साफ दिख रहा था कि पिच शायद हिट लगाने के मुफीद नहीं थी।



### 41 गेंदों पर 42 रन

**राजस्थान रॉयल्स की टीम रविवार को यहां धीमी पिच पर पांच विकेट पर 141 रन का स्कोर ही बना सकी।**

**रियान पराग धीमे विकेट पर 35 गेंद में नाबाद 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।**


**चेन्नई सुपर किंग्स :** रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, मोइन अली, शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, सिमरजीत सिंह, महेश थीक्षाना

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (विकेटकीपर/कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल

राजस्थान रॉयल्स ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 42 रन बनाए। 26 साल के सिमरजीत सिंह ने अगले ही ओवर में जायसवाल को आउट करके मेजबान टीम को पहला झटका दिया। सीएसके ने फिर अगले ओवर में स्पिनर रविंद्र जडेजा को गेंदबाजी पर लगाया। लेकिन दूसरा झटका भी सिमरजीत ने ही दिया। नौवें ओवर में जोस बटलर (25 गेंद, 21 रन) डीप फाइन लेग में शॉट लगाने की कोशिश में देशपांडे को कैच दे बैठे। अब स्कोर दो विकेट पर 49 रन था। पराग और कप्तान संजू सैमसन (19 गेंद, 15 रन) अब क्रीज पर थे। पराग को 12वें ओवर में जीवनदान मिला, तब वह 15 रन पर खेल रहे थे। तीक्ष्णा ने उनका कैच छोड़ दिया था।

सैमसन रन गति बढ़ाने में विफल रहे और सिमरजीत ने उनके रूप में अपना तीसरा विकेट हासिल किया। इस तरह सैमसन और पराग के बीच 42 रन की साझेदारी खत्म हुई। 16वें ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 103 रन था। पराग और ध्रुव जुरेल (18 गेंद, 28 रन) ने 17वें ओवर से स्वच्छंदता से खेलने की कोशिश की, लेकिन पिच धीमी होती जा रही थी। अंतिम चार ओवर में सिमरजीत, देशपांडे और शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजी की। पराग जब 36 रन पर थे, उन्हें 19वे ओवर में एक और जीवनदान मिला। समीर रिज्वी उनका कैच छोड़ बैठे। देशपांडे ने अंतिम ओवर में जुरेल और शुभम दुबे को लगातार गेंदों पर आउट किया। सीएसके के लिए सिमरजीत स्टार रहे जबकि जडेजा ने सबसे किफायती गेंदबाजी की।

# केकेआर के बल्लेबाज रमनदीप पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रमनदीप सिंह पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगा है। रमनदीप पर यह जमार्ना आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन की वजह से लगा। आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के रमनदीप सिंह पर 11 मई को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 60वें मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। रमनदीप ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। उल्लेखनीय है कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने शनिवार रात को खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया। बारिश से बाधित यह मुकाबला 16-16 ओवर का हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 16 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई की टीम निर्धारित 16 ओवर में आठ विकेट पर 139 रन ही बना सकी।

## 40 खिलाड़ियों ने दी जिला स्तरीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा


**एजेंसी। मुरादाबाद**

जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि रविवार को जिला स्तरीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा का आयोजन जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अंतर्गत एसबीएस स्कूल बिलारी द्वारा किया गया । परीक्षक के रूप में नेशनल रेफरी अर्जुन थापा तथा प्रकाश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। जिसमें ताईक्वांडो के 40 खिलाड़ियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। यह परीक्षा येलो बेल्ट और ग्रीन बेल्ट के लिए कराई गई। येलो बेल्ट के लिए आयुष्मान शेखावत, दिव्यम सैनी, शिवा सैनी, अयाना खान, जैद इलियास, मुकुल कश्यप, पोशित चौधरी, मोहम्मद फैसल, ईशा अंसारी, मानविक छिल्लर, वंश यादव, जमा अब्बास, भावेश सैनी, हेमंत कुमार, रितिक कुमार, लक्ष्य चौधरी, यशवानी राज लाठर, शावेज आलम, बाजहत ने परीक्षा दी तथा ग्रीन बेल्ट के लिए अयांश प्रजापति, अर्पित सिंह, आजाद दीप, कार्तिक सिंह, आकाश कुमार, वंश कुमार सैनी, जोया अहमद, अंश सैनी, पुलकित शर्मा, सार्थक गुप्ता, अखलाक अहमद, अभिराज चौधरी, प्रवीण सिंह, तनिष्क, जितिन चौधरी, मेधांशी चौधरी, नवील अहमद आदि ने परीक्षा दी।

## ईशा, अनीश ने ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की

**भोपाल।** ईशा सिंह और अनीश भनवाला दोनों ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में क्रमशः महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी3 मैचों में जीत दर्ज करते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की। जहां अनीश ने दिल्ली में इसी स्पर्धा में पहला ट्रायल जीता था, वहीं ईशा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में दूसरा ट्रायल दिल्ली के कर्णी सिंह रेंज में जीता था। रविवार को म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में, ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में अपनी पहली ट्रायल जीत दर्ज की, फाइनल में 43 का स्कोर किया।

# दीक्षा ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल किया था। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में पारूल चौधरी 15 मिनट 10.69 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही जबकि अंकिता ने इसी स्पर्धा में 15 मिनट 28.88 सेकंड का समय लेकर दसवां स्थान हासिल किया। साबले ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 13 मिनट 20.37 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

## गुजरात का 'करो या मरो' मुकाबले में मजबूत केकेआर से सामना

**अहमदाबाद ।** कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। यह हालांकि निश्चित है कि टाइटंस की टीम अगर मगर के समीकरण में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**सिकंदर रजा की 72 रन की अर्धशतकीय पारी**

# जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी। मीरपुर**

ब्रायन बेनेट (70) के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बंगलादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है।

टी-20 विश्वकप 2024 के शुरू होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के मद्देजनर बंगलादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरूआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी। ऐसे में



आज खेले गये सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बंगलादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे की यह जीत शीर्ष टीमों के लिये चेतावनी है कि वह उन्हें हल्के में ना ले। आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बंगलादेश को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बंगलादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया था।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## देश के कई शहरों में सोमवार को बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** देश के कई शहरों में कल यानी सोमवार को बैंक बंद रहने वाले हैं। ऐसे में आपके जरूरी काम अटक सकते हैं। अगर आप बैंक संबंधित किसी काम से जाने वाले हैं तो एक बार छुट्टियों की लिस्ट जरूर चेक कर लें। देख लें कि कहीं सोमवार को आपके शहर में तो बैंक बंद नहीं है। दरअसल लोकसभा चुनावों के चौथे फेज की वोटिंग 13 मई को होनी है, जिसके चलते कई शहरों में बैंक की छुट्टी होने वाली है। पूरे देश में 7 चरणों में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में जिन शहरों में जब मतदान होंगे, वहां बैंकों की छुट्टी होगी। यहां हम आपको बैंकों की छुट्टियों की पूरी लिस्ट देने जा रहे हैं। जिससे आपको किसी तरह की कोई समस्या न हो। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में देश के 10 राज्यों में वोट डाले जाएंगे। यह चौथा चरण कल यानी सोमवार को होना है। सभी मतदानों के मतों की गणना 4 जून को की जाएगी।

**यहां हो रहा मतदान**

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर के कुल 96 सीटों पर मतदान होना है। लोकसभा चुनाव 2024 के चरण 5 में 8 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 20 मई को मतदान होगा। कल यानी 13 मई को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर, फेरी, दौरा, इटावा, कन्नौज, सीतापुर, हरदोई, मिसरिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में सोमवार को वोटिंग होने वाली है. मध्य प्रदेश के देवास, धार, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, खरगोन और खंडवा में कल वोट डाले जाएंगे. महाराष्ट्र के नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड में कल वोट डाले जाएंगे. बिहार के दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर और ओडिशा के कालाहांडी, नबरंगपुर, बहरामपुर और कोरापुट में कल वोट पड़ने वाले हैं।

**मई बैंक अवकाश**

सोमवार, 13 मई, 2024 को, चुनाव के दिन, आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार ने सभी क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह सरकारी निर्देश स्थानीय सरकारों, पंचायत कार्यालयों, केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों और निजी क्षेत्र के व्यवसायों को कवर करता है।

**इन तारीखों पर भी बंद हैं बैंक**

इस महीने यानी 16 मई को राज्य दिवस पर सिक्किम, 20 मई को लोकसभा आम चुनाव 2024 के चलते महाराष्ट्र, 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा पर त्रिपुरा, मिजोरम, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू, लखनऊ, बंगाल, नई दिल्ली, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, श्रीनगर में और 25 मई को लोकसभा आम चुनाव 2024 के चलते त्रिपुरा, उड़ीसा में बैंक बंद रहने वाले हैं।

# कार लोन लेने में लोन अवधि व किस्त की राशि महत्वपूर्ण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज के दौर में कार होना एक लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन गई है। हालांकि, हर किसी के पास कार खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं होते। ऐसी स्थिति में कार फाइनैंस एक अच्छा विकल्प होता है। कार लोन योजना है, जो आपको बैंक या वित्तीय संस्थान से कार खरीदने के लिए पैसे उधार लेने में मदद करती है। इसके बाद लोन की राशि को आप निश्चित अवधि में मासिक किस्त, यानी ईएमआई के रूप में चुका सकते हैं। आप अपनी जरूरतों के अनुसार लोन अवधि और किस्त राशि चुन सकते हैं। चलिए, अब आपको कार लोन से जुड़ीं 5 बेहद खास बातें बताते हैं।



**▶▶ ब्याज दर**

ब्याज दर, यानी इंट्रेस्ट रेड सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। ब्याज दर जितनी कम होगी, उतनी ही कम आपको ब्याज देना होगा। अलग-अलग बैंकों और वित्तीय संस्थानों से तुलना करें और सबसे कम ब्याज दर वाले लोन चुनें।

**▶▶ डाउन पेमेंट**

जितना ज्यादा डाउन पेमेंट होगा, उतनी ही कम लोन की राशि होगी और आपकी मासिक किस्त, यानी ईएमआई भी उतनी ही कम होगी। आपके पास अगर पर्याप्त पैसा है, तो ज्यादा डाउन पेमेंट करना अच्छा विचार है।

**▶▶ लोन की अवधि**

लोन की अवधि जितनी कम होगी, मासिक किस्त उतनी ही ज्यादा होगी। अपनी वित्तीय स्थिति का आकलन करें और एक ऐसी लोन अवधि चुनें, जिसमें आप ईएमआई चुकाने में सक्षम हों।

**▶▶ अतिरिक्त शुल्क**

अडिशनल चार्ज के रूप में प्रोसेसिंग फीस, प्रीपेमेंट फीस जैसे कुछ अन्य शुल्क भी लोन से जुड़े हो सकते हैं। इन शुल्कों के बारे में जानकारी लें और उन्हें अपने लोन के कुल खर्च में शामिल करें।

**▶▶ सही लेंडर का चुनाव**

केवल ब्याज दर के आधार पर ऋणदाता, यानी लेंडर का चुनाव न करें। अन्य शर्तों और सुविधाओं, जैसे कि लोन की पूर्व-भुगतान सुविधा, रोडसाइड असिस्टेंस समेत अन्य लाभों की तुलना भी करें।

ये बातें भी कार लोन के लिए जरूरी

ये बातें भी कार लोन के लिए जरूरी

कार लोन लेने से पहले अपने क्रेडिट स्कोर की जांच करें। अच्छा क्रेडिट स्कोर आपको कम ब्याज दर प्राप्त करने में मदद करेगा। अलग-अलग लोन ऑफर की तुलना करने के लिए ऑनलाइन लोन कैलकुलेटर का उपयोग करें। लोन अग्रीमेंट को ध्यान से पढ़ें और सभी शर्तों को समझें। समय पर ईएमआई का भुगतान करें, जिससे कि आपके लोन पर ब्याज की लागत कम हो सके। इन सबके साथ ही एक जो बात सबसे जरूरी है, वो ये है कि कार लोन एक वित्तीय दायित्व है। इसलिए, लोन लेने से पहले सोच-समझकर फैसला लें और अपनी क्षमतानुसार ही लोन लें।

## तमिलनाडु के अंगूर किसान संकट में, तेज गर्मी से उपज में 80 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट की आशंका



**चेन्नई।** तमिलनाडु के अंगूर किसान निराश हैं। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान उच्च तापमान के कारण अंगूर की पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। राज्य में अंगूर की दो मुख्य किस्में - पन्नीर थिराचाई (मस्कट हैम्बर्ग) और ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर - उगाई जाती हैं। थेनी के किसान के. मुनियंदी ने लगभग 10 एकड़ भूमि पर पन्नीर थिराचाई की खेती की है। उन्होंने आईएएनएस को बताया कि उच्च तापमान के कारण फसल की पैदावार में भारी गिरावट आएगी। आम तौर पर, एक एकड़ में 10-12 टन अंगूर होते हैं। लेकिन तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने के कारण, उपज प्रति एकड़ तीन टन से भी कम होगी। उन्होंने आगे बताया कि एक एकड़ अंगूर की खेती के लिए किसान को करीब 1.25 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यदि पैदावार प्रति एकड़ तीन टन तक गिर जाए तो किसानों की स्थिति दयनीय हो जाएगी। पन्नीर थिराचाई किसान संघ के नेता करुप्पनन राजू ने आईएएनएस से कहा, हमारे लगभग 90 प्रतिशत किसान कम्बम क्षेत्र में फलों की खेती कर रहे हैं। लू के थपेड़ों ने हमारी जिंदगी तबाह कर दी है। करीब 300 किसान पांच हजार एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं और हमें भारी नुकसान की आशंका है। उन्होंने यह भी कहा कि उपज आम तौर पर मिलने वाली पैदावार के 80 प्रतिशत से कम होगी। उन्होंने तमिलनाडु कृषि विभाग से उनके नुकसान के लिए मुआवजा देने का आह्वान किया है। ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर किसानों की भी यही कहानी है। ओडैपट्टी थेनी जिले का एक क्षेत्र है, जहां लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर बीज रहित अंगूर की खेती की जाती है, जिसमें 200 किसान शामिल हैं। अंगूर किसान कृष्णन थेवर ने आईएएनएस को बताया,हम अंधकारमय भविष्य का सामना कर रहे हैं।

## बाजार में आ रही हैं 5 आईपीओ

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते शेयर बाजार में कमाई का मौका है। अगर आप आईपीओ में निवेश करना पसंद करते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। इस सप्ताह बाजार में 5 कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इन आईपीओ में निवेश करके आप अच्छी कमाई कर सकते हैं। इनमें 4 एसएमई आईपीओ और एक मेनबोर्ड आईपीओ है। मेनबोर्ड आईपीओ डिजिट जनरल इंश्योरेंस का है। बीते दिनों भी कई कंपनियों के आईपीओ लॉन्च हुए हैं। इनमें से कुछ में निवेशकों को शानदार मुनाफा हुआ है। हालांकि आप बिना जानकारी के किसी भी आईपीओ में निवेश न करें। किसी भी आईपीओ में पैसा लगाने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## माइक्रोसॉफ्ट-लिंक्डइन के साथ विवाद में ओला सीईओ भावेश के समर्थन में आए दिग्गज टेक कारोबारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले लिंक्डइन की ओर से पोस्ट हटाने के बाद शुरू हुए विवाद को लेकर ओला के संस्थापक और सीईओ भावेश अग्रवाल के समर्थन में भारतीय टेक जगत के कई दिग्गज आए हैं। दरअसल, ओला के सीईओ और लिंक्डइन के बीच विवाद की शुरूआत खराब विशेषण को लेकर हुई थी। लिंक्डइन एआई की ओर से सीईओ के लिए दे और दियर जैसे अंग्रेजी विशेषण का उपयोग किया गया था। कुछ देर बाद लिंक्डइन की ओर से इस पोस्ट को बिना कोई नोटिफिकेशन जारी किए हटा दिया गया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इसे एक कट्टर धार्मिक सिद्धांत के रूप में सबसे अच्छी तरह समझा जाता है जो एक सामाजिक-राजनीतिक आंदोलन के रूप में सामने आता है। ऐड टेक कंपनी अनएकेडमी के सीईओ, गौरव मुंजाल ने भी इसकी काफी आलोचना की। इसके जवाब में ओला सीईओ ने शनिवार को कहा, वे माइक्रोसॉफ्ट अज्योर के साथ क्लाउड सर्विसेज के करार को समाप्त कर रहे हैं और उनकी कंपनी सारा कार्य अपने स्वयं के एआई वेंचर क्रुत्रिम को ट्रांसफर कर रही है। हालांकि, लिंक्डइन और माइक्रोसॉफ्ट की ओर से भावेश अग्रवाल के ब्लॉग पोस्ट पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। अग्रवाल ने आगे कहा कि वे घरेलू डेवलपर्स के साथ मिलकर डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) सोशल मीडिया फ्रेमवर्क बनाने को लेकर काम करेंगे और इसकी कम्युनिटी गाइडलाइंस भारतीय कानून होनी चाहिए।

# चंपाई नाममात्र के सीएम, कल्पना सुपर सीएम : सीता सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने देवर बसंत सोरेन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को निशाने पर लिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री के लिए भी चिंता जाहिर की है। साथ ही झामुमो में उपेक्षा किए जाने का आरोप भी दोहराया। सीता सोरेन ने कहा कि चम्पाई सोरेन को नाममात्र का मुख्यमंत्री बनाकर रखा गया है। उनकी बजाय कल्पना सोरेन को अधिक महत्व है। कल्पना का झामुमो पार्टी में भी कोई पद या स्थान नहीं है। बावजूद इसके उनको मुख्यमंत्री से बड़ा प्रोजेक्ट किया जा रहा है और वही सुपर सीएम के तौर पर फैसले ले रही हैं।

## मेरे पति ने खून से सींचा है पार्टी

सीता ने कहा कि जिस पार्टी की नींव को उनके पति दुर्गा सोरेन ने खून से सींचकर मजबूत किया, जिस झारखंड के विकास और उत्थान के लिए उन्होंने जान तक न्योछावर कर दी, उस पार्टी में उन्हें मिलने वाले अधिकारों के नाम पर सिर्फ और सिर्फ सांत्वना तथा चुप रहने की हिदायत दी गई। इतना ही नहीं 14 साल एक पार्टी में समर्पित भाव से रहने के बाद भी पहले तो जनता के बीच जाने और काम करने से रोका गया फिर हमें खतरा मानकर आगे बढ़ने से रोकने के लिए अनेकों षड्यंत्र रचे गए। उल्लेखनीय है कि सीता सोरेन जामा से झामुमो की विधायक रह चुकी हैं। वे शिबू सोरेन परिवार की बहू हैं। परिवार और पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाकर उन्होंने झामुमो को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया था। अभी हाल ही में वे झामुमो के अध्यक्ष और ससुर शिबू सोरेन से मिली थीं। तब उन्होंने कहा था कि परिवार को कोई छोड़ नहीं सकता। इसके बाद उनकी घर वापसी के कयास लगाए जाने लगे थे।

**देवर बसंत सोरेन के झूठ का पर्दाफाश करने के बाद अब देवरानी पर साधा निशाना**



# भगवान राम को नकारने और सरना कोड रिजेक्ट करने के मामले में माफी मांगे खरगे : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से झारखंड दौरे पर कई सवाल करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। रविवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आदिवासी और ओबीसी समाज को अपमानित करने का इनका पुराना रिकॉर्ड रहा है।**

## सरना धर्म कोड को कांग्रेस सरकार ने किया था रिजेक्ट

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल ने सरना धर्म कोड पर भी कांग्रेस को घेरते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे से जानना चाहा कि जब तत्कालीन भाजपा सांसद सुदर्शन भगत ने 22 अगस्त, 2013 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और आदिवासी कल्याण मंत्री से पत्र लिखकर सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग की थी। तब तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को जवाब देते हुए कहा था कि सरना धर्म कोड लागू करना प्रैक्टिकल नहीं है। अलग सरना कोड देने से ऐसे सैकड़ों अन्य मांग दूसरे धर्म में भी हो सकता है। आज कांग्रेस सरना धर्म कोड लागू करने की मांग करने का नाटक कर रही है। जबकि इनकी ही सरकार ने इसे रिजेक्ट किया था।



## राम मंदिर के शुद्धिकरण पर मांगें माफी

प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर का शुद्धिकरण करने की बात को कहकर कांग्रेस के आदिवासी और ओबीसी विरोधी नीति को उजागर करता है। एक आदिवासी बेटी राष्ट्रपति पद पर और एक पिछड़ा समाज से प्रधानमंत्री इनको पच नहीं रहा है। इसके कुछ दिन बाद ही कांग्रेस नेता नान पटोले ने मंदिर के शुद्धिकरण की बात कही है।

## राम के अस्तित्व को कांग्रेस ने नकारा

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यूपीए की तत्कालीन सरकार ने 13 सितंबर, 2007 में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अस्तित्व को सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके नकारा था और रामायण को एक काल्पनिक ग्रंथ बताया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस मुद्दे पर भी अपनी झारखंड यात्रा के दौरान माफी मांगनी चाहिए। इससे रामभक्तों की भावना आहत हुई है।

## मंत्री आलमगीर आलम से इस्तीफा मांगे मल्लिकार्जुन

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के सहायक के घर से 30 करोड़ रुपए की रिकवरी ईडी ने की थी। अब ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को 14 मई को बुलावा भी भेजा है। प्रथम दृष्टया सारे तार आलमगीर आलम से ही जुड़े दिखते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे को इस मुद्दे पर अपनी खामोशी तोड़ना चाहिए और जांच पूरी होने तक आलमगीर आलम से इस्तीफा लेना चाहिए। प्रतुल ने कहा कि पूरी गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है,जिसके कारण ही पूर्व मुख्यमंत्री भी जेल जाना पड़ा है।

## मतदान से एक दिन पहले बड़ी संख्या में युवा भाजपा में शामिल

**चाईबासा।** मतदान से ठीक एक पहले सिंहभूम लोकसभा के चाईबासा में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। सभी को भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने फूल-माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। गीता कोड़ा ने कहा कि ये सभी युवा पीएम नरेंद्र मोदी जी के जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर चाईबासा और ग्रामीण क्षेत्र के नजवान युवक मो. शहजादा, मो. शमीम, मो. इमदाद, मो.अली हुसैन, मो.अनीश,मो. शाहबाद कुरैसी, मो. बंटी,मो. सदाम्भ हुसैन, मो. छोटू,रमेश प्रजापति, बादल प्रजापति,मो. काशीब, निरल देवगम, भीरू देवगम, महंती देवगम, नरेश देवगम शामिल हुए । गीता कोड़ा ने कहा कि चुनाव की इस घड़ी में आप सभी के भारतीय जनता पार्टी में आने से मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि इस बार सिंहभूम सीट में निश्चित रूप से कमल फूल खिलेगा, आप सभी युवक अभी से जाकर जनता को मोदीजी के किये गए जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बतावें और उन्हें कल के चुनाव में कमल फूल निशान के 1नंबर बटन दबाकर मोदीजी के हाथ को मजबूत कर देश को विघटनकारी तत्वों से बचाने पर अपना भागीदारी निभाएं।

# न्यूज बॉक्स

## डिस्पैच सेंटर नहीं पहुंचनेवाले 36 मतदान कर्मियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**रांची।** खूंटी और लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के लिए रविवार को रांची जिला अंतर्गत तमाड़ और माण्डर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इस दौरान कई मतदानकर्ती अनुपस्थित थे, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 303 एवं माण्डर विधानसभा क्षेत्र के 430 मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इनमें 36 मतदान कर्मी अनुपस्थित थे, जिनके खिलाफ निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कार्रवाई के आदेश दिये हैं। अनुपस्थित रहनेवाले मतदानकर्मियों को कारण पृच्छा समर्पित करने का आदेश जारी किया गया है, स्वीकार्य योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## यशस्विनी को राजद प्रत्याशी समझ कर संगठन के लोग सहयोग करें : गौतम सागर राणा



**रांची।** रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति की एक बैठक रविवार को संयोजक राजेश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा मौजूद रहे । बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति के मनोनीत सभी सदस्य रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में लोकसभा के सभी 6 विधानसभा वार आमसभा, नुक्कड़ सभा एवं रोड शो करेंगे । बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार न समझकर उन्हें राजद प्रत्याशी समझ कर सहयोग करने की जरूरत है । इसी फॉमूर्ले पर सभी साथियों को चुनाव में काम करने का संकल्प लिया जाना चाहिए । राणा ने कहा कि राजद प्रमुख लालू यादव ने राज्य में चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाकर मुझे बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। हम 10 दिन पलामू में चुनाव प्रचार कर आए हैं । बाकी आगामी दिनों में भी राजद की ओर से राज्य के सभी गठबंधन प्रत्याशियों को सहयोग करने का काम करेंगे ।

## तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को किया गया रवाना

**रांची ।** खूंटी और लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के लिए रविवार को रांची जिला के तहत तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से निवार्ची पदाधिकारी रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इस दौरान कई मतदानकर्ती अनुपस्थित थे, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 303 एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र के 430 मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इनमें 36 मतदान कर्मी अनुपस्थित थे, जिनके खिलाफ निवार्ची पदाधिकारी ने कार्रवाई के आदेश दिये हैं। अनुपस्थित रहनेवाले मतदानकर्मियों को कारण पृच्छा समर्पित करने का आदेश जारी किया गया है, स्वीकार्य योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। निवार्ची पदाधिकारी ने सभी मतदानकर्मियों को रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान के लिए होनेवाले डिस्पैच के लिए 06:30-7:00 बजे के बीच डिस्पैच सेंटर पहुंचने का निर्देश दिया गया है, ताकि पोलिंग पार्टियां समय पर अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों तक पहुंच सकें।



# पहले चरण के मतदान में जनता पीएम मोदी के काम का जवाब देगी : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश में चौथे और झारखंड के पहले चरण में होने वाले चार लोकसभा क्षेत्रों के मतदान में जनता पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ होगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड की भोली भाली जनता को जिस तरह से मोदी सरकार ने पिछले एक दशक से ठगा है उसका जवाब उन्हें कल के प्रथम चरण के चुनाव में जनता जरूर देगी। यहां के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों सहित समाज के अन्य वर्ग के साथ जिस तरह से सौतेला व्यवहार केंद्र सरकार ने किया है उसका परिणाम भुगतने का समय आ गया है। सरना धर्म कोड के मामले में,वनों पर अधिकार के मामले में, जिसकी जितनी भागीदारी है उसकी उतनी हिस्सेदारी के मामले में जनता अपना भरपूर समर्थन खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को देगी और यह सारी लोकसभा सिटे इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनता ने अपने मुद्दों का चुनाव कर लिया है और उन्ही मुद्दों पर अपने मत का प्रयोग करेगी। भाजपा के चंदा दो धंधा लो,वोटो के ध्रुवीकरण की कोशिश, बड़े औद्योगिक घरानो की कर्ज माफी, किसानों के आंदोलन के दौरान किसानों की मौत को जनता भूली नहीं है। कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी को सामने रखकर देश के युवा, महिला,किसान अपने मत का प्रयोग खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के सिंहभूम में झामुमो और पलामू में राजद की उम्मीदवार के पक्ष में अवश्य करेंगे।

## पोलिंग पार्टियों को उनकी जिम्मेदारी समझाते डीसी









# मतदान के लिए छुट्टी लेकर घर वापस आ रहे प्रवासी वोटर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अम्बाटीकर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लातेहार बाजार, राजकीय बुनियादी विद्यालय, धर्मपुर और मनिका के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नामुदाग, स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लिया। चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। इसे लेकर लातेहार जिले के मतदाताओं में काफी उत्साह है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र के स्थल निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया एवं पूरे उत्साह से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। साथ ही बीएलओ से वहां की तैयारियों को जाना। उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्र जागरूकता समूह, अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़वाकर वेरिफाई कराया। लातेहार जिले के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों पर तैयारी की मामूली कमियों को दूर करने तथा एएसडी सूची की त्रुटियों में सुधार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण का भी आंकलन किया। कई मतदान केन्द्रों पर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण पूरा कर लिया गया था। कुछ मतदान केन्द्रों के बचे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से मतदान के लिए अपील की।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष वोटरों ने ली मतदाता शपथ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। के. रवि कुमार ने इस क्रम में वालेंटियर एवं रसोईया से बातचीत की। उनके दायित्वों को जाना और उन सभी का उत्साहवर्धन किया। लातेहार एवं मनिका के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया था। वहां बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इन सभी में मतदान को लेकर काफी उत्साह था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि राज्य से बाहर प्रवास कर रहे मजदूर वर्ग के लोग भी अपने मताधिकार के इस्तेमाल के लिए घर वापस आये हुए हैं। उन्होंने वैसे प्रवासी वोटरों को मतदान के लिए छुट्टी लेकर घर वापस आने के लिए आभार व्यक्त किया।

## पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गांधी इंटर कॉलेज, लातेहर स्थित पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां सर्विस वोटर, आवश्यक सेवा से जुड़े वोटर द्वारा पोस्टल बैलेट से किये जा रहे मतदान से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही जिले में दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं की होम वोटिंग कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी-सह-नगर पंचायत पदाधिकारी राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# पृष्ठ एक के शेष

**चार सीटों पर 45 प्रत्याशियों के भाग्य का...**

वोटिंग कराएंगे। 7 बूथों की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर होगी। शाम पांच बजे तक के वोटिंग की रिपोर्ट 5:30 बजे तक आ जाएगी। अगले दिन स्क्रुटनी के बाद रात 12 बजे तक फाइनल डेटा ऐप पर दिखेगा। जबकि वोटों की गिनती चार जून को की जायेगी। मतदान में भाग लेने के लिए चुनाव आयोग ने सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। निजी प्रतिष्ठानों को भी कर्मचारियों सवैतनिक अवकाश देने का निर्देश जारी किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के अनुसार पहले चरण के चुनाव में 9874 वीवीपैट, 9114 सीयू और 9114 बीयू का इस्तेमाल होगा।

**बूढ़ा पहाड़ के आठ बूथों के...**

जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैज सेंटर से बस द्वारा चियांकी हवाई अड्डा भेजा गया। वहां से सभी को हेलीकाप्टर में बैठाकर ले जाया गया। इसे लेकर मतदानकर्मी उत्साहित दिखे। कुछ कर्मी पहली बार हेलीकाप्टर पर सवार होकर मतदान कराने के लिए जा रहे थे। बतातें कि बूढा पहाड़ को कुछ वर्ष पहले नक्सलियों से मुक्त कराया गया है। यहां बने मतदानकेन्द्रों तक जाने के लिए सड़क का अभाव है। बाइक या फिर पैदल यहां तक पहुंचा जाता है। सड़क का अभाव रहने एवं संवेदनशील बूथ होने के कारण यहां मतदानकर्मियों को भेजने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद ली गयी।

**दिव्यांग मतदानकर्मियों में दिखा उत्साह...**

के लिए निकल रहे थे। इसी तरह गणेश दूसरी की बाइक पर बैठकर आए। लाठी के सहारे नीचे उतरे। उनकी दिव्यांगता 45 प्रतिशत थी। प्रजाइडिंग ऑफिसर रिंकू कुमार पैर से 50 प्रतिशत दिव्यांग थे, जबकि अरूण भी 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग बताए गए।

**पोलिंग पार्टी व सुरक्षा बल...**

सबसे अधिक लोहरदगा में 15 और सबसे कम खूंटी में 7 प्रत्याशी हैं। इनमें 36 पुरुष और 9 महिलाएं हैं।

**45 प्रत्याशी और 64 लाख से...**

कड़े इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बुथों पर अर्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती की गई है।

**झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम...**

आलम के फ्लैट से 32.20 करोड़, संजीव लाल की पत्नी की कंपनी में पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 2.93 करोड़, संजीव लाल के घर से 10.50 लाख और एक कांट्रैक्टर राजीव सिंह के फ्लैट से दो करोड़ रुपए मिले। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को 7 मई को गिरफ्तार भी कर लिया था। उन्हें छह दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इन्हें रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो आवेदन दिया गया था, उसमें कहा गया था कि झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में 15 प्रतिशत की दर से वसूली होती है। संजीव लाल टेंडर मैनेज कर कमीशन वसूलता है और इस रकम का बड़ा हिस्सा बड़े अफसरों और राजनेताओं तक जाता है।

**विस्फोट में तीन बच्चों सहित...**

उम्र 13 वर्ष, वारिश आलम 10 वर्ष,साजिद अंसारी 10 वर्ष, इस्तेयाक उर्फ मोटू 45 वर्ष,घायलो में अफसाना खातून उम्र 19 वर्ष,रोकशाना खातून उम्र 16 वर्ष,मरियम बीबी उम्र 35 वर्ष,माजिद अंसारी उम्र 8 वर्ष शामिल है।






# बंगाल में चल रहा है वोट जिहाद : मोदी

**एजेंसी। कोलकाता**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के प्रचार के सिलसिले में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने उत्तर 24 परगना के बैरकपुर संसदीय क्षेत्र के भाटपाड़ा में अपनी पहली जनसभा की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में वोट जिहाद चल रहा है। तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक की ओर से हिंदू समुदाय को दी गई धमकी का जिक्र करते हुए कहा कि तृणमूल के विधायक हिंदुओं को भागीरथी नदी में बहाने की धमकी दे रहे हैं। बैरकपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस व तृणमूल पर खूब निशाना साधा। कहा कि बंगाल में इस बार एक अलग ही माहौल है। कुछ अलग ही होने जा रहा है। आजादी के 50-60 सालों तक कांग्रेस परिवार ने ही सरकारें चलाई हैं। कांग्रेस शासन में पूर्वी भारत को गरीबी और पलायन मिला। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश में अपार खनिज संपदा है। कोयले के भंडार इन राज्यों में भरे पड़े हैं। किसी राज्य के पास समुद्र की ताकत है। ब्लू इकोनॉमी और पोर्ट की ताकत है। किसी के पास अथाह उपजाऊ भूमि है। किसी के पास पर्यटन के लिए पूरे देश में सबसे ज्यादा क्षमता है। बावजूद इसके कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने पूर्वी भारत को पिछड़ा ही छोड़ दिया। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में तृणमूल सरकार राम का नाम नहीं लेने देती, राम नवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस और लेफ्ट के लोगों ने भी राम मंदिर के विरूद्ध मोर्चा खोल रखा है। पीएम मोदी ने कहा कि क्या टीएमस, कांग्रेस और लेफ्ट के हाथ में महान देश सौंपा जा सकता है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी अलायंस के लोग कहते हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। इन लोगों ने बंगाल में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। तुष्टीकरण की जिद्द में इंडी गठबंधन एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण भी छीनना चाहता है। ये लोग कह रहे हैं कि आरक्षण अब मुसलमानों को दिया जाए। वो भी आधा-अधूरा या थोड़ा सा नहीं, बल्कि पूरा का पूरा आरक्षण मुसलमानों को दिया जाए।



## पीएम ने की भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात, भावुक कर देने वाला वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव के तहत अलग-अलग जगहों पर रैलियों को संबोधित किया। इसी बीच पश्चिम बंगाल से पीएम मोदी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मंच से उतरने के बाद भाजपा के कई कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। 1.35 मिनट का यह वीडियो भावुक कर देने वाला है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी रैली को संबोधित करने के बाद महिला और अन्य कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। इसी दौरान महिला कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी को देख हाथ जोड़कर अभिवादन करती हैं। वहीं, एक महिला कार्यकर्ता पीएम मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लेने की कोशिश करती हैं। लेकिन, पीएम मोदी महिला कार्यकर्ता को ऐसा करने से रोकते हैं और खुद झुककर उन्हें प्रणाम करते हैं। इसके बाद पीएम मोदी महिला कार्यकर्ता को आशीर्वाद देते हैं। सभी महिला कार्यकर्ता पीएम मोदी को देखकर भावुक हो जाती हैं और उनके सामने झुककर प्रणाम करती हैं। पीएम मोदी महिला कार्यकताओं को ऐसा करने से रोकते हैं। इस दौरान महिला कार्यकर्ता 'हर घर मोदी' के नारे भी लगाती हैं। पार्टी के अन्य कार्यकर्ता पीएम मोदी से मिलने के बाद इस कदर इमोशनल हो जाते हैं कि उनकी आंखों से आंसू छलक पड़ते हैं। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपना अनुभव शेयर किया। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद महिला कार्यकर्ता ने कहा कि मैं खुशनसीब हूं कि मैं उनसे सामने से मिल पाई। पीएम मोदी से पहली बार मिलने को लेकर मैं बहुत नर्वस थी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी की उनकी अच्छे से बात भी हुई। इससे पहले हुगली रैली में पीएम मोदी को मदर्स डे पर शख्स ने उनकी मां हीराबेन की पेंटिंग दी। जब पीएम मोदी रैली को संबोधित कर रहे थे, तभी, उनकी नजर भीड़ में खड़े दो लोगों पर पड़ी। उनके हाथ में पीएम मोदी की मां की पेंटिंग थी। पीएम मोदी मंच से कहते हैं कि आप इतने प्यार से पेंटिंग लेकर आए हैं और वो भी मेरी मां का चित्र बनाकर लाए हैं। हम भारत के लोग तो 365 दिन मां की भी पूजा करते हैं, दुर्गा मां और काली मां की भी पूजा करते हैं और भारत माता की भी पूजा करते हैं।



## मां हीराबा की पेंटिंग बनाकर लाए शख्स से पीएम मोदी ने कहा, हम भारत में 365 दिन मां की पूजा करते हैं

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हुगली में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। वहीं, पीएम मोदी की रैली में अनोखा नजारा भी देखने को मिला। दरअसल, जब पीएम मोदी रैली को संबोधित कर रहे थे, तभी, उनकी नजर हजारों की भीड़ में खड़े दो लोगों पर पड़ी। जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी मंच से कहते हैं कि यहां दो सज्जन कोने में पेंटिंग बनाकर लाए हैं और कब से हाथ ऊपर करके खड़े हैं। आपके हाथों में दर्द हो जाएगा। लेकिन, आप इतने प्यार से पेंटिंग लेकर आए हैं और वो भी मेरी मां का चित्र बनाकर लाए हैं और पश्चिम की दुनिया आज 'मदर्स डे' मना रही है। हम भारत के लोग तो 365 दिन मां की भी पूजा करते हैं, दुर्गा मां और काली मां की भी पूजा करते हैं और भारत माता की भी पूजा करते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, मैं अपने एसपीजी कमांडो से कहूंगा कि दोनों लोग जो मेरी मां का चित्र बनाकर लाए हैं, उनसे वह पेंटिंग लेकर मुझे दे दें। मंच से पीएम मोदी ने दोनों से अपना नाम और पता पेंटिंग के पीछे लिखने को भी कहा। उन्होंने कहा, मैं जरूर आपको चिट्ठी लिखने का प्रयास करूंगा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने दोनों लोगों का आभार भी व्यक्त किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है और यूजर्स पीएम मोदी की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। इससे पहले तेलंगाना के महबूबनगर में पीएम मोदी का दिव्यांग बहनों के लिए अनोखा प्रेम दिखाई दिया था।













मतदान अधिकारी रविवार को बरहामपुर, ओडिशा के सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज में चौथे चरण के आम चुनाव के लिए आवश्यक ईवीएम व अन्य चुनाव संबंधी सामग्री ले जाते हुए।



रविवार को रांची में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की पूर्व संध्या पर ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री के साथ मतदान अधिकारी झारखंड के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होते हुए।




श्रीनगर में लोस चुनाव के चौथे चरण की पूर्व संध्या पर मतदान अधिकारी और सुरक्षाकर्मी चुनाव सामग्री के साथ अपने संबंधित मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान करते हुए।

# देश ने तय कर लिया है, 'अबकी बार 400 पार' से आएंगे मोदी : जयराम



**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अभी देश में चुनाव चल रहे हैं। लेकिन, देशवासियों ने तय कर लिया है कि अबकी बार 400 पार। अभी चुनावी परिणाम आने में लंबा समय है। लेकिन, दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों में होड़ मची है कि शपथ ग्रहण के बाद नरेंद्र मोदी सबसे पहले उनके देश में आएं। उन्होंने कहा कि यह देश की राजनीति में पहली बार हो रहा है कि किसी नेता के प्रति समय के साथ-साथ भरोसा बढ़ता जा रहा है। प्रो-इनकम्बेंसी की लहर चल रही है। हर बार के चुनाव में देश के लोग नरेंद्र मोदी को और ज्यादा स्नेह और समर्थन देते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया है। देश के लोग आज सोचते हैं कि ऐसा नेतृत्व हमें पहले क्यों नहीं मिला। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहते हैं कि चलते संस्थान बंद करना भी हिम्मत का काम है। 10 हजार युवाओं को एक झटके में नौकरी से निकाल दिया। इसी चौड़ा मैदान में हजारों युवा महीनों तक बर्फ और बरसात में अनशन करते रहे। अपनी नौकरी के परिणाम जारी करने के लिए इस चौड़ा मैदान पर महीनों डेरा डाला। लेकिन, सरकार ने धरना देने पर ही रोक लगा दी। प्रदेश सरकार बहुमत खो चुकी और जनता की नजर में भी गिर गई है। जिस तरह से कांग्रेस का विलोपन हो रहा है, आने वाले समय में कांग्रेस खोजे नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमने बिना कोई गारंटी दिए महिलाओं का किराया आधा किया, बिजली और पानी का बिल माफ लिया। हिमकेयर से 5 लाख का निशुल्क इलाज दिया, सहारा योजना दी, दुख इस बात का है कि गारंटी देने वाली सरकार ने यह सभी सुविधाएं बंद कर दी है। कांग्रेस इसी तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगों की बारी है, ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करिए। सड़कों, अस्पतालों, स्कूलों का काम रुका पड़ा है। हिमकेयर से इलाज रुक गया है। पेंशन रुक गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के कार्यकाल में भारत ने एक ऐतिहासिक विकास यात्रा देखी, आने वाले समय में यह यात्रा इसी तरह से जारी रखने के लिए पीएम मोदी को हिमाचल से भारी संख्या में समर्थन देना है। केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजनाओं के चलते हिमाचल की स्थिति पूरी तरह बदल गई है।

## पीएम मोदी रोड शो करें या एयर शो, बिहार की जनता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा : तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी रोड शो करें या एयर शो, बिहार की जनता पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी 8 से 9 बार बिहार आ गए हैं। लेकिन, वो बताएं कि बिहार के अगले पांच साल को लेकर उनका क्या विजन है? वो बिहार को लेकर कैसे आगे बढ़ेंगे। बिहार ने 40 में से 39 सांसद पीएम मोदी को दिए, बीते इन दस सालों में क्या हुआ? उन्होंने आगे कहा कि नौकरी के एजेंडे ने प्रधानमंत्री मोदी को सड़क पर ला दिया है। उनके पास 34 साल के नौजवान के सवालों का जवाब नहीं है। वह बताएं कि बीते दस सालों में कौन सा कारखाना लगा, कितना निवेश आया, महंगाई क्यों नहीं खत्म हुई, बिहार से पलायन क्यों नहीं रुका। उनके पास इसको लेकर क्या मास्टर प्लान है।

# संदेशखाली पर झूठ फैलाने के बजाय पीएम को राज्यपाल को बदलना चाहिए : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संदेशखाली मुद्दे पर झूठ फैलाने के बजाय पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बदल देना चाहिए। रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पार्थ भौमिक के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा,"प्रधानमंत्री संदेशखाली मुद्दे पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री का प्रतिनिधि कोलकाता के राजभवन में है। महिलाएं वहां जाने से डरती हैं। राज्यपाल के कुछ



कार्यों के संबंध में आई खबरों के कारण मैं भी राजभवन में प्रवेश नहीं कर सकती। मैं संवैधानिक संकट का सामना कर रही हूं। इसलिए प्रधानमंत्री को राज्यपाल सीवी आनंद बोस को बदल देना चाहिए। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए संदेशखाली में कुछ महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायतों को वापस लेने का जिक्र किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, संदेशखाली में अब एक नया खेल चल रहा है। तृणमूल के 'गुंडे' प्रदर्शनकारी महिलाओं को अपनी शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे हैं, क्योंकि मामले का मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां है। तृणमूल कांग्रेस उसे क्लीन चिट देना चाहती है। राज्य सरकार शुरू से ही उसे बचाने की कोशिश कर रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com